

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 254 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 23 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


### TMC में सियासी घमासान: ममता बनर्जी को अध्यक्ष पद से हटाने और नई कार्यकारिणी के दावे ने मचाई हलचल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में कथित आंतरिक विवाद के बीच संगठनात्मक स्तर पर बड़े बदलाव के दावे सामने आए हैं। बागी गुट की एक बैठक में पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी को पद से हटाने और नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि इस पूरी प्रक्रिया को लेकर आधिकारिक रूप से पार्टी की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार, कोलकाता में आयोजित एक विशेष बैठक में असंतुष्ट नेताओं ने संगठनात्मक ढांचे में बदलाव का दावा किया है। इस बैठक में पूर्व मंत्री अरूप रॉय को "ऑल इंडिया चेयरमैन" नियुक्त किए जाने की घोषणा भी की गई। साथ ही 20 सदस्यीय वर्किंग कमेटी के गठन की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया गया। बागी गुट के अनुसार, इस प्रस्ताव पर उपस्थित नेताओं ने सहमति जताई और इसे मंजूरी दी गई।

### मावसिनराम में 24 घंटे में 530 मिमी वर्षा, अगरतला में जलभराव; शिलांग-डावकी राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा क्षतिग्रस्त

# पूर्वोत्तर में बारिश का कहर,

## असम-मेघालय समेत सात राज्यों के लिए IMD का अलर्ट

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में आगामी दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 28 जून तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में व्यापक स्तर पर वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही 22 जून से 26 जून के बीच कई स्थानों पर गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की आशंका भी जताई गई है।

आईएमडी के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी इस अवधि के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। वहीं नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के विभिन्न क्षेत्रों में भी आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा दर्ज किए जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।



रविवार को मेघालय और त्रिपुरा के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में 24 घंटे के दौरान 102.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। कई सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

मेघालय में भी बारिश ने नए रिकॉर्ड कायम किए हैं। पूर्वी खासी हिल्स जिले के विश्व प्रसिद्ध वर्षा क्षेत्र मावसिनराम में 24 घंटे के दौरान 530 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, मावसिनराम में एक ही रात में हुई यह बारिश राजस्थान के जोधपुर या बीकानेर जैसे शहरों में छह महीने से अधिक समय में होने वाली कुल वर्षा के बराबर है। इसके अलावा आर-केएम सोहरा में 470 मिमी तथा मावकिरवाट में 390 मिमी बारिश दर्ज की गई।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार शेला में 100 मिमी, विलियमनगर और मावरिंगक्नेंग में 90-90 मिमी, जोवाई में 80 मिमी तथा बारापानी और रताछेरा में 70-70 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। लगातार हो रही बारिश के कारण शिलांग को भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित डावकी से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है और प्रशासन मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है।

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 7 जून को पूर्वोत्तर भारत के बड़े हिस्से में पहुंचा था, जो सामान्य तिथि से लगभग दो दिन देरी से था। हालांकि मानसून के सक्रिय होने के बाद पूरे क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है, जिससे सामान्य अथवा सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद बढ़ गई है। वर्तमान में मानसून पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों, जिनमें सिक्किम भी शामिल है, को पूरी तरह कवर कर चुका है।

आईएमडी अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2025 में मानसून 26 मई को ही पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में पहुंच गया था, जबकि इस वर्ष इसका आगमन अपेक्षाकृत देर से हुआ। इसके बावजूद मौजूदा मौसमीय परिस्थितियां मानसून के लिए अनुकूल बनी हुई हैं और अगले कुछ दिनों में इसके और मजबूत होने की संभावना है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों में इस वर्ष सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की जा सकती है। अधिकारियों का कहना है कि यद्यपि देश के कुछ हिस्सों में 'अल नीनो' के प्रभाव को लेकर आशंकाएं जताई जा रही हैं, लेकिन पूर्वोत्तर भारत के पहाड़ी और वनाच्छादित क्षेत्रों पर इसका असर अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है। क्षेत्र की विशेष भौगोलिक बनावट, घने वन और अनुकूल जलवायु परिस्थितियां बड़े मौसमीय प्रभावों के असर को कम करने में मदद करती हैं, जिससे यहां मानसून की स्थिति देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक स्थिर बनी रहती है।

## सोने-चांदी में लौटी तेजी, एमसीएक्स पर दोनों कीमती धातुओं में 1 फीसदी तक उछाल

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों में मजबूती देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में दोनों कीमती धातुओं के भाव में एक प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई।



एमसीएक्स पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना अपने पिछले बंद भाव 1,47,203 रुपये प्रति 10 ग्राम के मुकाबले गिरावट के साथ 1,45,110 रुपये पर खुला। हालांकि निचले स्तरों पर खरीदारी बढ़ने से इसमें तेजी लौट आई और शुरूआती कारोबार में यह 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,48,180 रुपये के उच्च स्तर तक पहुंच गया। खबर लिखे जाने तक सुबह करीब 10:54 बजे सोना 849 रुपये यानी 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,48,052 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

वहीं जुलाई डिलीवरी वाली चांदी में भी मजबूत उछाल देखने को मिला। चांदी 2,33,185 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले बंद स्तर से 3,903 रुपये की बढ़त के साथ 2,37,088 रुपये पर खुली। शुरूआती कारोबार के दौरान यह 2,37,106 रुपये प्रति किलोग्राम के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गई। खबर लिखे जाने तक चांदी 2,715 रुपये यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,35,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार एमसीएक्स गोल्ड में शुरूआती गिरावट के बाद मजबूत खरीदारी देखने को मिली, जिससे कीमतें 1,48,000 से 1,48,400 रुपये के रेजिस्टेंस जोन तक पहुंच गईं। यदि सोना इस स्तर के ऊपर टिकता है तो इसकी कीमतें 1,49,500 से 1,50,000 रुपये और आगे चलकर 1,51,000 रुपये तक पहुंच सकती हैं। दूसरी ओर 1,46,000 से 1,45,600 रुपये का स्तर महत्वपूर्ण सपोर्ट माना जा रहा है। इसके नीचे फिसलने पर सोना 1,45,000 रुपये तक आ सकता है। चांदी की बात करें तो एमसीएक्स सिल्वर ने 2,37,000 रुपये के आसपास गैप-अप शुरूआत की, जो बाजार में मजबूती का संकेत माना जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि चांदी 2,37,000 से 2,38,000 रुपये के रेजिस्टेंस क्षेत्र को पार कर लेती है तो इसमें तेजी बढ़कर 2,40,000 से 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है। हालांकि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि चांदी 2,35,000 से 2,34,000 रुपये के सपोर्ट स्तर से नीचे जाती है तो कीमतें 2,32,000 रुपये और फिर 2,30,000 रुपये तक फिसल सकती हैं। फिलहाल बाजार में स्थिरता लौटने के संकेत मिल रहे हैं, लेकिन मजबूत तेजी के लिए चांदी का 2,40,000 रुपये के ऊपर टिकना जरूरी माना जा रहा है।

## लखनऊ कोचिंग सेंटर अग्निकांड

### 14 की मौत, पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा

**समाज जागरण**

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र स्थित पुरानिया में सोमवार को एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक घटना में अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आग लगने के बाद इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए दमकल, पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रहीं।

जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय कोचिंग सेंटर की इमारत से अचानक धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद आग तेजी से पूरे परिसर में फैल गई। देखते ही देखते इमारत घने धुएं से भर गई, जिससे अंदर मौजूद छात्रों और अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। निकास मार्ग अवरुद्ध होने के कारण कई लोग बाहर नहीं निकल सके।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जान बचाने के लिए कुछ छात्रों ने ऊपरी मंजिलों और छत से छलांग लगा दी, जिससे कई गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के इलाके में इस हादसे के बाद दहशत का माहौल फैल गया। मृतकों की उम्र 20 से 24 वर्ष के बीच बताई जा रही है।



घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। पुलिस और प्रशासन की टीमें भी राहत कार्य में जुट गईं। जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी करते रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि लखनऊ में हुए इस भीषण अग्निकांड से हुई जनहानि अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से घोषणा की गई है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस घटना पर शोक जताते हुए कहा कि यह हादसा अत्यंत व्यथित करने वाला है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में हुई यह घटना अत्यंत दुखद है और पीड़ित परिवारों के प्रति उनकी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। शुरूआती आशंका के अनुसार शॉर्ट सर्किट को घटना का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी।






## ISSF जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप: प्रीतम केंद्रे ने जीता गोल्ड, भारत ने 12 मेडल के साथ किया दबदबा कायम

सूहल (जर्मनी)। आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को चार और पदक अपने नाम किए। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक कुल 12 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षण में भारत के प्रीतम केंद्रे ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में बेहतरीन और संयमित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। यह इस चैंपियनशिप में भारत का पांचवां गोल्ड मेडल रहा, जिसने टीम के आत्मविश्वास को और मजबूत किया।



टीम इवेंट में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 25 मीटर पिस्टल महिला जूनियर टीम स्पर्धा में अंजलि महेंद्र भागवत, परिषा गुप्ता और निथिला आइवी डार्लिंग प्रवीण क्रिस्टोफर की तिकड़ी ने कांस्य पदक जीतकर भारत के खाते में एक और उपलब्धि जोड़ी। वहीं पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल जूनियर टीम स्पर्धा में अभिनव चौधरी, राज चंद्रा और जतिन की टीम ने भी कांस्य पदक हासिल किया।

इससे पहले अन्वी राठौड़ ने 10 मीटर एयर राइफल महिला जूनियर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को शानदार शुरूआत दिलाई थी। उनके संयमित प्रदर्शन ने भारतीय अभियान को मजबूती प्रदान की। इन नवीनतम पदकों के साथ भारत की कुल पदक संख्या 12 हो गई है, जिसमें 5 स्वर्ण, 1 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत इस समय पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जो इस प्रतियोगिता में उसके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दशार्ता है।

इससे पहले भी भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था। समीर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष जूनियर स्पर्धा में 28 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता था। वहीं रोहित कन्यान ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुष जूनियर इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। महिला वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में 354.7 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया था। भारतीय टीम का यह प्रदर्शन लगातार बढ़ती शूटिंग प्रतिभा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के मजबूत खेल आधार को दशार्ता है।

## राजस्थान में UCC लागू करने की तैयारी तेज, समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

**समाज जागरण**

जयपुर। राजस्थान में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। राजधानी जयपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने इस संबंध में जानकारी दी। मंत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार UCC लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और इसका मसौदा तैयार किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान मंत्रियों ने कहा कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान सिविल कानून की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों पर एक जैसा कानून लागू हो सके। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित UCC लागू होने के बाद विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण जैसे मामलों में एक समान नियम लागू होंगे।

मंत्रियों ने यह भी कहा कि इस कानून से समाज में समानता को बढ़ावा मिलेगा और विशेष रूप से महिलाओं को समान अधिकार सुनिश्चित होंगे। सरकार का मानना है कि इससे लैंगिक न्याय को मजबूती मिलेगी और सामाजिक असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी। प्रस्तावित UCC में बहुविवाह पर रोक लगाने, विवाह और तलाक के अनिवार्य पंजीकरण जैसे प्रावधान शामिल किए जाने की संभावना भी जताई गई है। सरकार के अनुसार, इस तरह के प्रावधान कानूनी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सरल बनाएंगे।

# भारत को मिला वैश्विक वित्तीय सुरक्षा में वैश्विक नेतृत्व

**महेन्द्र तिवारी**

भारत ने वैश्विक वित्तीय सुरक्षा और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ चल रही अंतरराष्ट्रीय लड़ाई में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पहली बार किसी भारतीय अधिकारी को वित्तीय कार्रवाई कार्यबल के उपाध्यक्ष पद पर चुना गया है। 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी विवेक अग्रवाल जुलाई 2026 से जून 2027 तक इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वर्तमान में वह भारत सरकार के संस्कृति सचिव हैं। पेरिस में आयोजित संस्था की पूर्ण बैठक में सदस्य देशों ने उन्हें इस पद के लिए चुना। यह केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं है, बल्कि वैश्विक वित्तीय शासन व्यवस्था में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और प्रभाव का प्रमाण भी है।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत 2010 से इस संस्था का सदस्य है, लेकिन पिछले 16 वर्षों में किसी भारतीय को इसके शीर्ष नेतृत्व में स्थान नहीं मिला था। अब पहली बार भारत संस्था के सर्वोच्च नेतृत्व ढांचे का हिस्सा बनेगा और उसकी नीतियों तथा प्राथमिकताओं को आकार देने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाएगा। यह भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति, वित्तीय संस्थागत क्षमता और वैश्विक विश्वसनीयता का संकेत माना जा रहा है।

वित्तीय कार्रवाई कार्यबल विश्व स्तर पर धनशोधन, आतंकवाद के वित्तपोषण और सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार से जुड़े वित्तीय नेटवर्कों के खिलाफ मानक निर्धारित करने वाली प्रमुख संस्था है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली का दुरुपयोग अपराधी, आतंकवादी संगठन और अवैध नेटवर्क न कर सकें। यह संस्था सदस्य देशों की नीतियों और कानूनों का मूल्यांकन करती है तथा आवश्यक सुधारों की सिफारिश करती है। इसके निर्णयों का प्रभाव वैश्विक बैंकिंग व्यवस्था, विदेशी निवेश, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विश्वसनीयता पर पड़ता है।

विवेक अग्रवाल की नियुक्ति उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव और वित्तीय अपराधों से निपटने में उनकी विशेषज्ञता का परिणाम मानी जा रही है। वह पहले इस संस्था में भारत के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे भारत की वित्तीय खुफिया इकाई के निदेशक भी रह चुके हैं। वित्तीय खुफिया इकाई का कार्य संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की निगरानी करना, धनशोधन से जुड़े मामलों की पहचान करना और विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना होता है। इस अनुभव ने उन्हें वैश्विक वित्तीय सुरक्षा के जटिल मुद्दों को समझने और समाधान विकसित




करने की क्षमता प्रदान की।

भारत के लिए यह उपलब्धि केवल प्रतिष्ठा का विषय नहीं है बल्कि रणनीतिक महत्व भी रखती है। पिछले एक दशक में भारत ने धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ अपने कानूनी और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच एजेंसियों ने अनेक मामलों का खुलासा किया है। वित्तीय लेनदेन की निगरानी के लिए तकनीकी प्रणालियों को सशक्त बनाया गया है। डिजिटल भुगतान प्रणाली के विस्तार के साथ सुरक्षा मानकों को भी लगातार बेहतर किया गया है। इन प्रयासों के कारण भारत को वैश्विक स्तर पर एक जिम्मेदार और सक्षम साझेदार के रूप में देखा जाने लगा है।

वर्ष 2024 में भारत के मूल्यांकन के दौरान संस्था ने भारत के धनशोधन और आतंकवाद वित्तपोषण विरोधी ढांचे की सराहना की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत ने प्रभावी परिणाम प्राप्त करने वाला ढांचा विकसित किया है। यही कारण है कि आज भारत को केवल एक सदस्य देश के रूप में नहीं बल्कि नीति निर्माण में योगदान देने वाले नेतृत्वकारी देश के रूप में देखा जा रहा है।

उपाध्यक्ष का पद संस्था की कार्यप्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उपाध्यक्ष अध्यक्ष के साथ मिलकर संस्था के एजेंडा, बैठकों, प्राथमिकताओं और वैश्विक रणनीतियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करता है। सदस्य देशों के बीच सहमति निर्माण, नई चुनौतियों पर नीति निर्धारण और वैश्विक वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विवेक अग्रवाल इस जिम्मेदारी के साथ उन विषयों पर भी काम करेंगे जो तेजी से बदलती डिजिटल अर्थव्यवस्था और नई वित्तीय तकनीकों से जुड़े हैं।

आज दुनिया के सामने केवल पारंपरिक धनशोधन की चुनौती नहीं है। आभासी परिसंपत्तियां, सीमा पार डिजिटल लेनदेन, साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और आतंकवादी नेटवर्कों की बदलती रणनीतियां नई चिंताएं पैदा कर रही हैं। भारत ने एक ओर डिजिटल भुगतान को व्यापक बनाया है तो दूसरी ओर सुरक्षा और निगरानी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। यही अनुभव अब वैश्विक स्तर पर नीति निर्माण में उपयोगी साबित हो सकता है।

भारत की एक और विशेषता यह है कि उसने वित्तीय समावेशन और वित्तीय सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। जनधन खातों, आधार आधारित पहचान प्रणाली और डिजिटल भुगतान तंत्र ने करोड़ों लोगों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ा है। साथ ही वित्तीय अपराधों की रोकथाम के लिए निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया गया है। यह मॉडल अनेक विकासशील देशों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। भारत की बढ़ती भूमिका इस अनुभव को वैश्विक मंच पर साझा करने का अवसर प्रदान करेगी।

यह नियुक्ति भारत की विदेश नीति के लिए भी महत्वपूर्ण है। आज आर्थिक कूटनीति और वित्तीय सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। किसी देश की विश्वसनीयता केवल उसकी सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि उसकी वित्तीय प्रणाली की मजबूती और पारदर्शिता से भी आंकी जाती है। भारत लंबे समय से आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ कठोर वैश्विक कार्रवाई की वकालत करता रहा है। ऐसे में इस संस्था के शीर्ष नेतृत्व में भारत की उपस्थिति उसकी आवाज को और अधिक प्रभावशाली बनाएगी।

अक्सर यह चर्चा होती है कि इस संस्था की निगरानी सूची में शामिल होने का किसी देश पर कितना प्रभाव पड़ता है। जिन देशों को बढ़ी हुई निगरानी के दायरे में रखा जाता है, उन्हें विदेशी निवेश, अंतरराष्ट्रीय ऋण और वैश्विक वित्तीय लेनदेन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए दुनिया के अधिकांश देश संस्था के मानकों को गंभीरता से लेते हैं। यही कारण है कि इसके नेतृत्व में स्थान प्राप्त करना किसी भी देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है।

विवेक अग्रवाल की नियुक्ति को भारत सरकार ने एक बड़ी उपलब्धि बताया है। विदेश मंत्रालय ने इसे भारत की सफलता करार दिया और कहा कि यह वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण नेटवर्कों के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। यह नियुक्ति इस बात का भी संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत की संस्थागत क्षमता और उसके अनुभव पर भरोसा करता है।

स्वयं विवेक अग्रवाल ने भी इस नियुक्ति को भारत के सामूहिक प्रयासों की मान्यता बताया है। उनके अनुसार यह भारत के धनशोधन और आतंकवाद वित्तपोषण विरोधी ढांचे की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने वैश्विक वित्तीय प्रणाली को सुरक्षित, समावेशी और लचीला बनाने के लिए सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

जुलाई 2026 से शुरू होने वाला उनका कार्यकाल ऐसे समय में होगा जब दुनिया तेजी से बदलते वित्तीय परिदृश्य का सामना कर रही है। डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वित्तीय सेवाएं, सीमा पार भुगतान प्रणाली और नए प्रकार के साइबर खतरे नीति निमार्ताओं के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। इन परिस्थितियों में भारत का अनुभव और नेतृत्व वैश्विक वित्तीय सुरक्षा को नई दिशा दे सकता है।

अंततः विवेक अग्रवाल का उपाध्यक्ष चुना जाना केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं बल्कि भारत की संस्थागत परिपक्वता, आर्थिक विश्वसनीयता और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। यह उपलब्धि दशार्ती है कि भारत अब केवल अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने वाला देश नहीं रह गया है, बल्कि उन नियमों के निर्माण और दिशा निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगा है। वैश्विक वित्तीय सुरक्षा, धनशोधन पर नियंत्रण और आतंकवाद के वित्तपोषण के विरुद्ध संघर्ष में भारत की यह नई जिम्मेदारी आने वाले वर्षों में उसकी अंतरराष्ट्रीय स्थिति को और अधिक मजबूत बनाने वाली सिद्ध हो सकती है।

---

## नवजागरण का नया दौर।

# भारत के पुनर्जागरण से विकास की नई पटकथा।

किसी भी राष्ट्र का पुनर्जागरण केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं होता, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय आत्मविश्वास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सुशासन और जनसहभागिता के समन्वय से होता है। भारत की विकास-यात्रा इसी सत्य की पुष्टि करती है। 1947 में भारत और पाकिस्तान




दोनों ने स्वतंत्रता प्राप्त की, किंतु दोनों देशों ने अपने-अपने विकास के लिए भिन्न मार्ग चुने। पाकिस्तान जहाँ राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और वैचारिक द्वंद्व से जूझता रहा, वहीं भारत ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और विकासोन्मुख नीतियों के आधार पर अपनी यात्रा निरंतर आगे बढ़ाई।महात्मा गांधी का यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है।कि भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है। इसी भावना के अनुरूप आधुनिक भारत ने विकास की ऐसी अवधारणा को अपनाने का प्रयास किया जिसमें गाँव, गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग सभी विकास प्रक्रिया के सहभागी बन सकें।

पिछले एक दशक में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायी शासन, पारदर्शिता, डिजिटल प्रशासन और परिणाम आधारित राजनीति की अवधारणा अधिक सशक्त होकर उभरी है। जनता अब केवल वादों का नहीं, बल्कि कार्यों और उपलब्धियों का मूल्यांकन करने लगी है। यही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है।

इसी कालखंड में अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं नीतिगत निर्णय लिए गए। अनुच्छेद 370 का निरसन, तीन तलाक पर कानून, नागरिकता से संबंधित नई नीतियों पर विमर्श तथा संसद की कार्यप्रणाली के आधुनिकीकरण जैसे कदमों ने भारतीय राजनीति में व्यापक चर्चा को जन्म दिया। इन निर्णयों के समर्थक इन्हें राष्ट्रीय एकीकरण और प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण मानते हैं, जबकि आलोचक इनके विभिन्न संवैधानिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रश्न उठाते रहे हैं। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि उसमें विविध मतों का सम्मान बना रहता है।

भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी इस दशक की प्रमुख उपलब्धियों में गिना जाएगा। योग और आयुर्वेद को वैश्विक पहचान मिली। भारतीय भाषाओं, लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रयास तेज हुए। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करोड़ों लोगों की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर उभरा। शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राचीन विज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने के प्रयास किए गए।

आज भारत की सांस्कृतिक कूटनीति इसी व्यापक दृष्टि को विश्व के समक्ष प्रस्तुत कर रही है। आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय परिवर्तन देखे। मेक इन इंडिया, जीएसटी, डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, यूपीआई, स्टार्टअप इंडिया तथा आधारभूत संरचना के विस्तार ने आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की। रेलवे, सड़क, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और डिजिटल नेटवर्क के विस्तार ने भारत की विकास क्षमता को सुदृढ़ किया। वित्तीय समावेशन और डिजिटल भुगतान प्रणाली ने भारत को विश्व में एक विशिष्ट पहचान दिलाई।

यद्यपि आर्थिक उपलब्धियाँ उल्लेखनीय हैं, फिर भी बेरोजगारी, आय-असमानता, ग्रामीणझ्शहरी विषमता तथा कृषि क्षेत्र की चुनौतियाँ अभी भी गंभीर चिंतन का विषय हैं। किसान आंदोलनों और रोजगार संबंधी बहसों ने यह स्पष्ट किया है कि विकास की गति के साथ-साथ उसका न्यायपूर्ण वितरण भी उतना ही आवश्यक है।

विदेश नीति के क्षेत्र में भारत ने संतुलित, बहुआयामी और आत्मविश्वासपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। वैश्विक दक्षिण की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने, बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाने तथा प्रमुख शक्तियों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने के कारण भारत का अंतरराष्ट्रीय महत्व निरंतर बढ़ा है। भारत की कूटनीतिक क्षमता और वैश्विक नेतृत्व को नई पहचान प्रदान की।

भारत आज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रहा है जहाँ विकास, सांस्कृतिक आत्मगौरव, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय सुरक्षा समानांतर रूप से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही लोकतांत्रिक संवाद, सामाजिक समरसता, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। यदि विकास के साथ संवेदनशीलता, विज्ञान के साथ संस्कृति, प्रगति के साथ प्रकृति और शक्ति के साथ नैतिकता का संतुलन बना रहा, तो भारत केवल एक विकसित राष्ट्र ही नहीं, बल्कि विश्व को दिशा देने वाली सभ्यता के रूप में पुनः प्रतिष्ठित होगा।

**"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।"**

भारत का पुनर्जागरण केवल सरकारों की उपलब्धियों का इतिहास नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक चेतना, परिश्रम, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय संकल्प की प्रेरणादायी गाथा है। यही राष्ट्रीय जागरण विकसित भारत की आधारशिला है।

**संजीव ठाकुर ,वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, लेखक एवं चिंतक**
**रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

---

# यूपी में तन-मन भिगोने जल्द आ रहा है मानसून

संजय सक्सेना,लखनऊ,
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में गर्मी से परेशान लोगों के लिये जल्द अच्छी खबर आने वाली है। यूपी में मानसून 27 से 30 जून तक पूर्वी-पश्चिमी क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है, जो 5 जुलाई तक पूरे राज्य में पूरी तरह छा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, जून के तीसरे सप्ताह से मानसूनी गतिविधियां तेजी से बढ़ेगी और महीने के अंत तक अधिकांश जिलों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। पिछले वर्षों के ट्रेंड और आईएमडी की भविष्यवाणी के आधार पर, इस बार भी मानसून 27 से 30 जून के बीच राज्य में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ विचलन के कारण पूर्वी यूपी में पहले और पश्चिमी यूपी में थोड़े बाद में आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में मानसून का प्रवेश आमतौर पर दो चरणों में होता है। पूर्वी हिस्सों में मानसून 15 से 20 जून के बीच दस्तक देता है, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में 25 से 27 जून के बीच फैल जाता है। मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद जैसे पश्चिमी क्षेत्रों में मानसून 27-30 जून तक आने की संभावना है। इस तरह पूर्वी यूपी में मानसून पहले प्रवेश करेगा और धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में छाएगा। 5 जुलाई तक पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह छा जाएगा। वर्तमान में (22 जून 2026) देश के ज्यादातर हिस्सों में प्री-मानसून एक्टिविटी है और 23 जून के




आसपास मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, उड़ीसा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है।

उत्तर प्रदेश में अधिकतम वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से प्राप्त होती है, जो जून से सितंबर तक केन्द्रित होती है। राज्य की कुल वर्षा में पहाड़ी क्षेत्रों में वार्षिक औसत 170 सेमी तक हो सकता है, जबकि पश्चिमी क्षेत्रों में 84 सेमी तक रहता है। इस बार भी उम्मीद है कि मानसून जमकर बरसेगा, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन तेज बारिश से थोड़ा-बहुत भी हो सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की मात्रा में परिवर्तनशीलता 25 फीसदी से कम, जबकि शेष उत्तर प्रदेश में 25 से 50 फीसदी के बीच रहती है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में वर्षा कहीं कम तो कहीं ज्यादा देखने को मिलती है। राज्य के पूर्वी भाग में पश्चिमी भाग की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। सबसे कम वर्षा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्राप्त होती है। यह एक महत्वपूर्ण पैटर्न है, क्योंकि बुंदेलखंड पिछले वर्षों से वर्षा की कमी से परेशान है और इस क्षेत्र में कृषि पर सीधा प्रभाव होता है। पूर्वी यूपी में वर्षा अधिक होने के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन पश्चिमी यूपी में भी पर्याप्त वर्षा की उम्मीद है। मध्य यूपी में वर्षा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के बीच के स्तर पर रहने की संभावना है।

बुंदेलखंड क्षेत्र में सबसे कम वर्षा प्राप्त होती है, जो इस क्षेत्र की जल संकट समस्या को बढ़ाती है। यह पैटर्न वर्षों से बना है और दक्षिण-पश्चिम मानसून के मार्ग में इस क्षेत्र की स्थिति के कारण है। बुंदेलखंड में वर्षा की कमी के कारण खेती पर गंभीर प्रभाव होता है और किसानों को संकट का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में जल संरक्षण, बांध निर्माण और सतत कृषि सुधार की भी आवश्यकता बढ़ जाती है। यदि इस बार भी बुंदेलखंड में वर्षा कम होती है, तो सरकार को जल संकट के समाधान के लिए तत्परता दिखानी चाहिए। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश में वर्षा कृषि पर सीधा प्रभाव डालती है, क्योंकि राज्य भारत का कृषि हृदय है। पूर्वी यूपी में अधिक वर्षा के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन बुंदेलखंड में वर्षा की कमी खेती को प्रभावित कर सकती है। बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि तेज बारिश से बाढ़, भूस्खलन, जलभराव जैसे हालात हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा कृषि उत्पादन पर सीधा प्रभाव डालती है और शहरी क्षेत्रों में जल निकासी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

---

## पावन धरा पर उठे सवाल... ?

*राम नाम की ज्योति जली थी, मन में था विश्वास,*
*सदियों के संघर्ष के बाद, आया था शुभ प्रकाश।*
*मंदिर की उस "पावन धरा" पर, उठे अगर सवाल,*
*वो सत्य स्वयं ही सामने आए, होगा सबका हाल।*
*जो कभी न गए दर्शन करने, वो भी करते विचार,*
*राम के नाम पर राजनीति से कैसा यह व्यवहार।*
*सच छिपेगा कब तक आखिर, समय करेगा बात,*
*दूध का दूध व पानी का पानी, देगा सही सौगात।*

*राम भक्ति का पथ है पावन, निर्मल इसका भाव,*
*लोभ, छल व कपट से बचना, यहीं धर्म ठहराव।*
*यदि कोई अपराधी होगा, दण्ड उसे मिल जाएगा,*
*न्याय के सूर्य की किरणों से अंधेरा मिट पाएगा।*

*राम किसी भी एक के नहीं हैं, सबके हैं भगवान,*
*उनके चरणों में मिल जाता "मानव" को सम्मान।*
*आईए मिलकर सत्य की "राहों" पर कदम बढ़ाएँ,*
*हम रामराज्य के आदर्शों को जीवन में अपनाएँ।*
*(संदर्भ - राम मंदिर चंदा चोरी)*



*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*
*मो. 98260 25986*

---

**23 जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विशेष–**

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, देश के उन महानतम राजनीतिज्ञों में से एक थे ,जिन्होने राष्ट्र के बहुत ही कठिन दौर में हमारे देश के लिये बहुत ही महत्पवूर्ण योगदान किया। डा. मुखर्जी के जीवन में महत्त्वपूर्ण मोड़ 8 अप्रैल 1950 को उस समय आया जब उन्होंने पाकिस्तान के प्रति नीति के मामले मे मंत्रीगरिषद से त्यागपत्र दे दिया। वह स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे मंत्री थे, जिन्होंने नीति के सवाल पर पद से त्याग पत्र दे दिया। इस प्रकार उन्होने संसदीय लोकतंत्र की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुसार कार्य और दूसरों के सामने एक अनुसरणीय उदाहरण पेश किया। इसके बाद उन्होने सत्तारुढ कांग्रेस पार्टी के विकल्प के रुप में 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ नामक नयी राजनैतिक पार्टी का गठन किया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सार्वजनिक जीवन सन् 1934 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में आरंभ हुआ था। वे विश्वविद्यालय के सबसे कम आयु के कुलपति थे। उस समय पूरा बंगाल, उड़ीसा और आसपास का पूरा क्षेत्र उस समय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता था। सन् 1942 में लार्ड लिनलिथगो ने भारत छोड़ो आंदोलन को देखते हुये आतंक फैला रखा था। कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता चूंकि जेलों में बंद कर दिये गये था। अतः उन कठिन दिनों में राष्ट्रवादी भारत का प्रवक्ता होने का भार डा. मुखर्जी को संभालना पड़ा। 1943 के प्राकृतिक आपदा के दौरान बंगाल की दुःखी मानवता के प्रति सेवाओं के कारण उनको राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई, और इसके बाद उन्हे हिन्दू महासभा का नेतत्व सौपा गया। अंग्रेजी सरकार ने देश के प्रमुख पार्टियों के समक्ष 'भारत की आजादी और विभाजन की शर्त रखी थी, जिसमें कोई भी पार्टी किसी भूभाग के लिये जोर-जबरदस्ती नहीं कर सकती थी, जो भारत के साथ नहीं मिलना चाहता। विभाजन की मूल योजना के अनुसार संपूर्ण पंजाब और बंगाल पाकिस्तान को दिये जाने थे। डा. मुखर्जी ने तब बंगाल और पंजाब के हिन्दू बहुल क्षेत्रों को बचाने में अपनी संपूर्ण शक्ति झोंक दी। 1946 में ये भारत की संविधान सभा के लिये चुने गये थे। और 15 अगस्त 1947 को गठित हुई प्रथम सरकार में उनको उद्योग तथा वाणिज्य मंत्री बनाया गया। भारत की औद्योगिक नीति की नीव उनके द्वारा ही रखी गई। स्वतंत्र भारत के प्रथम लोकसभा चुनाव में डॉ. मुखर्जी दक्षिण कलकत्ता से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में चुने गये।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में "जिला निर्यात हब" योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय बैठक सम्पन्न, निर्यात संवर्धन पर हुआ विस्तृत मंथन

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 22 जून 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर को "जिला निर्यात हब" के रूप में और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के निर्यातकों, उद्योग संगठनों, संबंधित विभागों एवं अधिकारियों ने भाग लेकर निर्यात संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक में उप महानिदेशक विदेश व्यापार द्वारा विदेश व्यापार महानिदेशालय की वर्तमान एवं भावी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा व्यापार सुगमता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश के प्रमुख निर्यातक जनपदों में अग्रणी स्थान रखता है तथा प्रदेश के कुल निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है।




बैठक में एचएचईडब्ल्यूए एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.पी. शर्मा द्वारा निर्यातकों से संबंधित व्यावहारिक समस्याएँ प्रमुखता से उठाई गईं। उन्होंने विदेश व्यापार महानिदेशालय, सीमा शुल्क विभाग तथा भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

उद्योग प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि अग्रिम प्राधिकरण तथा निर्यात संवर्धन पूंजीगत वस्तु योजना के अंतर्गत लाइसेंस के संशोधन एवं समापन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब हो रहा है। साथ ही आयात-निर्यात कोड प्रोफाइल एवं डिजिटल हस्ताक्षर के अद्यतन में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सीमा शुल्क विभाग से संबंधित समस्याओं में आंतरिक कंटेनर डिपो पर माल की जांच प्रक्रिया में अत्यधिक समय लगना, मूल्यांकन एवं वर्गीकरण से जुड़े मामलों में बार-बार पूछताछ किया जाना, एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर की वापसी में विलंब तथा अधिकारियों एवं निर्यातकों के बीच अपेक्षित समन्वय का अभाव प्रमुख रूप से सामने आया।

जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्यातकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जनपद को एक सशक्त निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु समन्वित प्रयास किए जाएँ।

उप महानिदेशक विदेश व्यापार द्वारा सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही एवं समाधान हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग एवं सदस्य सचिव द्वारा निर्यात वृद्धि हेतु विभागीय समन्वय एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक में प्रमुख निर्यातक एवं उद्योग प्रतिनिधि भारत दीप, अनिल अग्रवाल, अनभय साध, पी.के. कपूर, शशि नांगिया सहित अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# जनपद के पात्र दिव्यांगजन निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण हेतु कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 22 जून 2026। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदन एवं पंजीकरण हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, दृष्टिबाधितों हेतु सेंसर स्टिक, स्मार्टफोन, टैबलेट, कैलिपर्स, कृत्रिम हाथ एवं कृत्रिम पैर जैसे सहायक उपकरणों के लिए आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन हेतु दिव्यांगता दर्शाने वाला रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, जन्मतिथि अथवा आयु प्रमाण पत्र (आधार कार्ड या हाईस्कूल अंकपत्र), आय प्रमाण पत्र (शहरी क्षेत्र हेतु वार्षिक आय 56,460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु 46,080 रुपये तक), दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा संबंधित उपकरण के लिए चिकित्साधिकारी द्वारा जारी संस्तुति पत्र आवश्यक होगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी अथवा किसी प्रकार की सहायता के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, कक्ष संख्या-107, सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर में संपर्क किया जा सकता है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम रायपुर तिराहा के पास चेकिंग के दौरान आशीष पुत्र प्रमोद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मूल रूप से ग्राम एवं थाना घोड़ासहन, जिला मोतिहारी (बिहार) का निवासी है तथा वर्तमान में ग्राम बख्तावरपुर, सेक्टर-127, थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष बताई गई है।



गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद होने पर थाना सेक्टर-126 में आर्म्स एक्ट की धारा 9/25(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बरामद शस्त्र और कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 102 लोगों पर कार्रवाई

नोएडा, संवाददाता। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नोएडा जोन पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

इसी क्रम में थाना फेस-1 एवं थाना सेक्टर-58 पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले 102 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 292 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने से कानून व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ आम नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

नोएडा जोन पुलिस ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न करने तथा कानून का पालन करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# 50 लाख के 100 चोरी के मोबाइल फोन बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 50 लाख रुपये कीमत के 100 चोरी के मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त फर्जी नंबर प्लेट लगी महिंद्रा पिकअप तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 21 जून 2026 को मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर-153 स्थित पानी की टंकी के पीछे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनन्द उर्फ रुद्रेश पुत्र देवेन्द्र सिंह, पंकज उर्फ धीरेन्द्र पुत्र देवेन्द्र सिंह तथा मोहित पुंडीर पुत्र संतोष उर्फ पप्पू के रूप में हुई है।






पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों के कब्जे से क्द्दडड कंपनी के 100 चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी महिंद्रा पिकअप भी बरामद की गई। अभियुक्त आनन्द उर्फ रुद्रेश और मोहित पुंडीर के पास से एक-एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा संख्या 136/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी आनन्द उर्फ रुद्रेश तथा मोहित पुंडीर पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद मोबाइल फोनों के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों और मोबाइल चोरी के नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पात्र दिव्यांगजन निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। जनपद गौतमबुद्धनगर के पात्र दिव्यांगजन अब निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन हेतु पोर्टल विकसित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), बैसाखी, सेंसर स्टिक (दृष्टिबाधितों हेतु), स्मार्ट फोन, टैबलेट, कैलीपर्स, कृत्रिम हाथ अथवा कृत्रिम पैर जैसे उपकरणों की आवश्यकता है, वे निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन के लिए रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, जन्मतिथि अथवा आयु प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/हाईस्कूल अंकपत्र), आय प्रमाण पत्र, दिव८ल्लॅता प्रमाण पत्र तथा संबंधित उपकरण हेतु चिकित्साधिकारी द्वारा जारी संस्तुति प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। योजना का लाभ पाने के लिए शहरी क्षेत्र के आवेदकों की वार्षिक आय 56,460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदकों की वार्षिक आय 46,080 रुपये तक निर्धारित की गई है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना संबंधी अधिक जानकारी अथवा आवेदन में किसी प्रकार की समस्या होने पर इच्छुक व्यक्ति विकास भवन, कक्ष संख्या-107, सूरजपुर स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# एएचटी थाने का वार्षिक निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में डीसीपी महिला सुरक्षा श्रीमती सुनीति ने एसीपी महिला सुरक्षा श्रीमती दीक्षा सिंह के साथ थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, अभिलेख कक्ष तथा थाना हवालात का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कार्यालय में संधारित अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



डीसीपी महिला सुरक्षा ने थाना प्रभारी एवं समस्त विवेचकों को गुमशुदा बच्चों से संबंधित लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए तथा जांच की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इसके अलावा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए संचालित ऑपरेशन अपराजेय के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करने, नियमित सत्यापन, सतत निगरानी तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# खोदना खुर्द में चला प्राधिकरण का बुलडोजर, 12 करोड़ की जमीन अतिक्रमण मुक्त

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा, संवाददाता। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम खोदना खुर्द में करीब 6000 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। प्राधिकरण के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 12 करोड़ रुपये है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एनजी रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख एवं परियोजना विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार कुछ कॉलोनाइजर प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग करने का प्रयास कर रहे थे।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम खोदना खुर्द के खसरा संख्या-502 की भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। सोमवार दोपहर परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-2 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रबंधक रोहित गुप्ता, सुपरवाइजर एवं प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। करीब दो घंटे तक चली इस कार्रवाई में अवैध निर्माण और प्लॉटिंग को ध्वस्त कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति या स्वीकृत नक्शे के किए जाने वाले अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि ग्रेटर नोएडा में किसी भी भूमि या प्लॉट को खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से उसकी पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि अवैध कॉलोनियों में निवेश कर आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

अधिकारियों ने दोबारा अतिक्रमण या अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# सुमीत इंडस्ट्रीज ने 199.75 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न (PO) और फुली ड्रॉन यार्न के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख एकीकृत पॉलिएस्टर निमार्ता Sumit Industries Limited ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए 199.75 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू की घोषणा की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी कर इस फंड जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक Pratik R. Jaju ने कहा कि यह राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उसकी वित्तीय एवं परिचालन स्थिति को और मजबूत बनाएगा। इससे मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी की भविष्य की विकास योजनाओं में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

कंपनी ने बताया कि जुटाई जाने वाली राशि में से 49 करोड़ रुपये गुजरात के सूरत में स्थित नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित 1.40 लाख टन वार्षिक क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स प्लांट के अधिग्रहण एवं संचालन पर खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 90 करोड़ रुपये है, जिसमें शेष 41 करोड़ रुपये आंतरिक संसाधनों से जुटाए जाएंगे। इस संयंत्र के वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही में पुनः संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

कंपनी के अनुसार प्रस्तावित पूंजी निवेश का उपयोग विनिर्माण क्षमता विस्तार, परिसंपत्तियों के एकीकरण, बैलेंस शीट को मजबूत बनाने, ऋण में कमी तथा ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके तहत कैप्टिव सोलर पावर सुविधा में भी निवेश किया जाएगा, जिससे उत्पादन लागत कम करने और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सुमीत इंडस्ट्रीज का मानना है कि नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित पॉलिएस्टर चिप्स निर्माण इकाई के सफल एकीकरण से उसकी बैकवर्ड इंटीग्रेशन रणनीति को मजबूती मिलेगी और PO व FDY कारोबार को अतिरिक्त समर्थन प्राप्त होगा। कंपनी को वित्त वर्ष 2026-27 में कुल राजस्व में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है, जबकि EBITDA मार्जिन 5 से 6 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

कंपनी का यह भी अनुमान है कि अधिग्रहण के पूर्ण एकीकरण के बाद वित्त वर्ष 2027-28 में कुल राजस्व लगभग दोगुना हो सकता है तथा EBITDA मार्जिन 5.5 से 6.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। कंपनी ने कहा कि वह पॉलिएस्टर वैल्यू चेन में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और दीर्घकालिक टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इलाज में लापरवाही व अधिक शुल्क वसूली के आरोप पर अस्पताल के बाहर भाकियू लोकशक्ति का धरना

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। गांव मामूरा स्थित एक निजी अस्पताल के खिलाफ इलाज में कथित लापरवाही और अधिक शुल्क वसूली के आरोपों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के कार्यकताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। संगठन ने अस्पताल प्रबंधन पर गरीब मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने तथा इलाज के नाम पर आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया।



भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि पवन नामक एक मजदूर, जो मामूरा में किराये पर रहकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, के नवजात पुत्र को तबीयत खराब होने पर सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद परिजनों से इलाज के नाम पर निर्धारित राशि से कहीं अधिक धनराशि वसूली गई। संगठन का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान परिजनों को बच्चे से मिलने नहीं दिया गया और बाद में बच्चे की मृत्यु हो जाने पर भी अस्पताल प्रशासन द्वारा उचित जानकारी नहीं दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे, जहां उनके साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया।

इसके विरोध में संगठन ने अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। संगठन के अनुसार अस्पताल प्रबंधन ने कथित दुर्व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त किया तथा इलाज पर खर्च हुई राशि वापस करने पर सहमति जताई।

भाकियू लोकशक्ति ने चेतावनी दी कि भविष्य में गरीब मरीजों के साथ किसी प्रकार का शोषण या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग की है।

धरना-प्रदर्शन में धर्मवीर चौहान, महानगर अध्यक्ष महेश तवर, युवा अध्यक्ष राजकुमार मोनू, विजयपाल भाटी, सुधीर ठाकुर, मनोज शर्मा, सुनील बैसोया, शफीक, सन्नी, सुनील अंबावता, महेश बैसोया, नीरज जाटव, प्रमोद प्रजापति, दीपक जाटव, विकास, ऋषभ, विशाल, पीयूष, रोहित हाजीपुर, कमल और हरीश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-40 का गरिमामय समापन

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

मथुरा, संवाददाता। वृन्दावन स्थित सामवेद गुरुकुलम बालिका सैनिक विद्यालय में आयोजित 11 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-40 का सोमवार को अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। दस दिवसीय इस शिविर में कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

समापन समारोह का शुभारंभ शिविर कमांडेंट एवं मुख्य अतिथि कर्नल विक्रांत त्यागी (सेना मेडल), कमान अधिकारी, 11 यूपी बटालियन एनसीसी, मथुरा ने किया। उन्होंने कैडेटों के अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उप शिविर कमांडेंट कर्नल अजय कुमार ने शिविर की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी एएनओ, पीआई स्टाफ, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में नेतृत्व



क्षमता, आत्मविश्वास तथा राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।




शिविर के दौरान आयोजित ड्रिल, निशानेबाजी, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में कैडेटों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-40 के सफल समापन की औपचारिक घोषणा की गई।

समारोह में शिविर सहायक अधिकारी कैप्टन गोविंद, शिविर भंडार अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर राजकुमार, प्रशिक्षण अधिकारी सेकंड ऑफिसर हुकुम सिंह, मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक, लेफ्टिनेंट अशोक कुमार, डॉ. हीरा रॉय, सीटीओ रुपाली ठाकरे, सूबेदार मेजर राजविंदर सिंह, सूबेदार जसविंदर सिंह, सूबेदार तेजेन्द्र बहादुर गुरूंग, नायब सूबेदार सुखविंदर सिंह, नायब सूबेदार नीर बहादुर राणा सहित समस्त जेसीओ एवं पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

# फैमिली आईडी की तकनीकी टीम ने ग्राम मिर्जापुर नसरुल्लाहपुर का किया क्षेत्रीय भ्रमण

**समाज जागरण**

बहजोई। जनपद सम्भल में उत्तर प्रदेश शासन से फैमिली आईडी की तकनीकी टीम की सदस्य कुमारी तृषा द्वारा विकासखण्ड बहजोई के ग्राम मिजार्पुर नसरुल्लाहपुर का क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिवालय में फैमिली आईडी के लाभार्थियों से संवाद स्थापित कर उनसे जानकारी प्राप्त की कि उनके परिवार के कौन-कौन से सदस्य फैमिली आईडी से अभी तक वंचित हैं तथा उनके छूटने के कारण क्या हैं।




कुमारी तृषा ने पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि ऐसे सभी छूटे हुए पात्र सदस्यों को शीघ्र फैमिली आईडी में सम्मिलित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी बनने के पश्चात किसी भी परिवार के पात्र सदस्य को विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में उनकी पात्रता के आधार पर विभागों द्वारा स्वतः चयनित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी बनने से परिवार के सदस्यों के जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र भी शीघ्र निर्गत किए जा सकेंगे।

विभागीय अधिकारियों से सुझाव एवं समस्याओं पर किया विस्तृत संवाद क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उनके साथ जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, पंचायत सहायक तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम मिजार्पुर के भ्रमण के उपरान्त कुमारी तृषा ने मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से संपर्क कर फैमिली आईडी के संबंध में उनके सुझाव एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस विषय पर विस्तृत संवाद करते हुए प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को शासन स्तर पर अवगत कराने की बात कही।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पूल पार्टी के साथ योग शिविर का हुआ समापन

**समाज जागरण**

चंदौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चंदौसी द्वारा एक माह तक चले योग शिविर के समापन अवसर पर बिसौली गेट स्थित श्री रामकृष्ण धर्मशाला में पूल पार्टी एवं पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम के दौरान पंक्चुअलिटी अवार्ड, लकी ड्रा, हाउजी तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित गोष्ठी में शहरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने स्वच्छता एवं हरियाली के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और घटती हरियाली मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के आधार हैं और उनकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है।

यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने पर्यावरण अनुकूल आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूल के पानी को फिल्टर कर पुनः उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल सामग्री के स्थान पर स्टील, कांच अथवा कुल्हड़ के उपयोग का संकल्प लेने का आह्वान किया।

डीओए मीना वार्ष्णेय ने कहा कि कार्यक्रमों के बाद कचरे का उचित प्रबंधन आवश्यक है। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय कमेटी सदस्य डॉ. सुधा चौधरी तथा स्पेशल कमेटी सदस्य पदमा भार्गव उपस्थित रहीं। उन्होंने भी पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी ने भी पर्यावरण जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का समापन आइसक्रीम, स्नैक्स एवं जलपान के साथ हुआ। इस अवसर पर रेखा रस्तोगी, रानी अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, आशा रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, कविता बच्चन, रेशमा, नीलम, पूनम, गार्गी, प्रतिमा जिंदल, मंजू, रितु, बीना, चंचल, आराधना, अलका, रीता, मंजू गुप्ता, शैलेश, मीरा गोयल, अनुराधा, कविता रुस्तगी, ममता मिश्रा, कल्पना, नीलिमा सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# प्रगतिशील बरनवाल वैश्य सभा की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न, संगठनात्मक एकता पर दिया गया बल

**समाज जागरण**

चंदौसी। प्रगतिशील बरनवाल वैश्य सभा उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार देर सायं गौशाला रोड स्थित अनुष्का सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संगठनात्मक एकता, सामाजिक समरसता तथा समाज के भावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ बरनवाल समाज के आदिपुरुष महाराजा अहिवरन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ. दुर्गा टंडन बरनवाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमामय वातावरण प्रदान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता बरनवाल ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकता में निहित है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से समाज को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

प्रांतीय महामंत्री राजीव कुमार गुप्ता बरनवाल ने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य मोती के समान मूल्यवान है। जिस प्रकार अनेक मोतियों से सुंदर माला का निर्माण होता है, उसी प्रकार सभी सदस्यों के सहयोग और सहभागिता से एक सशक्त संगठन का निर्माण संभव है। बैठक में वक्ताओं ने समाज के युवक-युवतियों के हित में प्रांतीय वैवाहिक सम्मेलन आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रांतीय कोषाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. दुर्गा टंडन बरनवाल, अमिता गुप्ता एवं रश्मि गोयल को सम्मानित किया गया। वहीं गिरीश कुमार गुप्ता, संजीव गोयल एवं अभिषेक गुप्ता सहित अन्य सक्रिय सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गा टंडन बरनवाल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में संगठनात्मक एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समाजोत्थान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता बरनवाल ने की। इस अवसर पर प्रदीप कुमार गुप्ता, नवीन गुप्ता बरनवाल, अमित कुमार गुप्ता, प्रवेश गोयल, अवधेश कुमार गुप्ता, राजीव कुमार, राजकुमार गोयल, नरेंद्र कुमार गुप्ता, रविशंकर, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने गौशाला रोड स्थित मोगा रेस्टोरेंट में आयोजित सामूहिक भोज में सहभागिता की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए इस आयोजन का समापन आपसी संवाद एवं भोजन के साथ हुआ।

# सम्भल पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम के डॉग "मैरी" की मदद दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

सम्भल। थाना बबराला क्षेत्रान्तर्गत दुष्कर्म के एक अभियोग के सफल अनावरण में डॉग स्क्वाड टीम के डॉग "मैरी" द्वारा अहम भूमिका निभायी गयी । 19 जून को थाना बबराला पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी थी कि 18 जून.2026 को उसकी 06 वर्षीय पुत्री शाम के समय घर के बाहर खेल रही थी, जो खेलते समय घर से कुछ दूरी पर चली गयी । तभी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गयी । वादी की तहरीर पर थाना बबराला पर मु0अ0सं0 154/2026 धारा 65(2)/62 बीएनएस व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । पुलिस टीम/फारेन्सिंक टीम द्वारा घटना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मौके से एक गमछा बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी व अन्य माध्यमों से जानकारी की गयी परन्तु कोई लाभप्रद सूचना नही मिली। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार डॉग स्कावड टीम को घटनास्थल पर भेजा गया । जिससे डॉग स्कावड टीम के डॉग "मैरी" द्वारा घटनास्थल से बरामद गमछा को सूंघकर अभियुक्त संदीप पुत्र हरस्वरुप, उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम पंवारी थाना बबराला जनपद सम्भल के घर पर पहुंची, जो कि (अभियुक्त) घर से फरार था । जिसे चैकिग के दौरान पुलिस मुठभेड में थाना बबराला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया । घटना के सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा डॉग स्कावड टीम के डॉग "मैरी" को 10,000/- रुपए के नगद पुरूस्कार से सम्मानित किया गया । मैरी अपने बैच की गोल्ड मेडलिस्ट है । मैरी द्वारा पूर्व में भी चोरी, हत्या जैसी गम्भीर घटनाओं के सफल अनावरण में अहम भूमिका निभाई गयी है । मैरी जनपद सम्भल में वर्ष 2019 से अपनी सेवाएं दे रही है।



# जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जनपद की समस्त नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवारा कुत्तों के संबंध में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण माननीय सर्वोच्च न्यायालय के नियमों, दिशा-निदेर्शों के अनुपालन के अनुसार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए Animal Birth Control (ABC) Rules के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाए, किसी भी स्थिति में पशुओं के प्रति क्रूरता न बरती जाए।




उन्होंने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्रों में आवारा एवं आक्रामक कुत्तों द्वारा लोगों को काटने की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित निकायों द्वारा आवारा कुत्तों की पहचान कर पशु चिकित्सा विभाग एवं नामित एजेंसियों के सहयोग से उनको पकड़ने, नसबंदी एवं टीकाकरण का कार्य अभियान चलाकर कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नाला सफाई कार्य में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी सफाई कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे जलभराव जैसी समस्याओं से आमजन को राहत मिल सके।

उन्होंने सभी ईओ को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में लगाए गए सभी अवैध होर्डिंग्स, बैनर एवं पोस्टरों के विरुद्ध अभियान चलाकर उन्हें तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, चौराहों, विद्युत पोलों एवं अन्य स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स एवं विज्ञापन सामग्री को नियमानुसार हटाया जाए तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने पाए। नगर निकाय क्षेत्रों में केवल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए स्वीकृत होर्डिंग्स तथा विधिवत स्वीकृत यूनिपोल स्थलों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप लगाए गए होर्डिंग्स ही अनुमन्य होंगे।

उन्होंने सभी ईओ निर्देशित किया कि अपने-अपने निकाय क्षेत्रों के वार्ड गजेटियर का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करते हुए निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वार्ड गजेटियर में वार्ड की आधारभूत सुविधाओं, सार्वजनिक परिसंपत्तियों, प्रमुख स्थलों, विकास कार्यों एवं अन्य आवश्यक विवरणों का अद्यतन एवं तथ्यात्मक उल्लेख किया जाए। साथ ही, प्रत्येक प्रविष्टि के समर्थन में जीपीएस लोकेशन युक्त फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं, जिससे अभिलेखों की प्रामाणिकता एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि नगर क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, नालों, नालियों एवं सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों की पहचान कर नियमानुसार उन्हें तत्काल हटाया जाए।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पहुंचना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा लगातार दिव्यांगों की अनदेखी को देखते हुए राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन 13 जुलाई को करेगी धरना प्रदर्शन

**एमआर पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध,विधवाओं,गरीब युवा वर्ग से अपील की है कि 13 जुलाई को विकास भवन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाएं**

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने नेतृत्व में कैम्प कार्यालय बुढ़नपुर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर अफजाल व संचालन शाहे आलम ने किया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा कि लगातार अधिकारियों के तानाशाही पूर्ण रवैया के खिलाफ डीएम कार्यालय का घेराव कर वही पर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल किया जाएगा। एक ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सुनवाई नहीं होती है तो 13 जुलाई को डीएम कार्यालय कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। और वहीं पर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर के अधिकारीगण अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं।



तथा दिव्यांगों को जो हीन भावना से देखते हैं इग्नोर करते हैं। वह बंद करें। दिव्यांगों का शोषण बंद करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, महिला, युवा गरीब वर्गों से अपील कि 13 जुलाई को सुबह 8 बजे विकास भवन बिजनौर में अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाएं। जनपद बिजनौर में जो तानाशाही अफसरों की चल रही है।उसके विरुद्ध आवाज उठाएं।

बैठक में मास्टर हिरदेश कुमार,दीपक कुमार,जैकी सैनी,मोहम्मद आजम, मोहम्मद इकराम ठेकेदार, बाबू, मास्टर अफजाल अहमद, नसीम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले,नकुल कुमार,सुशील कुमार,शाहे आलम, जीवन अग्रवाल, तिलकराम, विजय कुमार,लाल सिंह,नौशाद,, सद्दाम गुरबचन सिंह आदि मौजूद रहे।

**दिव्यांगों की थानों में सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों की थानों में सुनवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के प्रति ऐसे ही पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा उत्पीड़न बढ़ता चलता जा रहा है। इसी को लेकर 13 जुलाई को एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# दो नलकूपों पर चोरी ट्रांसफार्मर का सामान चुराया, कोठरी में लगाई आग

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने गांव मोहंडिया के दो किसानों के नलकूपों पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने ताले तोड़कर कीमती सामान चोरी करने के बाद नलकूप की कोठरी में आग लगा दी, जिससे किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।



रविवार रात चोरों ने किसान कृष्ण कुमार और राजेश के नलकूपों के ताले तोड़े। उन्होंने कटआउट, केबिल, स्टार्टर समेत अन्य विद्युत सामग्री चुरा ली। साथ ही नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर को विद्युत पोल से नीचे गिराकर उसके सामान को भी निकाल लिया। जाते समय चोरों ने नलकूप की कोठरी में आग लगा दी।सोमवार सुबह जब किसान अपने खेत पहुंचे तो इस वारदात का पता चला। चोरों की इस हरकत से नलकूपों को काफी नुकसान पहुंचा है।पुलिस में दर्ज हुई शिकायत किसानों ने तुरंत सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चोरी की पूरी जानकारी ली। दोनों किसानों ने थाने में चोरी की तहरीर दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।किसानों की प्रतिक्रिया किसानों ने बताया कि चोरी और आगजनी के कारण उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। नलकूप फिर से चालू करने में काफी खर्च आएगा। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की अपील की है।यह घटना स्थानीय किसानों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना पैदा कर रही है। पुलिस की सक्रियता से चोरों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ई रजिस्ट्री के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना रेवेन्यू बार संगठन के बैनर तले, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ( ई रजिस्ट्री के विरोध में ) अनिश्चितकालीन हड़ताल आज नौवे दिन भी जारी रही, इस हड़ताल में, लेखक, अधिवक्ता, स्टांप वेंडर, आदि भी हड़ताल को पूर्ण रूप से समर्थन कर रहे हैं, रेवेन्यू बार एसोसिएशन के




अध्यक्ष सरदार हरदयाल सिंह सोढ़ी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ( ई रजिस्ट्री( अधिवक्ताओं एवं तहसील के संपूर्ण स्टाफ, व जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, इसलिए जब तक उत्तर प्रदेश सरकार अपने आदेश को वापस नहीं लेती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी, हड़ताली पंडाल में, महावीर सिंह एडवोकेट, भीम सिंह एडवोकेट, नरेश कुमार एडवोकेट, सुल्तान सिंह एडवोकेट, धर्मपाल एडवोकेट, कमल कुमार एडवोकेट, अनिल बॉब एडवोकेट, फूल सिंह एडवोकेट, मोहम्मद शमी एडवोकेट, उत्तर प्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष रमेश रागी, संजय कुमार बिश्नोई, सलीमुद्दीन एडवोकेट, नरेश कुमार एडवोकेट, सुनील कुमार बिश्नोई एडवोकेट, आदि ने हड़ताल को संबोधित किया

# मंगला आरती के बाद मां कामाख्या धाम के गर्भगृह के पट बं शुरू हुआ अंबुबाची महोत्सव

**- 24 जून को निकलेगी भव्य पोशाक एवं छप्पन भोग शोभायात्रा**

**- तीन दिन श्वेत वस्त्रों में रहेंगी मां, 25 व 26 जून को होंगे दिव्य दर्शन।**

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। मां कामाख्या धाम जसराना में सोमवार से पांच दिवसीय अंबुबाची महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रारंभ हो गया। प्रातःकाल मंगला आरती एवं श्रद्धालुओं के दर्शन के उपरांत मां का लाल श्रृंगार उतारकर उन्हें श्वेत वस्त्र धारण कराए गए तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह के पट तीन दिनों के लिए बंद कर दिए गए। अब श्रद्धालुओं को मां के दिव्य दर्शन 25 और 26 जून को प्राप्त होंगे।



अर्धरात्रि के बाद से ही धाम में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। मंगला दर्शन और आरती के बाद पीठाधीश्वर स्वामी महेश स्वरूप ब्रह्मचारी के नेतृत्व में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके पश्चात नौ महिलाओं ने मां को श्वेत वस्त्र धारण कराकर गर्भगृह के पट बंद किए। मान्यता है कि इन तीन दिनों में मां रजस्वला स्वरूप में रहती हैं, इसलिए भक्त गर्भगृह के बाहर से ही भजन-कीर्तन एवं पूजा-अर्चना करेंगे।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार गुरुवार प्रातः विशेष पूजा-अर्चना के लिए सीमित समय के लिए पट खोले जाएंगे। इसके बाद निर्धारित धार्मिक परंपराओं का पालन किया जाएगा।

**देशभर से पहुंचीं नौ महिलाएं करेंगी मां की सेवा**

महोत्सव के दौरान मां की सेवा का दायित्व ब्लॉक प्रमुख संध्या राजपूत जसराना , दीपिका गुप्ता (छर्रा, अलीगढ़), अन्नू चौहान (जसराना), सोनी गुप्ता (सिढ़पुरा एटा ), देविका गुप्ता (अलीगढ़), अनुराधा मिश्रा (कुरावली), रजनी गुप्ता (जसराना), डॉली चतुर्वेदी (छिबरामऊ) तथा अर्चना गुप्ता (दिल्ली) को सौंपा गया है। यह सभी महिलाएं तीन दिनों तक मंदिर परिसर एवं आसपास के आवासों में रहेंगी तथा अग्नि से पका हुआ भोजन ग्रहण नहीं करेंगी। वे केवल फलाहार आदि करेंगी।

**24 जून को निकलेगी भव्य पोशाक एवं छप्पन भोग शोभायात्रा**

मंदिर व्यवस्थापक सतीश मिश्रा ने बताया कि 24 जून को पूरे जसराना नगर में मां कामाख्या की भव्य पोशाक यात्रा एवं छप्पन भोग शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। वहीं 25 और 26 जून को गर्भगृह के पट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे, जिसके बाद भक्त मां के अत्यंत आकर्षक, दिव्य एवं नव-श्रृंगारित स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे। अंबुबाची महोत्सव में प्रतिवर्ष देशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महोत्सव के प्रथम दिन से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। सोमवार रात्रि को श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# आरके कॉलेज आरोपों को लेकर दी सफाई

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। राजा का ताल चमेली बाग स्थित आरके कॉलेज ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों पर सफाई दी है।

कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि बीएएलएलबी छात्रों की परीक्षा तिथि विश्वविद्यालय द्वारा बदली गई थी, जिसकी जानकारी समय पर छात्रों तक नहीं पहुंच पाई। कॉलेज का दावा है कि संबंधित छात्र विश्वविद्यालय में दूसरे लॉ कॉलेज के माध्यम से पंजीकृत हैं और परीक्षा संचालन से उनका सीधा संबंध नहीं है। कॉलेज ने कहा कि वह केवल कक्षाओं के संचालन तक सीमित है और परीक्षा संबंधी सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जाती हैं।



प्रबंधन ने कॉलेज की छवि खराब करने के आरोप लगाते हुए तथ्यों को स्पष्ट करने के लिए प्रेस वार्ता आयोजित की और गलत सूचनाओं का खंडन किया।

# दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा जी के कुशल निर्देशन में एनसीसी गोवा रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाईयों द्वारा योग प्रशिक्षण के दौरान अंकित योगाचार्य ने योग के विविध आसन तथा मुद्राओं के माध्यम से मानव जीवन में उनकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए योग प्रशिक्षण दिया। शिक्षिकाओं ने योग के माध्यम से उसके महत्व को समझा, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है यह उक्ति योग के माध्यम से चरितार्थ होती है। कहते हैं-- प्रतिदिन करिए योग रहिए सभी निरोग इस स्लोगन के माध्यम से साधारण जनता को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर माधवी सिंह डॉ अंजु गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर डॉ ज्योति अग्रवाल,डॉक्टर शमा बी, डॉक्टर सरिता रानी, डॉ नूतन राजपाल, डॉ संध्या चतुवेर्दी ,डॉक्टर नम्रता निश्चल त्रिपाठी, डॉक्टर गरिमा सिंह, डॉ निधि गुप्ता, अंजली यादव, डॉ ममता अग्रवाल, नितुल शर्मा, निधि राजोरिया, संजय उपाध्याय, डॉ यशपाल, सौरभ शर्मा, शालिनी गुप्ता एवं साक्षी मिश्रा, ने उपस्थित होकर शिविर को सफल आयाम प्रदान किया।

# एस आई आर फॉर्म भरने वालों का मुख्यमंत्री ने बढ़ाया हौसला।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। मतदाता पुनः परीक्षण अभियान (एस. आई.आर.) अभियान में 100 से अधिक फॉर्म भरने वाले 88 भाजपा के जिला पदाधिकारियों व कार्यकताओं से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री . योगी आदित्यनाथ ने भेंट की और इस दौरान सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रशंसा की इसी तरह सक्रिय रूप से कार्य करते रहें।।। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , शिव शंकर शर्मा , राघवेंद्र सिंह , शैलेन्द्र सिंह , भंवर सिंह ठेकेदार चेयरमैन टूंडला , रंजना सिंह चेयरमैन सिरसागंज , कमलेश राजपूत ब्लाक प्रमुख , सुशील चक , गोपाल कृष्ण सिंह , शीलू सविता , पवन चक , अवनीश गुप्ता , नीलम दिवाकर , संजय चक, रेनु उपाध्याय , ज्योति गुप्ता , मनप्रीत कीर , दिनेश गुप्ता , ओमेंद्र बघेल , अजित राजपूत, महिपाल निषाद , देश दीपक चौहान , अतुल शुक्ला , मान पाल लोधी , राजवीर राजपूत , मंजेश शर्मा यशपाल यादव , सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।।



# दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में हुआ योग शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय योग संस्थान शाखा दिगंबर जैन इंटर कॉलेज बड़ौत एवं जैन मिलन नगर परिवार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग शिविर का आयोजन श्री अजितनाथ सभागार दिगंबर जैन इंटर कॉलेज बड़ौत में किया गया। शिविर में 200 से अधिक योग साधकों द्वारा योग



क्रियाएं की गई। शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ मुकेश जैन अध्यक्ष श्री अजितनाथ जैन मंदिर,राजेश भारती राष्ट्रीय संरक्षक भारतीय जैन मिलन और अरविंद शर्मा शाखा अध्यक्ष द्वारा किया गया। शिविर में राजकुमार रुहेला द्वारा सूक्ष्म आसन, शिक्षिका मंजू द्वारा पैरों के सूक्ष्म व्यायाम,वरदान जैन द्वारा हंसी के व्यायाम,अरविंद शर्मा द्वारा कपाल भाती प्राणायाम, कराए गए। शिविर में अरविंद शर्मा,वरदान जैन,राजकुमार रोहेला,शिवप्रकाश,अक्षय जैन,दीपक जैन,वीरेंद्र पिन्टी ,अनिल जैन,राजेंद्र जैन,जितेंद्र जैन,वंदना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# बामनौली जैन स्थानक का उद्घाटन समारोह 24 को

**समाज जागरण**

बागपत। व्याख्यान वाचस्पति श्री मदन लाल महाराज की दीक्षा भूमि बामनौली गांव के नवनिर्मित जैन स्थानक का उद्घाटन समारोह 24 जून को सुबह साढ़े आठ बजे से पूज्य श्री सुदर्शन लाल महाराज के सुशिष्य संघ संचालक श्री नरेश चंद्र महाराज ठाणे 7 और साध्वी श्री सुप्रज्ञा जी महाराज ठाणे 5 के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। संघ संचालक \नरेश चंद्र महाराज




सुबह बिजरौल से विहार करके बामनौली पहुंचे।जैन स्थानक में मुनि श्री का मंगल प्रवचन हुआ,जिसमें दिल्ली,मेरठ, शामली, बड़ौत आदि अनेक स्थानों से जैन श्रद्धालु उपस्थित थे। मुनि श्री ने सुंदर स्थानक के निर्माण के लिए बामनोली कमेटी को बहुत बहुत आशीर्वाद दिया। उन्होंने बामनौली के सभी श्रोताओं को धर्म से जुड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि धर्म ही सच्चा साथी है। हम पूरे दिन सभी कार्यों के लिए तो समय निकाल लेते हैं, लेकिन धर्म के लिए नहीं। प्रतिदिन कुछ न कुछ समय निकालकर धर्म ध्यान,सामयिक आदि अवश्य करना चाहिए और गुरु की वाणी सुननी चाहिए। धर्मसभा में देवेंद्र जैन, घसीटू मल जैन, सुखमाल जैन,वरदान जैन,अशोक जैन, सविन जैन नवनीत जैन,अभिषेक जैन, मनीष जैन, हँस कुमार जैन,संजय जैन,शरद जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 24 जून को सुबह साढ़े आठ बजे से बामनौली के स्थानक का उद्घाटन समारोह मुनिसंघ के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा।

# गोगा म्हाडी पर विशाल भंडारा आज

**समाज जागरण**

कैराना। झाड़खेड़ी स्थित जाहरवीर गोगा म्हाडी पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

जाहरवीर गोगा म्हाडी सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जाहरवीर गोगा म्हाडी पर मंगलवार सुबह सात बजे से 30वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में विशाल जागरण के दौरान दूसरे प्रदेशों से आए कलाकार जाहरवीर गोगा जी का गुणगान करेंगे।

# खाद्य विभाग की टीम ने डेरियों पर मारा छापा

**समाज जागरण**

कैराना। नकली दूध सप्लाई की सूचना पर खाद्य विभाग की टीम में दो दूध डेरियों पर छापेमारी कर सैंपल लिए।

सोमवार को खाद्य निरीक्षक कंवरपाल ने अपनी टीम के साथ गांव खुरगान में दिलशाद और समरयाब के घरों पर संचालित दूध की डेरी पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दोनों के यहां से दूध के सैंपल लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिए। खाद्य निरीक्षक कंवरपाल ने बताया कि सूचना पर छापेमारी की गई थी। सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आठ वर्षीय बालक से कुकर्म में वांछित दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना। आठ वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

तीन दिन पहले नगर के एक मोहल्ला निवासी आठ वर्षीय बालक को दो लड़के सरकारी अस्पताल के पीछे ले गए थे। आरोप था कि दोनों ने बालक के साथ जबरदस्ती कुकर्म किया था। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए एक बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया था। सोमवार को पुलिस ने मामले में वांछित चल रहे आरोपी तनवीर निवासी मोहल्ला इकबालपुरा को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

# हरिद्वार में बागपत के छात्रों का कमाल, तीरंदाजी-निशानेबाजी में जीते 6 गोल्ड मेडल

**श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के विद्यार्थियों ने झारखंड-यूपी गुरुकुल प्रतियोगिता में लहराया परचम; कोच विजय प्रताप के नेतृत्व में लौटे, ढोल-नगाड़ों से स्वागत**

**समाज जागरण**

बड़ौत। श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के विद्यार्थियों ने हरिद्वार में आयोजित तीरंदाजी-निशानेबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता 15 जून से 30 जून तक उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता झारखंड प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के गुरुकुल विद्यार्थियों के बीच खेली गई। इसमें श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के प्रिंस कौशिक, अर्जुन कृष्णा आतरे, अनंत जमदग्नि, आरव दुबे, शिवा भारद्वाज व यश शर्मा ने गोल्ड मेडल जीते। सभी विद्यार्थी कोच विजय



प्रताप के नेतृत्व में प्रतियोगिता जीतकर लौटे है। सोमवार को गुरुकुल केंद्र पर संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम ने प्रेस वार्ता में कहा कि आने वाले समय में ये सभी विद्यार्थी इंटरनेशनल तीरंदाजी खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर जनपद बागपत में खुशी की लहर दौड़ाएंगे। सोमवार को बड़ौत आगमन पर सभी विजेता विद्यार्थियों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बिजवाड़ा में पति को पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास, पत्नी और प्रेमी पर आरोप

**गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, सीएचसी से मेरठ रेफर; पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी**

**समाज जागरण**

बड़ौत। बिनौली थाना क्षेत्र के गांव बिजवाड़ा में शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। युवक के पिता ने पुत्रवधू व उसके कथित प्रेमी पर बेटे के ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार, गांव बिजरोल के राजीव कश्यप शनिवार रात अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान उनके शरीर में आग लग गई। आग लगने के बाद वह जलती हालत में घर से बाहर शोर मचाते हुए भागे। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और घायल को सीएचसी बिनौली ले जाया गया।



राजीव के पिता सतबीर कश्यप ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि शनिवार रात राजीव की पत्नी ने अपने कथित प्रेमी विक्रांत को घर बुलाया था। आरोप है कि दोनों ने मिलकर कमरे में सो रहे राजीव पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के बाद आरोपी प्रेमी छत के रास्ते फरार हो गया और राजीव के बच जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आग से राजीव का चेहरा बच गया, लेकिन शरीर का अधिकांश हिस्सा झुलस गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन परिजन बेहतर इलाज के लिए मेरठ के एक निजी अस्पताल ले गए। परिजनों के अनुसार युवक की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक, घायल राजीव ने भी बयान में पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर आग लगाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 14 वर्षीय किशोर लापता, बरामदगी की गुहार

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक व्यक्ति का 14 वर्षीय पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया। परिजनों ने रिश्तेदारियों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है।सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी गुलाम रसूल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र जोयब विगत 16 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की और रिश्तेदारों से भी संपर्क किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसे सकुशल बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने किशोर की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जल्दी किशोर को बरामद कर परिजनों के हवाले किया जाएगा।

# हिस्से की जमीन नहीं देने का आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगाई न्याय की गुहार

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी मां और भाइयों पर उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा करने और उसे घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।मोहल्ला रामनगर निवासी शहजाद पुत्र बाबू ने बताया कि वह अपने परिवार में कुल छह भाइयों में शामिल है, जिनमें से तीन भाइयों की मृत्यु हो चुकी है जबकि तीन भाई जीवित हैं। आरोप है कि उसकी मां छोटे भाइयों के साथ मिलकर पैतृक संपत्ति में उसका हिस्सा नहीं दे रही हैं। पीड़ित का कहना है कि उसके हिस्से की जमीन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और उसे जबरन घर से बाहर निकाल दिया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके दिवंगत भाइयों की विधवाओं के हिस्से की संपत्ति भी उन्हें नहीं दी जा रही है तथा उनका सामान भी घर में रखा हुआ है। कई बार परिवार के लोगों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सकासोमवार को पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर पूरे मामले की जांच कराते हुए उचित कार्रवाई और न्याय दिलाने की मांग की है।

# आवारा कुत्तों के हमले में वृद्धा समेत तीन घायल, एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आवारा कुत्तों ने एक वृद्ध महिला समेत तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराने के साथ एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए। सोमवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी करीब 70 वर्षीय वृद्ध महिला वेदो अपने घर के बाहर बैठी हुई थीं। इसी दौरान अचानक पहुंचे आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाकर वृद्धा को बचाया। इसके अलावा कस्बे के ही निवासी केला और सोनू को भी अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया।सभी घायल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार कर एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगाए।क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे व आसपास के गांवों में आए दिन आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक शिकार हो रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।ग्रामीणों और कस्बावासियों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग करते हुए जल्द प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बड़ौत तहसील में अधिवक्ताओं की हड़ताल छठे दिन भी जारी, रजिस्ट्री कार्यालय पर जड़ा ताला

**'अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है' के नारों के साथ निकाला जुलूस; महामंत्री बोले- मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा**

**समाज जागरण**

बड़ौत। बड़ौत तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की हड़ताल सोमवार को छठे दिन भी जारी रही। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जुलूस निकालते हुए 'आवाज दो हम एक हैं' और 'अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है' के नारे लगाए। इसके बाद रजिस्ट्री कार्यालय पर तालाबंदी कर दी गई। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट ने सोमवार को अपने चेंबर पर मीडिया से कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं करती, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।



उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं की हड़ताल 14 जून से लगातार जारी है और मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगी। यह धरना-प्रदर्शन सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट व महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर एडवोकेट के नेतृत्व में चल रहा है। तहसील परिसर के सभी अधिवक्ताओं ने हड़ताल का समर्थन करते हुए धरना दिया।

# भरत तिवारी प्रकरण: सीबीआई जांच की मांग, प्रधानमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बोला- न्याय होता हुआ दिखना चाहिए; पीड़ित परिवार को नौकरी व सुरक्षा देने की मांग**

**समाज जागरण**

बड़ौत। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने भरत तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में हुई मृत्यु प्रकरण को गंभीर जनहित एवं न्याय से जुड़ा विषय बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिलाधिकारी बागपत के माध्यम से ज्ञापन दिया। संगठन का कहना है कि किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र में कानून से ऊपर कोई नहीं हो सकता तथा न्याय व्यवस्था पर जनता का विश्वास सर्वोपरि है। यदि किसी घटना को लेकर समाज में प्रश्न उठ रहे हैं तो उनका उत्तर निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच से दिया जाना चाहिए।महासंघ ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सीबीआई जांच कराई जाए। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाए जाएं उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक



सहायता, परिवार के एक योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। संगठन ने कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए बल्कि समाज को होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। यदि किसी नागरिक की मृत्यु को लेकर समाज में शंका और प्रश्न उत्पन्न हो रहे हैं तो सरकार एवं संबंधित संस्थाओं का दायित्व है कि तथ्यों को निष्पक्ष रूप से सामने लाया जाए। इस अवसर पर पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र दत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट विजय शर्मा, जिला संरक्षक राधेश्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, राकेश शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अग्निवीर सैनिक की ट्रेनिंग पूरी का लौटे सुनील कुमार का हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

बागपत। अग्निवीर सैनिक लक्ष्य पुत्र सुनील कुमार पौत्र स्व ईश्वर सिंह पांचाल अग्निवीर ट्रेनिंग 2026 पूरी करके बागपत रोड रेलवे स्टेशन पर सर्व समाज के लोगो ने स्वागत किया। उसके बाद निवास स्थान रामदास कॉलोनी टटीरी पर श्री विश्वकर्मा ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रशस्ति पत्र एवं फूलमालाओ से अग्निवीर को को सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद दिया। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मसिंह पांचाल, मास्टर महावीर वशिष्ठ एवं सभा का संचालन मास्टर सत्यपाल सिंह विश्वकर्मा ने किया। बैठक में बाबूराम विश्वकर्मा, वीर सिंह विश्वकर्मा जी, पदम सिंह पांचाल जी,मनोज ठेकेदार, विजेंद्र शास्त्री,



मनोज सैनी, शहजाद ,यूनुस, श्रद्धानंद पांचाल, धर्मवीर पांचाल, प्रवीण विश्वकर्मा, थान सिंह प्रजापति, रामकुमार पांचाल, कृष पांचाल अश्विनी पांचाल मनीराम जांगिड़ मोनू जांगिड़ मास्टर रमेश चंद्र विश्वकर्मा आदि अनेक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कांजी हाउस की करोड़ों की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप, एसडीएम से जांच की मांग

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक युवक ने नगर पालिका की विवादित कांजी हाउस की भूमि पर अवैध रूप से मार्केट निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कैराना को शिकायत पत्र सौंपकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में नगर पालिका अधिकारियों और एक प्रॉपर्टी डीलर पर सांठगांठ कर करोड़ों रुपये की सरकारी भूमि को खुर्द-बुर्द करने का आरोप लगाया गया है। नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी अक्षत जैन पुत्र उपेंद्र जैन ने एसडीएम कैराना को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके मकान के निकट स्थित नगर पालिका की कांजी हाउस की भूमि पिछले कई वर्षों से खाली पड़ी हुई थी। पूर्व में इस स्थान पर नगर क्षेत्र का कूड़ा एकत्रित किया जाता था। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि को लेकर पहले से ही नगर पालिका और अन्य पक्षों के बीच न्यायालय में विवाद चल रहा है, जिसमें नगर पालिका द्वारा भी इसे कांजी हाउस की भूमि बताया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वर्तमान में नगर पालिका के कुछ अधिकारियों द्वारा कथित रूप से एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ मिलीभगत कर विवादित भूमि पर अवैध तरीके से दुकानों एवं मार्केट का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये मूल्य की इस सरकारी भूमि को निजी लाभ के उद्देश्य से कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है।बताया कि विवादित भूमि के बराबर में नगर पालिका की लगभग 12 फीट चौड़ी पट्टे की सड़क मौजूद है, जिस पर भी कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अपना दावा जताते हुए रास्ता खोल लिया गया है। इससे भविष्य में क्षेत्र में विवाद और कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है।पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की राजस्व एवं संबंधित विभागों से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने से बचाया जाए जाने की मांग की है।

# कांच नगरी को मिली 658 करोड़ रुपये की 81 विकास परियोजनाओं की सौगात

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांच नगरी फिरोजाबाद को 658 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 81 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। टूंडला तहसील के ग्राम पंचायत उसायनी में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद के विकास को नई गति प्रदान की।

मुख्यमंत्री का जनपद आगमन पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को उनके नए घरों की चाबियां सौंपीं। चाबियां प्राप्त करते ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, चेक एवं उपकरण भी वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर कुल 81 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें शिकोहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 139 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 67 करोड़ रुपये की 22 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं टूंडला विधानसभा क्षेत्र में 94 करोड़ रुपये की 14 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 358 करोड़ रुपये की 26 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज माफिया, गुंडों और उपद्रवियों से मुक्त होकर विकास की नई पहचान बना रहा है। प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा तथा 65 लाख गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि दो करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं



तथा लाखों किसानों के निजी नलकूपों के बिजली बिल माफ किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद के कांच उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कारीगरों और उद्यमियों ने आधुनिक तकनीक एवं बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार कर चीन जैसे देशों को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद के उत्पाद अब ह्यलोकल से ग्लोबलह्ल की यात्रा तय कर रहे हैं।

**फिरोजाबाद के कांच उत्पादों की वैश्विक पहचान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली, दीपावली, विजयादशमी सहित विभिन्न त्योहारों पर अब चीनी उत्पादों के स्थान पर फिरोजाबाद में निर्मित भगवान गणेश, रामदरबार, राधा-कृष्ण, भगवान शिव और बुद्ध की कांच निर्मित प्रतिमाएं लोगों की पहली पसंद बन रही हैं तथा वैश्विक बाजार में अपनी विशेष पहचान स्थापित कर रही हैं।

**लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन**

मुख्यमंत्री ने जनपद में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन धर्म के पुनरोद्धार में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने बताया कि औरैया मेडिकल कॉलेज का नाम भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा गया है।

**विकास और कानून व्यवस्था से बदली प्रदेश की तस्वीर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का राज स्थापित होने से उत्तर प्रदेश आज विकासपरक छवि के साथ देश-दुनिया में पहचान बना रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा अयोध्या, काशी और मथुरा-वृंदावन के विकास से प्रदेश वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को आधुनिक तकनीक, गैस आपूर्ति, सौर ऊर्जा एवं विद्युत आधारित भट्टियों की सुविधा उपलब्ध कराकर उद्योगों को बढ़ावा दे रही है।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है तथा बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, मेयर कामिनी राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सुमित प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल शामली की ओर से रविवार देर रात शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में शपथ ग्रहण समारोह एवं व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के व्यापारियों एवं उद्यमियों ने भाग लिया।




समारोह में उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंधी, प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी तथा पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विशाल गुप्ता एवं उनकी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा कैराना, कांधला, थानाभवन एवं उद्योग मंच की टीमों का भी शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के 22 उद्योगपतियों एवं व्यापारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों और जिले के विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित संस्थानों में करियर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड, अमर स्प्लिंट्स प्राइवेट लिमिटेड, सुपीरियर बायोफ्यूल्स, हीमेनवीरो एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल और दिव्या एंटरप्राइजेज सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे।

जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा और किसी भी व्यापारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान व्यापारियों की विभिन्न मांगों से संबंधित एक मांग पत्र भी मुख्य अतिथि को सौंपा गया।शपथ लेने वालों में विशाल गुप्ता, कुणाल कौशल, ईश्वर दयाल कंसल, मजार खान, रजत शर्मा, मानव ऐरन, आशीष गर्ग और सचिन श्याम जांगिड़ समेत विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन आयुष्मान सिंघल और आकाश गुप्ता ने किया। मौके पर अमित चौधरी,श्रीकांत जैन, अनिल कुमार गुप्ता, निर्भय संगल, अवनीश गर्ग मौजूद रहे।

# वर्तमान चेयरमैन पति ने सपा से जुड़े लोगों पर लगाया बदनाम करने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कस्बा एलम की नगर पंचायत की वर्तमान चेयरमैन के पति एवं भाजपा नेता अश्वनी पंवार ने समाजवादी पार्टी से जुड़े कुछ लोगों पर उन्हें बेवजह बदनाम करने तथा उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।



शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर पंचायत चेयरमैन रीना पंवार और उनके पति अश्वनी पंवार ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर लगाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी से जुड़े कुछ लोग नगर पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों से बौखलाकर उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। अश्वनी पंवार ने कहा कि कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश है और हाल ही में उनकी हत्या की साजिश भी रची जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सुरक्षा कारणों के चलते शासन द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई है। कहा कि उनकी जवाबदेही जनता के प्रति है और नगर पंचायत में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व चेयरमैन द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि जिस भूमि को राजस्व अधिकारियों द्वारा चिन्हित किए जाने के बाद जनवरी माह में चारदीवारी कराई गई थी। निर्माण कार्यों के लिए टेंडर भी जारी किए गए, लेकिन कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट की थी, जिसके संबंध में प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई थी। अश्वनी पंवार ने आरोप लगाने वाले कुछ व्यक्तियों के आपराधिक इतिहास का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विरुद्ध विभिन्न जनपदों में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अपने ऊपर लगाए गए हत्या के आरोपों पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में तत्कालीन राजनीतिक दबाव में उन्हें एक मामले में नामजद किया गया था, लेकिन बाद में सीबीसीआईडी जांच में उन्हें निर्दोष पाया गया। उन्होंने कहा कि उनका परिवार पिछले चार पीढ़ियों से कस्बे की जनता की सेवा करता आ रहा है। नगर पंचायत के सभी टेंडरों में पारदर्शिता बरती जाती है और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर पंचायत चेयरमैन रीना पंवार स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं और उनके कार्यों में उनका कोई हस्तक्षेप नहीं है। पशुचार भूमि और अन्य खसरों से संबंधित लगाए गए आरोप भी तथ्यहीन हैं तथा उनके परिवार का किसी सरकारी भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं है। उन्होंने आरोपों को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, सुधीर पंवार, जसबीर, देवेन्द्र सिंह, तेजपाल सभासद, राहुल सभासद, मास्टर बबलु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर फिसली बाइक बालिका की दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) शहर के दिल्ली रोड पर बाइक फिसलने से हुए सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को अपने साथ ले गए और गमगीन माहौल में बालिका का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



कस्बा कांधला क्षेत्र के गांव जसाला निवासी रविंद्र सिंह अपनी 13 वर्षीय पुत्री आराध्या चौहान और पुत्र शिवम के साथ बाइक से शामली आये थे। बताया जाता है कि जब वह अपने कार्य पूर्ण कर अपने गांव लौट रहे थे तो बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल के समीप पहुंची, अचानक बाइक का असंतुलित बिगड गया और फिसलकर गिर गई। इससे बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में आराध्या चौहान के सिर में गंभीर चोट लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बावजूद पिता रविंद्र सिंह बेटी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन बालिका के शव को बिना किसी कानूनी कार्यवाही के अपने साथ ले गए और गमगीन माहौल में शव को अंतिम संस्कार कर दिया। बालिका के मौके बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के असमय निधन से पूरे गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जनगणना के प्रथम चरण में ओबीसी के आंकड़े अलग से दर्ज न किए जाने का विरोध करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा। संगठन ने मांग पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।




ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2027 की राष्ट्रीय जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और पारिवारिक जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें परिवारों की श्रेणी के संबंध में केवल एससी, एसटी और अन्य का विकल्प दिया गया है, जबकि ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कोई विकल्प उपलब्ध नहीं कराया गया है। इससे ओबीसी वर्ग की जातीय गणना नहीं हो सकेगी, जो इस वर्ग के साथ अन्याय है। संगठन ने मांग की कि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए अलग श्रेणी निर्धारित की जाए, ताकि उसके आंकड़े पृथक रूप से संकलित किए जा सकें और सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जनगणना के लिए तैयार किए गए मोबाइल एप के माध्यम से पूरी प्रक्रिया डिजिटल रूप से संचालित की जा रही है। संगठन का आरोप है कि इस व्यवस्था में आंकड़ों का कोई भौतिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होगा और न ही गलत जानकारी दर्ज होने की स्थिति में किसी की जवाबदेही तय की गई है। ऐसे में आंकड़ों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। इसलिए जनगणना के आंकड़ों के भौतिक सत्यापन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा ज्ञापन में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की वर्षों पुरानी बस्तियों को उजाड़े जाने पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई। उन्होने बताया कि उक्त मांगों के समर्थन में देश के 31 राज्यों के 625 जिलों में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा जा रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन के अगले चरण में राष्ट्रव्यापी रैली और प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों एवं किसानों ने विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम न्यायिक को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसानों ने खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।



ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश का किसान बढ़ती खेती लागत, नकली कृषि सामग्री, प्रशासनिक जटिलताओं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर न मिलने के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। संगठन ने मांग की कि विरासत एवं बंटवारे से जुड़े अंश निर्धारण के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाए, ताकि किसानों को तहसीलों के चक्कर न लगाने पड़ें। किसानों ने फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने, सभी पात्र किसानों की आईडी शीघ्र जारी करने तथा तकनीकी त्रुटियों का समाधान कराने की मांग उठाई। साथ ही डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी और ओवररेटिंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।ज्ञापन में नकली बीज, नकली कीटनाशक एवं मिलावटी उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाने, खराब एवं फेल बीजों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने तथा बीज वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी शामिल है। किसानों ने सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी तथा फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाने की भी मांग की। भाकियू अराजनैतिक ने आवारा एवं निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान, नहरों और सरकारी नलकूपों से बेहतर सिंचाई व्यवस्था, कृषि कार्यों के लिए नियमित बिजली आपूर्ति तथा गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को ब्याज सहित तत्काल दिलाने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर कालेन्द्र मलिक, अमित पंवार, सुरेश मलिक, दीपक पंवार, संदीप जावला, धर्मेन्द्र मलिक, आजाद चौहान, विनोद तोमर, दुष्यंत, कृष्णपाल, पवनवीर, अंकुर आदि मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर विधुत लाइन को स्थानांतरित कराने की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिले के ग्राम जगनपुर, कंडेला, हिंगोखेड़ी और शेखूपुरा के ग्रामीणों ने जनसुरक्षा और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर 11 केवी विद्युत लाइन को अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों और विद्यालय प्रशासन की ओर से डीएम को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई।



सोमवार को दिए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में 11 केवी विद्युत लाइन ग्राम जगनपुर के प्राथमिक विद्यालय के समीप से होकर कैराना क्षेत्र में विकसित की जा रही एक कॉलोनी तक ले जाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे अध्ययन करने आते हैं और विद्युत लाइन के विद्यालय तथा आम के बाग के बेहद निकट से गुजरने के कारण किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित लाइन के ऊपर से पहले से कई हाईटेंशन लाइनें गुजर रही हैं, जिससे हवाई करंट और अन्य तकनीकी कारणों से गंभीर हादसा हो सकता है। बरसात के मौसम में तार टूटने अथवा शॉर्ट सर्किट की स्थिति में बच्चों और राहगीरों की जान को खतरा उत्पन्न हो सकता है।

लगभग तीन किलोमीटर लंबे मार्ग पर बड़ी संख्या में पेड़-पौधे होने के कारण विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होती है। वहीं कंडेला विद्युत उपकेंद्र की सीमित क्षमता के कारण ओवरलोडिंग की समस्या भी बनी रहती है, जिससे क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती होती है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि जनहित और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 11 केवी विद्युत लाइन को विद्यालय के समीप से हटाकर किसी सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग से जोड़ा जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि लाइन को कैराना फीडर अथवा ग्राम मनामाजरा की ओर से जोड़ने की संभावना पर विचार किया जाए। इस अवसर पर अनिल राणा, अमित कुमार, राकेश कुमार, प्रियंका देवी, मोना आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस एसोसिएशन) उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी वर्ष 2026-27 के चुनाव के लिए सोमवार को जिला अस्पताल में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले के 27 पात्र मतदाता चिकित्सकों में से 23 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित मतदान में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित आठ पदों के लिए वोट डाले गए। चुनाव अधिकारी डॉ. अथर जमील और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. अनुराग की देखरेख में मतदान प्रक्रिया पूरी कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि शामली जनपद से डॉ. जगमोहन उपाध्यक्ष (सामान्य) पद तथा डॉ. तिलक अपर महासचिव पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। यह चुनाव प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ आयोजित किया गया, जहां चिकित्सकों ने अपने-अपने जिलों में मतदान किया। चुनाव अधिकारियों के अनुसार शामली में कुल 27 मतदाता चिकित्सक पंजीकृत थे, जिनमें से 23 ने मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान संपन्न होने के बाद मतपेटियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित भेज दिया गया।

# टीम आरएलडी के जिला संयोजक बने डॉ. विक्रांत जावला

**समाज जागरण**

**शामली।(फुरकान जंग)**

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर सोमवार को पार्टी कार्यालय पर टीम आरएलडी की चुनावी प्रबंधन बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमरीश त्यागी ने डॉ. विक्रांत जावला को टीम आरएलडी का जिला संयोजक नियुक्त किया। इस घोषणा पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।बैठक में अमरीश त्यागी ने कहा कि टीम आरएलडी गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने आगामी चुनावों को देखते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया।नवनियुक्त जिला संयोजक डॉ. विक्रांत जावला ने कहा कि वह मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।हस्तिनापुर क्षेत्र अध्यक्ष तरसपाल मलिक, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयरमैन और जिला अध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में टीम आरएलडी को नई मजबूती मिलेगी। मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी और पूर्व विधायक राव वारिस ने भी शुभकामनाएं दीं।बैठक में संगठन विस्तार और चुनावी तैयारियों को मजबूत करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन रजनीश कोरी ने किया। इस अवसर पर शायान अली खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# एसपी ने किया पुलिस लाइन में नवनिर्मित पुलिस कैंटीन का उद्घाटन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित पुलिस कैंटीन का उद्घाटन किया गया। एसपी एनपी सिंह ने फीता काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद एसपी ने कैंटीन का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा कैंटीन के सुचारु संचालन



के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस कैंटीन की स्थापना की गई है। एसपी ने कहा कि जनपद पुलिस अपने कार्मिकों के कल्याण और सुविधाओं के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी पुलिसकर्मियों के हित में ऐसे कल्याणकारी प्रयास निरंतर किए जाते रहेंगे। कैंटीन के संचालन से पुलिसकर्मियों को आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता में आसानी होगी, साथ ही उनके समय और संसाधनों की भी बचत होगी। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का विधि-विधान के साथ हुआ समापन, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पिछले एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित पूणार्हुति, हवन एवं विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।कथा के समापन अवसर पर कथा व्यास आचार्य महेश भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए श्रीमद् भागवत कथा की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा देती है तथा मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है।इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की। कथा पूर्ण होने के बाद मंदिर प्रांगण में हवन एवं पूणार्हुति की गई। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस दौरान गिरिराज शरण महाराज, शरद मित्तल, गुलशन खन्ना, रोहित, आकाश मेंबर, रामपाल, पंडित ब्रजमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के सफल आयोजन पर मंदिर समिति और श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल रहा।



# शराब बिक्री का विरोध करना पड़ा भारी, महिला पर किया हमला

**समाज जागरण**

कैराना। अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर एक महिला पर हमला कर घायल कर दिया। उसे गांव छोड़ने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव जगनपुर निवासी रीना ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पड़ोस में अवैध रूप से शराब बेची जाती है। आरोप है कि शराब पीने के बाद लोग उसके घर के सामने आकर गाली-गलौज करते हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे विरोध करने पर आरोपी पक्ष के लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी, जिस कारण वह घायल हो गई। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया तथा गांव छोड़ने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में सोनिया, दीक्षु, वंश, रवि, शगुन, दिनेश, सुलमत, सचिन उर्फ सोनू, रमा व योगेश के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

# एसपी ने वज्र वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और प्रभावी कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन परिसर से वज्र वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसपी एनपी सिंह ने वाहन को रवाना किया।



रवानगी से पूर्व एसपी ने वज्र वाहन का निरीक्षण कर उसमें उपलब्ध उपकरणों और संसाधनों का जायजा लिया। उन्होंने वाहन पर तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि वज्र वाहन जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, विशेष अभियानों के संचालन और विषम परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित कर उसकी कार्यक्षमता को लगातार बढ़ाया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर सुरक्षा और त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण और संवेदनशील व्यवहार करने के भी निर्देश दिए।

# जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को एक माह अवकाश देने की मांग

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों को राहत देने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने जनगणना कार्य के बदले एक माह का अर्जित अथवा विशेष अवकाश देने की मांग की है। सोमवार को जिला संयोजक बृजेश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच शिक्षक जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी से पूरा कर रहे हैं। ऐसे में उनके अतिरिक्त कार्यभार को देखते हुए उन्हें अवकाश का लाभ दिया जाना चाहिए।उपमुख्यमंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता के निर्देश दिए और सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बालकृष्ण शर्मा, सुदेश कुमार, कपिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# भूमि अभिलेखों को लेकर किसानों से किया संवाद

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)राजस्व अभिलेखों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अंश निर्माण/खतौनी पुनरीक्षण अभियान के तहत किसानों से संवाद किया गया।

सोमवार को कलस्यान चौपाल पर लेखपाल अंकित की मौजूदगी में आयोजित शिविर में किसानों को बताया गया कि खतौनी में दर्ज अंशों के सत्यापन और आवश्यक संशोधन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। किसानों को अपने भूमि अभिलेखों की जांच कराने तथा किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर समय रहते जानकारी देने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान किसानों ने भी खतौनी और भूमि से जुड़े मामलों को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। लेखपाल ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें अभियान के माध्यम से अभिलेखों को दुरुस्त कराने की जानकारी दी।



# पंजाब आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रधान नितिन नबीन का प्रदीप सिंगला ने किया स्वागत

## प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पंजाब में डबल इंजन की सरकार से आएगी खुशहाली: सिंगला

**पंजाब जैतो मन्नू शर्मा पराशर/ समाज जागरण चीफ ब्यूरो**

जैतो,22 जून : पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम पंजाब सरकार के पूर्व डायरैक्टर, नगर कौंसल जैतो के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रदीप सिंगला ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान नितिन नबीन के प्रधान बनने के बाद पहली बार पंजाब आगमन पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।प्रदीप सिंगला ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन का यह पंजाब दौरा पंजाब प्रदेश के विकास, सुशासन और जनसेवा के लिए नई ऊर्जा एवं नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब को समृद्ध, और प्रगतिशील बनाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पंजाब में भाजपा सरकार आने से डबल इंजन की सरकार ही पंजाब को खुशहाल बना सकती है। पंजाब में भाजपा सरकार आने पर केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाएं आम लोगों तक पहुँचा कर उनको लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा की सरकार आने पर प्रदेश की प्रगति में प्रत्येक वर्ग को किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा, महिलाएँ और उद्यमियों को तरक्की का समान अवसर मिलेगा। राज्य में नए उद्योगों की स्थापना होगी और बेहतर कानून-व्यवस्था के माध्यम से पंजाब विकास की नई ऊंचाइयो को प्राप्त करेगा ।



भाजपा नेता प्रदीप सिंगला जैतो नितिन नवीन का स्वागत करते हुए व अन्य नेता।

# जयकारों के बीच विश्व प्रसिद्ध सालासर बालाजी व खाटूश्यामजी धामों के दर्शनार्थ बस रवाना

## लोगों को तीर्थ धामों के दर्शनार्थ करवाना बड़ा पुण्य कार्य : बागी शर्मा

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,22 जून : क्षेत्र की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो की ओर से परिषद के अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला, सिधांषु जिंदल,कृष्ण मित्तल,गगन सिंगला गीजीवाला, रिंकू बिंदल,भरत बांसल व विक्की सिंगला भट्ठे वालों के मार्ग दर्शन से विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ धाम सालासर बालाजी व खाटूश्यामजी धामों के दर्शनार्थ 7वीं बस तीर्थ यात्रा रवाना की गई। इस तीर्थ यात्रा बस को जय बालाजी सालासर व खाटूश्यामजी के जयकारों के बीच जाने -माने समाज सेवी नवनिर्वाचित नगर कौंसलर बागी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस इस अवसर पर कहा कि उन्हें बहुत ही खुशी है कि भारत विकास परिषद इकाई जैतो मानवता की सेवा करने के साथ - साथ भारतीय संस्कृति को जीवित रखने के लिए समय - समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर कौंसिलर दिलबाग बागी शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद इकाई जैतो प्रत्येक पर्व को श्रद्धा, भक्ति भाव से मना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद जैतो की तरह से श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी दिवस को समर्पित ठंडे मीठे जल की विशाल छबील लगाई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि जल पिलाने का बहुत ही पुण्य कार्य है विशेष कर गर्मियों में ठंडे मीठे जल पिलाने का तो अनगिनत पुन्य फल की प्राप्ति होती हैं।बागी शर्मा ने लोगों से आग्रह किया कि वह अपनी समरथा के अनुसार ठंडे मीठे जल की छबील लगाएं। इस अवसर पर सुनील सिंगला, प्रहलाद राय गर्ग, जीवन गर्ग भगतूआना, मनीष माहेश्वरी, लक्ष्मी देवी बांसल, ममता जिंदल, सुरेंद्र कुमार गर्ग पूर्व आर.ए., रमेश मोंगा, जसवीर सिंह धालीवाल, मेजर सिंह, मोहन लाल जिंदल एल.आई.सी.वाले,प्रीतपाल सिंह रैडरोज जीवन गर्ग, एडवोकेट सुरेंद्र माहेश्वरी, कश्मीरी लाल गर्ग, नरेश गोयल सरस्वती वाले, पंकज सिंगला,साहिल गर्ग,गोरा लाल, सुरेंद्र माहेश्वरी बीज वाले,हरमेश बांसल व मनीष शर्मा ,रंजू गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।



नगर कौंसिलर दिलबाग बागी शर्मा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व अन्य।

# सुखजिंदर रंधावा के अध्यक्ष बनने संबंधी फर्जी पत्र वायरल

**समाज जागरण**

जैतो,22 जून( रघुनंदन पराशर ): सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने अपने नाम से शोशल मीडिया पर फैलाई गई आल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी



जाली चिट्ठी और फर्जी खबरों को लेकर सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने इस मामले में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को पत्र लिखकर तुरंत मामला दर्ज करने और असल दोषी की पहचान करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार एतवार सायं को शोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हुआ जिसमें सुखजिंदर सिंह रंधावा को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष बनाने की बात कही गई है।बाद में सुखजिंदर सिंह रंधावा ने शोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर स्पष्ट किया कि पार्टी की तरह से ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है और यह फर्जी है। यह उनकी साख को नुक्सान पहुंचाने की सोची समझी साजिश है।

# पूर्व पार्षद सुमित्रा बिंदल से दिन दिहाड़े 10 तोले सोना लूटकर फरार

**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/ दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,22 जून : समाज सेविका पूर्व पार्षद सुमित्रा बिंदल पत्नी प्रेम कुमार बिंदल गली गोरा दाई वाली जैतो को आज दिन दिहाड़े एक अक्षात युवक द्वारा लूटने की सूचना मिली है। पूर्व पार्षद सुमित्रा बिंदल के अनुसार वह आज दिन में श्रृंगार पैलेस दुकान जैतो के पास रिक्षा लेने के इंतजार में खड़ी थी कि अचानक एक युवक उसके पास आया और बोला आंटी कैसे खड़ी है तो उसने कहा कि उसने आर.वी.शांति नगर कालोनी जैतो अपने बेटे मुकेश कुमार बिंदल के घर जाना है और वह रिक्षा कख इंतजार कर रही हैं। इस पर अज्ञात युवक बोला कि उसका बेटा मेरा बहुत अच्छा मित्र है मैं आपको घर छोड़ देता हूं। वह घर जाकर इस युवक के पीछे मोटरसाइकिल पर बैठ गई। यह युवक आर.वी.शांति नगर की तरह जाने की जगह कोटकपूरा की लेकर जाने लगा तो युवक ने उससे कहा कि उससे एक प्लांट लिया है मैं चाहता हूं कि यह प्लांट आप देख ले और इसके बाद घर चलते हैं। यह युवक उसे सुन सान जगह पर ले गया और उसे डरा उसके हाथों की 2 चुडियां,डोरा, कानों के टोपस और अंगूठी लेकर फरार हो गया। सभी सोने का वजन लगभग 10 तोले है।सुमित्रा बिंदल के परिवार ने इस संबंध में पुलिस जैतो को जानकारी दे दी है। शहर में जगह-जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे में अक्षात युवक की फोटो कैद हो गई है जिस आधार पर पुलिस युवक की पहचान करेगीइ। अक्षात युवक की सीसीटीवी कैमरे में फोटो कैद हो गई है। युवक के मोटरसाइकिल के पीछे बैठी सुमित्रा बिंदल।



# यूपी में बढ़े पर्यटक तो योगी सरकार ने किया 'होम स्टे नीति' में बड़ा बदलाव

**- अब 8 कमरे तक होंगे पंजीकृत, बीएंडबी और होम स्टे इकाइयों के लिए ऑटो रिन्यूअल की सुविधा शुरू**
**- किफायती आवास सुविधाओं के विस्तार को मिलेगा बढ़ावा, रोजगार के मिलेंगे नए अवसर**
**- पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप किया गया संशोधनः मंत्री जयवीर सिंह**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 22 जून। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए योगी सरकार ने बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। नई व्यवस्था के तहत होम स्टे और बीएंडबी इकाइयों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को पहले से और आसान बनाया गया है। साथ ही पंजीकृत इकाइयों को ऑनलाइन स्वतः नवीनीकरण (ऑटो रिन्यूअल) की सुविधा भी प्रदान की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र में किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और स्थानीय लोगों को भी पर्यटन से जुड़ने के अधिक अवसर मिल सकें।

**6 की जगह अब 8 कमरों के लिए मिली मंजूरी**

उन्होंने बताया कि संशोधित नीति के अनुसार शहरी क्षेत्रों में संचालित होम स्टे इकाइयों में अब न्यूनतम एक और अधिकतम आठ कमरे (16 बेड) पंजीकृत कराए जा सकेंगे। पूर्व में अधिकतम 6 कमरों को ही किराये पर दिए जाने की व्यवस्था थी। यह भी साफ किया गया है कि शहरी इलाकों में होम स्टे ऐसी रिहायशी प्रॉपर्टी में चलने चाहिए जो या तो आवेदक की अपनी हो या फिर विकास प्राधिकरण से लीज पर ली गई जमीन पर बनी हो। प्रॉपर्टी के मालिक या उनके परिवार के सदस्यों का वहीं रहना जरूरी है।

**पर्यटकों को आवास के साथ भोजन की सुविधा**

बीएंडबी श्रेणी के अंतर्गत आवासीय अथवा लीज पर लिए गए भवनों में अधिकतम 8 कमरे पंजीकृत किए जा सकेंगे। ऐसी इकाइयों में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आवास के साथ नाश्ता और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इकाई में केयरटेकर का निवास अनिवार्य होगा और लीज पर लिए गए भवन की लीज अवधि न्यूनतम तीन वर्ष होनी चाहिए। 16 बेड वाली डॉरमेट्री भी इस श्रेणी में पात्र मानी जाएगी।

उन्होंने बताया कि आठ कमरों से अधिक क्षमता वाले आवासीय भवनों, होटल, मोटल और गेस्ट हाउस जैसी इकाइयों को इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

**तीन महीने पहले होगा स्वतः नवीनीकरण**

संशोधन के तहत पंजीकृत इकाइयों को बड़ी राहत देते हुए पोर्टल आधारित स्वतः नवीनीकरण (ऑटो रिन्यूअल) की व्यवस्था भी लागू की गई है। अब इकाई संचालक अपने पंजीकरण की अवधि समाप्त होने से पूर्व विभागीय पोर्टल पर स्वयं नवीनीकरण करा सकेंगे। यह सुविधा पंजीकरण समाप्ति की तिथि से तीन माह पूर्व उपलब्ध रहेगी।

**पर्यटन आधारित रोजगार बढ़ेंगे**

अपर मुख्य सचिव पर्यटन विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि यह संशोधन प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण आवास क्षमता बढ़ाने के लिए यह कदम विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

# निपुण भारत मिशन को नई गति देने में जुटी योगी सरकार, जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू

**समाज जागरण**

लखनऊ, 22 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निपुण भारत मिशन को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए शिक्षकों के क्षमता संवर्धन की मजबूत श्रृंखला तैयार कर रही है। इसी क्रम में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के लिए पांच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण सोमवार से प्रारंभ हो गया। राज्य स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण में सहभागी जनपदों से चयनित राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) सदस्यों और डायट मेंटर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो आगे जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण का नेतृत्व करते हुए लाखों शिक्षकों तक निपुण भारत मिशन की अवधारणाओं, नवीन शिक्षण पद्धतियों और अधिगम सुधार की रणनीतियों को पहुंचाएंगे।

# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वार पंजाब के लुधियाना में आयोजित 'युवा संवाद' में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

## जिस प्रकार पश्चिम बंगाल में भाजपा का आना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक था, उसी प्रकार पंजाब में भी भाजपा का सशक्त होना जरूरी है

**(रघुनंदन पराशर जैतो/ समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

लुधियाना (पंजाब ): 22 जूनः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन ने आज सोमवार को पंजाब के लुधियाना में आयोजित ह्ययुवा संवादद्ध को संबोधित करते हुए कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत की स्थिति कमजोर रहती थी, लेकिन आज युवाओं में खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ा है और उनके सामने स्पष्ट अवसर एवं रोडमैप मौजूद है। श्री नवीन ने हरियाणा, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों के खेल क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के खेल विकास विजन का उल्लेख किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स, मेडिकल शिक्षा और डॉक्टरों की संख्या में हुई वृद्धि को रेखांकित किया। श्री नितिन नवीन ने पंजाब के विकास, युवाओं के सशक्तिकरण और भाजपा की राजनीतिक भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी अगले छह महीनों में जनसरोकारों के मुद्दों पर संघर्ष और संपर्क अभियान को और तेज करेगी। कार्यक्रम के दौरान पंजाब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री केवल सिंह ढिल्लों सहित अन्य नेतागण भी उपस्थित रहे।श्री नितिन नवीन ने कहा कि जब मैं स्वयं स्कूल और कॉलेज जीवन में था, तब चाहे फुटबॉल हो, चाहे क्रिकेट हो, चाहे एथलेटिक्स हो या ओलंपिक, भारत का स्थान अक्सर नीचे से दूसरा या तीसरा दिखाई देता था। यदि खाता खुल जाता था, तो लगता था कि भारत का गौरव बढ़ गया। कई बार तो खाता भी नहीं खुलता था। यदि कोई एक कांस्य पदक ले आता था, तो लगता था कि चलिए, पदक तालिका में हम कहीं दिखाई तो दिए। उस समय देश में ऐसी ही परिस्थिति थी। कोई अपनी व्यक्तिगत क्षमता के आधार पर कुछ हासिल कर लेता था, तो लगता था कि कोई एक पी.टी. उषा बन जाए। आज इस देश में युवा आबादी के लिए सबसे अच्छी बात यह हुई है कि खेलों के प्रति उनका आकर्षण बढ़ा है और उनके सामने एक स्पष्ट रोडमैप दिखाई दे रहा है। अभी यहां जिन बातों और चुनौतियों का उल्लेख किया गया, वे आज भी मौजूद हैं। लेकिन जिन सरकारों और राज्यों ने इसे पूरी गंभीरता से अपने हाथ में लिया है, वे आज सफलता की कहानी लिख रहे हैं।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ओडिशा, झारखंड और हरियाणा जैसे राज्यों ने खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि एक समय हरियाणा की तुलना में पंजाब अधिक सामर्थ्यवान माना जाता था और खेलों में भी पंजाब के खिलाड़ी अधिक संख्या में सामने आते थे। लेकिन आज हरियाणा सरकार ने खेलों को अपना मिशन बना लिया है। इसी मिशन का परिणाम है कि आज हरियाणा देश के लिए अनेक पदक लेकर आ रहा है और वहाँ से कई खिलाड़ी निकल रहे हैं। खेलों को लेकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्पष्ट विजन है। आज खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए जो सपोर्ट सिस्टम चाहिए, उसे भी विकसित किया जा रहा है। विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग अकादमियाँ स्थापित की जा रही हैं, ताकि प्रत्येक खेल के प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा सके। जिस एडवेंचर स्पोर्ट्स की चर्चा की गई, उसे कई देशों ने अपने युवाओं के लिए मिशन के रूप में अपनाया है। भारत में भी इसके व्यापक अवसर हैं और एडवेंचर स्पोर्ट्स को और अधिक समर्थन मिलना चाहिए। यदि इस विषय पर सुझाव दिए जाएँ, हम श्री मनसुख मांडविया जी से इस पर चर्चा करेंगे। खेल क्षेत्र में जहाँ भी सुधार की आवश्यकता महसूस होती है, उस दिशा में सुझाव दिए जाने चाहिए और उन पर निश्चित रूप से पहल की जाएगी।श्री नवीन ने कहा कि उनकी एक साथी ने अस्पताल, स्वास्थ्य बीमा और स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा उठाया। पंजाब को अभी एक एम्स दिया गया है और स्वास्थ्य क्षेत्र में अभी भी और सुधार की आवश्यकता है। दो पीजीआई और पीजीआई सर्किल भी बनाए गए हैं। यह एक कॉर्पोरेट बिजनेस मेथड भी है। यदि यहाँ अच्छा वातावरण तैयार किया जाएगा, तो निजी क्षेत्र के खिलाड़ी भी बेहतर तरीके से आगे आएंगे। आने वाले समय में मेडिकल सुविधाओं के क्षेत्र में सरकार अपना सपोर्ट सिस्टम अवश्य खड़ा करे, लेकिन यदि निजी क्षेत्र भी अपनी व्यवस्था विकसित करता है, तो इतने बड़े देश को सेवाएं देने के लिए इसकी आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि सब कुछ सरकार ही करेगी या सरकार कुछ नहीं करेगी। सरकार जो कर रही है, उसका रोडमैप भी सामने है। कल तक कितने एम्स थे और आज कितने एम्स हैं, इसके आंकड़े सभी जानते हैं। कम से कम पिछले 12 वर्षों में उनकी संख्या दोगुनी की गई है। मेडिकल शिक्षा के लिए तैयार होने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी डेढ़ गुना से अधिक बढ़ी है। पहले जहां 40 से 50 हजार मेडिकल डॉक्टर निकलते थे, वहीं आज यह संख्या 1.5 लाख तक पहुंच गई है।राज्यसभा सांसद ने कहा कि जब इस प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जाता है, तभी अस्पतालों और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति संभव होती है। आज कई स्थानों पर अस्पताल खोले जा रहे हैं, लेकिन डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। साथ ही पैरा-मेडिकल सपोर्ट सिस्टम की भी कमी बनी हुई है। इन दोनों चीजों को एक साथ धीरे-धीरे और क्रमिक रूप से बढ़ाना होगा। यह नहीं सोचा जा सकता कि एक ही दिन में केवल अस्पताल खड़े कर दिए जाएं, क्योंकि डॉक्टरों के बिना अस्पतालों का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। एक डॉक्टर को अपनी डिग्री प्राप्त करने में लगभग पांच वर्ष लगते हैं। यदि आज डॉक्टरों की संख्या 50,000 से बढ़कर सीधे 1.5 लाख तक पहुंची है, तो इसका अर्थ है कि हर वर्ष 1.5 लाख डॉक्टर निकल रहे हैं, जो कहीं न कहीं इन अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आगे आ रहे हैं। इन डॉक्टरों को आवश्यक सुविधाएं और बेहतर जीवनशैली उपलब्ध कराना भी जरूरी है।श्री नितिन नवीन ने कहा कि हमारे एक मित्र ने लीगल फ्रेटरनिटी का विषय उठाया। निश्चित रूप से स्टाइपेंड और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के माध्यम से उन्हें सुरक्षा प्रदान करना उनकी जवाबदेही है। लॉ का क्षेत्र ऐसा है, जिससे उनका भी जुड़ाव रहा है, क्योंकि उनके कई मित्र लॉ फ्रेटरनिटी से जुड़े हुए हैं। मैं स्वयं कानून मंत्री भी रहा हूं, इसलिए एक अधिवक्ता की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को अच्छी तरह समझता हूं। कई विषय ऐसे हैं, जिन पर राज्य स्तर पर निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। कानून विभाग और अधिवक्ताओं से जुड़े मामलों में राज्य सरकार को अधिक जिम्मेदारी लेकर उन्हें आगे बढ़ाना पड़ता है। आने वाले समय के लिए जो बातें हमारे साथियों ने रखी हैं और राज्य के लिए जो सुझाव दिए हैं, उन्हें हम आरोप के रूप में नहीं, बल्कि अपनी जवाबदेही के रूप में देखते हैं। यदि भाजपा की सरकार बनती है, तो जिन विषयों को उन्होंने राज्य सरकार की जिम्मेदारी बताया है, उन्हें पूरा करना हमारी जवाबदेही होगी। पंजाब के युवा, उत्साही कार्यकर्ता और यहाँ उपस्थित युवा साथी उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पंजाब की देश में अहमियत और उसकी भूमिका का पूर्ण आभास है। पंजाब देश को सुरक्षा प्रदान करता है, उसकी संस्कृति और विरासत की रक्षा करता है। इसलिए पंजाब भारत के लिए और भाजपा के लिए, दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जीत हासिल की, तो उससे केवल पश्चिम बंगाल के लोग या भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि देश का एक-एक नागरिक खुश हुआ। पूरे देश को यह मालूम था कि पश्चिम बंगाल ऐसी स्थिति में पहुंच गया था, जहाँ से बांग्लादेशी घुसपैठ देश की सुरक्षा, युवाओं और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के लिए चुनौती बन रही थी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत से देश के सभी हिस्सों में लोगों को इसलिए खुशी हुई, क्योंकि उनका मानना था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के आने का अर्थ देश की सुरक्षा का और अधिक मजबूत होना है। हम पंजाब को भी उसी दृष्टि से देखते हैं। पंजाब में भाजपा का आना उतना ही आवश्यक है, जितना पश्चिम बंगाल में भाजपा का आना था। पंजाब में भाजपा को और अधिक ताकत के साथ आगे बढ़ना है। हम स्वीकार करते हैं कि कुछ कमियाँ भी रही हैं। यदि जनता ने अभी तक भाजपा पर पूर्ण भरोसा नहीं किया है, तो उन कमियों से सीख लेने की आवश्यकता है। हमने यह तय किया है कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरेगी। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भाजपा हर मुद्दे को उठाएगी, उसके लिए संघर्ष करेगी और जनता की आवाज बनकर अग्रिम पंक्ति में दिखाई देगी।श्री नवीन ने कहा कि अपने तीन दिन के प्रवास के दौरान मैंने अपनी टीम के साथ बैठकर इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की है। कई लोगों ने डबल इंजन की सरकार की बात की है और हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि जनता भाजपा जो उम्मीद कर रही है, उस भरोसे पर हमारी पार्टी खरी उतरेगी। अगले छह महीनों में पार्टी के संपर्क अभियान और संघर्ष को लोग सड़कों पर देखेंगे। यदि जनता का भरोसा बढ़ेगा, तो उसका समर्थन भी भाजपा को मिलेगा। यदि पंजाब के युवा शक्तिशाली और सामर्थ्यवान होंगे, तभी पंजाब भी शक्तिशाली और सामर्थ्यवान बनेगा। यह ऐसी भूमि है, जहाँ शहीदों को भी नमन किया जाता है, गुरुओं को भी नमन किया जाता है और उस पवित्र मिट्टी को भी प्रणाम किया जाता है, जिसने ऐसे वीर सपूत और ऐसे गुरु दिए हैं, जिन्होंने देश को नई दिशा प्रदान की है। पंजाब के लोगों के आशीर्वाद, शुभकामनाएँ और सहयोग से भाजपा को ताकत मिलेगी। सभी के प्रयासों से भाजपा एक अच्छी सरकार देगी, ताकि आने वाले समय में 2027 विकसित पंजाब की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो और जब 2047 में विकसित भारत का निर्माण होगा, तब उस 20 वर्षों की यात्रा में पंजाब भी अपने वैभवशाली इतिहास के साथ विकसित पंजाब के रूप में स्थापित होगा।

# शिक्षा सुधारों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु उत्कृष्ट अधिकारियों को परख रही योगी सरकार

**- भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए प्रदेश में शुरू हुई चयन प्रक्रिया**
**- अवार्ड फॉर इनोवेशन एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन के लिए 4 बीएसए और 6 बीईओ का होगा चयन**
**- नवाचार, सुशासन, अधिगम सुधार और जनभागीदारी आधारित प्रयासों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच**
**- जमीनी स्तर पर शिक्षा में बदलाव लाने वाले अधिकारियों की उपलब्धियों को मिलेगी पहचान**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 22 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शिक्षा सुधारों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में भी सक्रिय कदम उठा रहा है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार अवार्ड फॉर इनोवेशन एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन के लिए प्रदेश में चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शिक्षा प्रशासन में नवाचार, सुशासन, अधिगम सुधार, प्रभावी प्रबंधन और जनभागीदारी आधारित उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों का चयन कर उनके नाम राष्ट्रीय स्तर पर भेजे जाएंगे। यह पहल उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे शिक्षा सुधारों और नवाचारी प्रशासनिक मॉडलों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**चयनित होंगे चार बीएसए और छः बीईओ**

अपर राज्य परियोजना निदेशक प्रेम रंजन सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पुरस्कार के लिए उत्तर प्रदेश से 4 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) तथा 6 खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) का चयन किया जाएगा। इसके लिए सभी जनपदों को निर्देशित किया गया है कि वे शिक्षा प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। चयन के दौरान नवाचार, बेहतर प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता, अधिगम स्तर में सुधार, विद्यालयी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश से चयनित अधिकारी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपने कार्यों के माध्यम से प्रदेश में लागू शिक्षा सुधारों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करेंगे।

**क्या है अवार्ड फॉर इनोवेशन एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन**

उल्लेखनीय है कि अवार्ड फॉर इनोवेशन एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध राष्ट्रीय स्तर की पहल है। इसका उद्देश्य शिक्षा प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना तथा देशभर में सफल प्रशासनिक नवाचारों और प्रभावी कार्यप्रणालियों को पहचान दिलाना है।

**यह हैं निर्देश**

निर्देशों में कहा गया है कि जनपद ऐसे अधिकारियों के नाम प्रस्तावित करें, जिन्होंने शिक्षा प्रशासन में नवाचार आधारित कार्यप्रणाली अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए हों। विशेष रूप से वे अधिकारी प्राथमिकता में रहेंगे जिनके प्रयासों से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर, विद्यालय प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता या शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला हो। प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम आधारित प्रशासनिक संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए होने वाला यह चयन न केवल उत्कृष्ट अधिकारियों को पहचान दिलाएगा, बल्कि शिक्षा प्रशासन में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और बेहतर प्रदर्शन की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों में बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। निपुण भारत मिशन, बाल वाटिका, विद्यालय कायाकल्प, स्मार्ट कक्षाएं, डिजिटल शिक्षण संसाधन, मिशन प्रेरणा, शिक्षक प्रशिक्षण और अधिगम गुणवत्ता सुधार जैसे कार्यक्रमों ने विद्यालयी शिक्षा को नई दिशा प्रदान की है। इन पहलों को सफलतापूर्वक धरातल तक पहुंचाने में जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि अब ऐसे अधिकारियों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को गति दी जा रही है।

# योग करें निरोग रहे, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।



**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग जब दिवस के अवसर पर आज सुद्धिपुर स्थित आशा यस ए-वन फाउंडेशन और जय हिंद योग सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई।

आशा यस ए-वन फाउंडेशन की संस्थापिका आशा यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूक करना है। योग एक ऐसी जीवनशैली है जो तनावपूर्ण आधुनिक जीवन में संतुलन और शांति स्थापित करने में सहायक है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रक्त संचार बेहतर होता है तथा तनाव और चिंता में राहत मिलती है।

जय हिंद योग प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास केंद्र के संस्थापक आचार्य नरेंद्र यादव ने बताया कि वे बच्चों और बुजुर्गों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।

कार्यक्रम के दौरान दक्ष पाल ने चक्रासन, मयूरासन, पुष्ट आसन सहित विभिन्न उन्नत योगासनों का प्रदर्शन कर लोगों को उनके लाभों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कमलेश मौर्य, रेखा सिंह, मोहम्मद सलीम, शेख बाबू, अंकित, वृंदा नारायण, अक्षत यादव, मीना देवी आदित्य यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हरहुआ क्षेत्र की दो बेटियां चमकीं, वाराणसी की मधु और पूर्णिमा जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल




**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। वाराणसी के हरहुआ क्षेत्र की दो युवा हॉकी खिलाड़ियों मधु और पूर्णिमा यादव का चयन जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी 3 से 14 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम में होने वाले अंतरराष्ट्रीय दौरे में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। एक ही क्षेत्र की दो खिलाड़ियों के राष्ट्रीय टीम में चयन से खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

धनेसरी गांव की मधु फुल बैक पोजीशन पर खेलती हैं, जबकि चक्का गांव की पूर्णिमा यादव फॉरवर्ड खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम के अलावा इंग्लैंड, अमेरिका और बेल्जियम की अंडर-21 टीमों के खिलाफ कुल सात मैच खेलेगी। यह प्रतियोगिता स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग और इंग्लैंड के लिलशाल में आयोजित होगी।

मधु पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने विवेक एकेडमी से हॉकी की शुरूआत की थी और बाद में खेल छात्रावास तथा साई बंगलूरू में जगह बनाई। वहीं पूर्णिमा पहले भी ऑस्ट्रेलिया दौरे और जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. ए0के0 सिंह व विवेक एकेडमी के सीमांत सिंह चक्का के प्रधान मधुवन यादव पूर्णिमा के पिता एडवोकेट कौशलेंद्र यादव ,भाई हरिओम यादव सिंहापुर, धनेसरी के प्रधान अमित सिंह व मधु के पिता सत्यनारायण पटेल, भाई गोविंद नारायण पटेल ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है-डा०विजेन्द्र सिंह



**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज, अध्यात्मपुरम, ढोटारी, गाजीपुर में योग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा योग के महत्व को समझते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के योग प्रशिक्षक रमेश चौहान (सेवानिवृत्त सूबेदार) एवं रामचंद्र सिंह (पत्रकार) रहे। दोनों प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास का संदेश दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संबद्ध महाविद्यालय,पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के डॉ. विवेक सिंह एवं डॉ. शिवनारायण यादव उपस्थित रहे। साथ ही देवभूमि उत्तराखंड से पधारे शिक्षक सतेंद्र तिवारी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेन्द्र कुमार सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग करने के संकल्प के साथ हुआ।

# हार्टमनपुर में योगाभ्यास द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

"हम योग करें और सहयोग भी करें।"- फादर पी० विक्टर हार्टमन इंटर कॉलेज हार्टमनपुर गाजीपुर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हार्टमनपुर की प्राकृतिक सुंदरता अर्थात फूल पत्तियों, हरे-भरे पेड़-पौधों तथा चिड़ियों की चहचहाहट के बीच योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ "तुम्ही हो माता ,पिता तुम्ही हो। तुम्ही हो बंधु ,सखा तुम्ही हो...." गीत से किया गया। तत्पश्चात हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर के प्रबंधक फादर पी० विक्टर के द्वारा योग के इतिहास और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि आज के दिन को हम विशेष रूप से योग दिवस के रूप में मनाते हैं ।केवल अपने देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में। सरकार ने इस दिवस को महान बना दिया है और इसमें सबसे बड़ा योगदान बाबा रामदेव जी का है इसे हमें मनाना ही पड़ेगा। हम जिस देश में रहते हैं वह देश पवित्र है, पाक है ,धर्मनिरपेक्ष है ।हमारा देश धर्म को सीखने हेतु तथा शांति प्राप्ति हेतु एक विशेष स्थान है। हमारे देश के प्रतीक तीर्थ एवं धार्मिक स्थल हैं। जिसके हम निवासी हैं उसमें से एक है हमारा काशी अर्थात वाराणसी या बनारस। जहां लोग सुबह-सुबह प्रभु का नाम लेकर दिन की शुरूआत करते है चाहे उसे हम राम कहे, मसीह कहें या अल्लाह कहे ।लोग नदी के पास जाते हैं और उसमें डुबकी लगाते हैं और अपने आप को पवित्र मान लेते हैं जो की सच है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल देते हुए कहा कि हम योग करें और सहयोग भी करें अर्थात एक दूसरे की सेवा करें ।योग से हम शरीर के साथ-साथ दिमाग से भी स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ दिमाग से अच्छी सोच पनपती है।

फादर पी० विक्टर ने 92 यू० पी० बटालियन से आए प्रशिक्षक हवलदार रविंद्र सिंह का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। तत्पश्चात हवलदार रविंद्र सिंह द्वारा एनसीसी कैडेट्स को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। आज के इस कार्यक्रम में ए० एन० ओ० उदय कुमार एवं राकेश जोसेफ, अध्यापकगण एवं कर्मचारीगण ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का समापन अल्पाहार से किया गया।

# दो बाइको की आमने सामने टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के केडवर प्राथमिक विद्यालय के पास सोमवार को दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के केडवर गांव निवासी 40 वर्षीय अनंत लाल बाइक से कंही जा रहे थे की जैसे ही प्राथमिक विद्यालय केडवर के पास पहुँचे की सामने से आ रहे बाइक सवार केडवर गांव निवासी 30 वर्षीय बाइक सवार पिंटू की बाइक से आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे व रीना पटेल द्वारा दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है बाइक सवार अनंत लाल के सीने व सिर में व पिंटू के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आये थे प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर पर कर दिया गया है

# एआई सचिव जी का हुआ शुभारंभ




**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। पिरामल फाउंडेशन की ओर से विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म एआई सचिव जी का शुभारंभ सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा तथा प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से पोस्टर दिखा कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का सशक्त माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि एआई सचिव जी के माध्यम से ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, शासन की गाइडलाइन के अनुरूप आवश्यक सूचनाएं लिखित एवं मौखिक रूप में प्राप्त की जा सकेंगी। साथ ही बैठकों की कार्यवाही, रिपोर्ट तैयार करने तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों को सरल, त्वरित और समयबद्ध बनाने में भी यह प्लेटफॉर्म सहायक सिद्ध होगा। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को तकनीकी सहायता, सरकारी योजनाओ की जानकारी मिलेगी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सुविधा होगी। जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि पंचायतों में आधुनिक तकनीक का समावेश समय की आवश्यकता है। एआई सचिव जी के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को त्वरित जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों बढ़ेंगी। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से पंचायतों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी होगी तथा ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन की कोर टीम के सदस्य विंग कमांडर जैनेंद्र कुमार पाठक ने बताया की यह एप्लिकेशन एआई सचिव जी हर वक्त आपके असिस्टेंट के रूप में मौजूद रहेगा जो ग्राम प्रधान को हर सम्भव मदद करेगा, सभी ब्लाक में इसका कार्यशाला आयोजित होगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ प्राप्त कर सकें, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर बशारत, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर संतोष सिंह तथा प्रोग्राम मैनेजर चन्द्रशेखर ने एआई सचिव जी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म पंचायत प्रतिनिधियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं अन्य आवश्यक जानकारियों तक त्वरित पहुंच उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के दौरान एआई सचिव जी का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी, आवश्यक दस्तावेज तैयार करने, बैठकों की कार्यवाही दर्ज करने तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में तत्काल सहायता प्रदान करेगा। उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं अधिकारियों ने इसे सरल, उपयोगी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बताया।

# मातृशक्ति योग को अपनाएगी तो पूरा परिवार निरोगी होगा-डा०प्रीति सिंह





**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

विकसित भारत 2047" के राष्ट्रीय संकल्प को समर्पित, सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के तत्वावधान में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य पर्व के रूप में "स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग" थीम पर मनाया गया।

योगमय विद्यालय प्रांगण में प्रातः 6:00 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें सत्यदेव डिग्री कॉलेज, सत्यदेव कॉलेज आफ फामेर्सी, सत्यदेव पॉलिटेक्निक कॉलेज, सत्यदेव आईटीआई कॉलेज, सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज, सत्यदेव हॉस्पिटल तथा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के सभी कर्मचारी गण, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महासंगम में सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से योगाभ्यास किये। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. सानंद सिंह, प्रिंसिपल चंद्रसेन तिवारी एवं प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात 500+ विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशिक्षित योगाचार्य बृजमोहन जी के निर्देशन में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, कपालभाति एवं अनुलोम-विलोम का सामूहिक अभ्यास कर "एक भारत, स्वस्थ भारत"का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ. सानंद सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का 'विकसित भारत @2047' का संकल्प तभी साकार होगा जब देश का हर नागरिक शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त होगा। योग भारत की वह प्राचीन विद्या है जो आज मेडिकल साइंस को पीछे छोड़ते हुए विश्व का कल्याण करने का कार्य कर रही है। सत्यदेव ग्रुप 'शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्र सेवा' के लिए समर्पित है। नियमित योग से हमारे बुजुर्ग आत्मनिर्भर रहते हैं और अपने अमूल्य अनुभव से नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर 'विकसित भारत' के निर्माण में भागीदार बनते हैं।"

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह ने महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नारी परिवार की धुरी है। यदि मातृशक्ति योग को अपनाएगी तो पूरा परिवार निरोगी होगा। बढ़ती उम्र में महिलाओं में हड्डी एवं जोड़ों की समस्या आम है, योगासन विशेषकर ताड़ासन, वज्रासन व प्राणायाम उन्हें गतिशील व ऊर्जावान बनाए रखते हैं। स्वस्थ माँ ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करती है। इसलिए मेरी सभी माताओं-बहनों से अपील है की दिन की शुरूआत 20 मिनट योग से करें और 'निरोगी नारी, सशक्त भारत' के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने यह भी बताया कि सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी भी एक महान योगी थे जो 90 साल की उम्र में भी योग के बल पर बिल्कुल स्वस्थ थे।

प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में योग के महत्व को प्रकाशित करते हुए कहा कि बचपन में डाले गए योग संस्कार ही कल के सशक्त भारत की गारंटी हैं। आज जब मैंने एक छात्र को अपने दादा का हाथ थामे योग करते देखा, तो लगा कि यही भारत की असली शक्ति है झ जहाँ योग पीढ़ियों को जोड़ता है। 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' का सपना हर आँगन से शुरू होगा। हमारा प्रत्येक विद्यार्थी 'योगदूत' बनकर समाज को स्वस्थ जीवन का संदेश देगा।"

कार्यक्रम का समापन "स्वयं स्वस्थ, परिवार मस्त, तभी बनेगा भारत ग्रेट" के सामूहिक संकल्प के पश्चात वंदे मातरम के गगनगूंज गायन के साथ हुआ।

पूरा परिसर "योगमय भारत, सक्षम भारत" एवं "करें योग, रहें निरोग" के नारों से गुंजायमान रहा। इस उक्त अवसर पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी , काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, डॉ सुनील सिंह समेत सभी कॉलेज के प्राचार्यगण, शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय जगदीश राय की स्मृति में सारस्वत अनुष्ठान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह भव्य रूप से संपन्न



**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

साहित्य, शिक्षा एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित स्वर्गीय जगदीश राय (प्रव.) की पुण्य स्मृति में आयोजित "सारस्वत अनुष्ठान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह" रविवार को किशन मंडपम, करीमुद्दीनपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्यकारों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

समारोह के अंतर्गत वरिष्ठ साहित्यकार एवं विशिष्ट कुंडलिया रचनाकार शेषनाग राय "शेष" की कृति का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मांधाता राय ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद वाराणसी डॉ. विनोद कुमार राय उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज गाजीपुर डॉ. विकास मुनी राय ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर वक्ताओं में डॉ. रामवदन राय, श्री हरे राम सिंह, डॉ. कमलेश राय एवं श्रीमती अपर्णा मुकेश राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वर्गीय जगदीश राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके शैक्षिक, सामाजिक एवं साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करते हैं तथा समाज में ज्ञान और संस्कार की परंपरा को सुदृढ़ करते हैं।

संपूर्ण आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र की साहित्यिक चेतना को सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

# हरहुआ ब्लाक के औरा पंचायत भवन पर सहायक उपकरण वितरण आज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत औरां पंचायत भवन पर 23 जून समय 10 बजे दिन मंगलवार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों , वृद्धा पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों तथा विधवा महिला जिनका उम्र 60 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उन लोगों को निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया जाना है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार व सचिव जयप्रकाश मौर्य के अनुसार छड़ी, कमर का बेल्ट, ट्राईसाईकिल,कान की मशीन,व्हील चेयर,वाकर, कंबोड चेयर,घुटने का बेल्ट,गर्दन का पट्टा जैसे कई उपकरण बांटने एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानीय जन समय से पहुंचकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

# 17 वर्षीय नाबालिग लड़की लापता, पिता ने थाने में दी तहरीर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पिता ने थाने में तहरीर देकर दो लोगों पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 19 जून 2026 को शाम लगभग 7 बजे गांव के ही दो युवकों के साथ लापता हो गई। पिता का आरोप है कि दोनों युवक बहला-फुसलाकर उनकी बेटी को अपने साथ ले गए।पीड़ित पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी स्तर पर बेटी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 20 जून 2026 को हलिया थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी।

पिता ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी नाबालिग बेटी को बरामद कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना से किसानों की आर्थिक समृद्धि के खुले द्वार

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और ग्रामीणों की आय दोगुनी करने में मील का पत्थर साबित हो रही योजना

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने इसके लिए 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना' की शुरूआत की। यह योजना से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कारगार साबित हो रही है। अभी तक जिले में इस योजना से 148 किसान लाभान्वित हो चुके हैं। यह किसान उन्नत नस्ल की गायों का पालन कर प्रतिमाह हजारों रुपये की आमदनी कर रहे हैं। मौजूदा वित्त वर्ष के 242 लाभार्थी किसानों को मंगलवार को चयन पत्र वितरित किए जाएंगे।

नंदबाबा दुग्ध मिशन के नोडल अधिकारी मनोज दुबे ने बताया कि इस योजना के तहत पशुपालकों को उन्नत नस्ल की 02 स्वदेशी गायों की डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए 80 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य उन्नत नस्ल की स्वदेशी गौवंश को बढ़ावा देना जिससे ज्यादा दुग्ध उत्पादन के साथ साथ संकर नस्ल की गायों में फैल रही तरह तरह की बीमारियों जैसे लम्पी रोग आदि से निजात दिलाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना है।श्री दुबे द्वारा बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को दो उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों की इकाई लगानी होगी। इसकी कुल स्थापना लागत का 40 प्रतिशत या अधिकतम 80 हजार रुपये तक का अनुदान शासन द्वारा सीधे बैंक खाते में भेजा जाता है। बताया कि सरकार ने इस योजना में महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी है। कुल निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत हिस्सा केवल महिला दुग्ध उत्पादकों और महिला पशुपालकों के लिए आरक्षित किया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत मदद मिलेगी।




### गो-पालन से खुले आत्मनिर्भरता के द्वार

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के लाभार्थी मिश्रपुर,खेंरा जिगना निवासी अशोक कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने साहीवाल नस्ल की दो गायें खरीदी। वर्तमान में वह प्रतिदिन 16 लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं। उन्नत नस्ल की गाय पालने से उनकी आय में सवा लाख रुपये प्रतिवर्ष का इजाफा हुआ। यह योजना किसानों के लिए बहुत लाभकारी है। वहीं, अनंतरामपट्टी निवासी पंकज कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाकर उन्होंने दो उन्नत नस्ल की गाय पालीं। वे घर की जरूरत के अतिरिक्त दूध को पराग की समिति जो गांव में ही खुली है उसमें बेच देते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रतिमाह 5-6 हजार रुपये की आमदनी भी हो रही है। गांव में समिति होने से दूध बेचने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ता है साथ ही पूरी पारदर्शिता के साथ हर सप्ताह दूध का भुगतान भी प्राप्त हो जाता है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत हद तक कारगर है।

### 242 लाभार्थियों को आज बांटे जाएंगे चयन पत्र

नंदबाबा दुग्ध मिशन के नोडल अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत 121 महिला व 121 पुरुष लाभार्थियों को मंगलवार को दुग्ध विकास कार्यालय में चयन पत्र वितरित किए जाएंगे। जिसके बाद शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में अनुदान राशि भेजी जाएगी। सभी लाभार्थियों को इसके लिए सूचित कर दिया गया है।

### सिर्फ उन्नत नस्ल की गायों की खरीद पर मिलेगा लाभ

योजना के नियमों के मुताबिक, पशुपालकों को दूसरे राज्यों से गिर, साहीवाल, थारपारकर और हरियाणा जैसी उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायें खरीदनी होंगी। सरकार ने शर्त रखी है कि खरीदी जाने वाली गायें केवल प्रथम या द्वितीय ब्यांत की ही होनी चाहिए ताकि दुग्ध उत्पादन का अधिकतम लाभ मिल सके। इससे प्रदेश में दूध की किल्लत दूर होगी और शुद्ध स्वदेशी दूध की उपलब्धता बढ़ेगी।

# जनप्रतिनिधि के दबाव में दबी कार्रवाई? शिकायतकर्ता ने प्रशासन की निष्पक्षता पर उठाए गंभीर सवाल

## जनसुनवाई में पहुंची शिकायत, जिला पंचायत सदस्य पर लगाए राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

शहडोल। जिले के ग्राम खैरहा निवासी रघुनंदन सिंह पिता स्वर्गीय मान्धाता सिंह ने जनसुनवाई में कलेक्टर शहडोल को शिकायत सौंपकर जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई करवाने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी प्रतिद्वंद्विता के चलते उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है तथा उनके विरुद्ध कथित रूप से झूठे अतिक्रमण संबंधी प्रकरण तैयार कराए जा रहे हैं।

**पुराने विवाद को बनाया जा रहा आधार**

रघुनंदन सिंह ने आरोप लगाया है कि जिला पंचायत चुनाव के समय उनके द्वारा जगन्नाथ शर्मा के नामांकन पर आपत्ति दर्ज कराए जाने के बाद से दोनों के बीच राजनीतिक विवाद बना हुआ है। शिकायतकर्ता का दावा है कि इसी रंजिश के कारण जिला पंचायत सदस्य अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर उनके खिलाफ लगातार शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं और प्रशासनिक कार्रवाई प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**जनप्रतिनिधि से जुड़े मामले में कार्रवाई क्यों नहीं?**

शिकायत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा से जुड़े अतिक्रमण प्रकरणों को लेकर है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि शासन की भूमि से संबंधित खसरा क्रमांक 521 एवं 528 के मामले में अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज किया गया था तथा राजस्व न्यायालय द्वारा आदेश भी पारित किए जा चुके हैं।शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद संबंधित मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि उनके विरुद्ध शिकायतों पर तत्परता दिखाई जा रही है तो जनप्रतिनिधि से जुड़े मामलों में वही सक्रियता क्यों नहीं दिखाई जा रही।

**क्या राजनीतिक दबाव के कारण जांच से बच रहा प्रशासन?**

रघुनंदन सिंह ने अपने आवेदन में सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि राजनीतिक प्रभाव और दबाव के कारण प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करने से बच रहा है। उनका कहना है कि संबंधित प्रकरणों में जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं प्रशासन प्रभावशाली जनप्रतिनिधि के दबाव में तो नहीं है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रशासन उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर तत्काल सक्रियता दिखा रहा है, जबकि जनप्रतिनिधि से जुड़े मामलों में जांच और कार्रवाई को लेकर उदासीनता दिखाई जा रही है। यही कारण है कि पूरे मामले में प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं।

**शासकीय भूमि और सार्वजनिक रास्तों की जांच की मांग**

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा है कि राजस्व अभिलेखों के साथ-साथ शासकीय भूमि, चिकित्सालय की भूमि और सार्वजनिक रास्तों की वास्तविक स्थिति का परीक्षण कराया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।आवेदन में यह भी कहा गया है कि यदि मौके पर निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक अतिक्रमण और कथित आरोपों के बीच का अंतर स्पष्ट हो जाएगा। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से पूरे मामले में समान मापदंड अपनाने और प्रभावशाली लोगों पर भी नियमों के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

**प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवाल**

शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिन मामलों में पहले से राजस्व न्यायालय के आदेश मौजूद हैं, उनमें कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। यदि प्रशासन निष्पक्ष है तो उसे शिकायत में लगाए गए आरोपों की पारदर्शी जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

**अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी निगाहें**

फिलहाल यह मामला शिकायत और आरोपों के स्तर पर है तथा आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। हालांकि जनसुनवाई में दिए गए आवेदन ने प्रशासन की निष्पक्षता को लेकर बहस छेड़ दी है। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर हैं कि वह शिकायत में उठाए गए बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाता है या फिर कार्रवाई में देरी राजनीतिक दबाव की आशंकाओं को और मजबूत करती है।

# बंजर धरती पर हरियाली का चमत्कार: 20 हजार फलदार पौधों से तैयार किया अनोखा उद्यान

**समाज जागरण**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पसान क्षेत्र से पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। यहां के पर्यावरण प्रेमी एवं प्रगतिशील कृषक परमानंद कुमार ने अपनी दूरदर्शी सोच और अथक परिश्रम से वर्षों से अनुपयोगी पड़ी बंजर भूमि को एक विशाल फलदार उद्यान में परिवर्तित कर दिया है। जमुना क्षेत्र के समीप स्थित इस फार्म हाउस में आज लगभग 20 हजार फलदार पौधे लहलहा रहे हैं, जिनमें 30 से 40 प्रजातियों के विदेशी आम, उन्नत किस्म के कटहल, अमरूद सहित कई दुर्लभ फलदार वृक्ष शामिल हैं।

कभी वीरान और सूखी पड़ी जमीन आज हरियाली से आच्छादित होकर क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई है। परमानंद कुमार बताते हैं कि सही योजना, निरंतर देखभाल और धैर्य के साथ बंजर भूमि को भी उपयोगी बनाया जा सकता है। उनका मानना है कि शुरूआती दो से तीन वर्षों तक पौधों की उचित देखभाल की जाए तो आने वाले कई दशकों तक उनसे बेहतर उत्पादन और आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

इस अनूठी पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। परमानंद कुमार का कहना है कि यदि शासन और उद्यानिकी विभाग का सहयोग मिले तो इस मॉडल को बड़े स्तर पर विकसित कर जिले में रोजगार सृजन और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

परमानंद कुमार की इस उपलब्धि को देखने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी फार्म हाउस पहुंचे। पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में इतने बड़े स्तर पर विकसित ऐसा फल उद्यान बहुत कम देखा है। उन्होंने इस कार्य को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और जिला प्रशासन से स्थल का अवलोकन कराने का आश्वासन दिया।विधायक प्रतिनिधि उदय सिंह मामा ने इस फार्म हाउस को पर्यावरण संरक्षण और विकसित भारत की भावना को साकार करने वाली प्रेरणादायक पहल बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू ने कहा कि यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खोलने वाला है।परमानंद कुमार की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक सोच और निरंतर परिश्रम से बंजर धरती को भी हरियाली और समृद्धि में बदला जा सकता है। उनका यह मॉडल अनूपपुर सहित पूरे कोयलांचल क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरा है।

# तेजस्विनी द्वारा संगीत, योग एवं पितृ दिवस पर भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

शहडोल। कर्मनिष्ठा फाउंडेशन के समानांतर महिला सशक्तिकरण एवं व्यक्तित्व विकास के लिए कार्यरत तेजस्विनी समूह द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, विश्व संगीत दिवस एवं पितृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों तथा मनोरंजन का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ तेजस्विनी समूह की संस्थापक डॉ. प्रियंका त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर वसुधा मिश्रा एवं अंजलि बाजपेई द्वारा मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया वहीं एकता श्रीवास्तव ने गणेश वंदना पर मनोहारी शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों की भरपूर सराहना प्राप्त की। इसके बाद आयोजित पंक्चुअलिटी गेम में अर्चना श्रीवास्तव विजेता रहीं।

कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन योग एवं वेलनेस कोच सुगंधिता सराफ, फिजियोथैरेपिस्ट शिल्पा अग्रवाल, संगीत शिक्षिका वसुधा मिश्रा, अंजलि बाजपेई एवं एकता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

योग सत्र के दौरान सुगंधिता सराफ एवं शिल्पा अग्रवाल ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उपस्थित महिलाओं को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास भी कराया। योग आधारित रोचक प्रतियोगिता में तृप्ति सेठ प्रथम स्थान पर रहीं।

विश्व संगीत दिवस के अवसर पर संगीत की महत्ता पर संगीत शिक्षिका वसुधा मिश्रा एवं अंजलि बाजपेई ने प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि मन को शांति, ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करने वाली साधना है। इस अवसर पर तेजस्विनी समूह की ओर से डॉ. प्रियंका त्रिपाठी द्वारा संगीत आधारित विशेष गेम का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धा श्रीवास्तव विजेता रहीं। इसके अतिरिक्त हिंदी एवं अंग्रेजी अंकों पर आधारित एक ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें शालिनी शुक्ला ने प्रथम, शालिनी गुप्ता ने द्वितीय तथा शोभना वशिष्ठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को आकर्षक उपहार एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पितृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक हो उठा जब डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने सभी के पिताओं को नमन करते हुए एक मार्मिक कविता का वाचन किया। कविता ने पिता के त्याग, संरक्षण, संघर्ष और स्नेह को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त किया, जिससे उपस्थित महिलाएं भावविभोर हो उठीं।

इस अवसर पर डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है, संगीत आत्मा का स्पंदन है और पिता परिवार की शक्ति एवं संस्कारों के प्रथम शिक्षक होते हैं। इन तीनों के महत्व को समझकर ही एक संतुलित, स्वस्थ एवं संवेदनशील समाज का निर्माण किया जा सकता है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिंकी दुबे, नीतू साहा, शालिनी शुक्ला, शेफाली शर्मा, शिखा केसरवानी, सस्मिता जायसवाल, रचना मिश्रा, तृप्ति सेठ, अर्चना श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, शोभना वशिष्ठ, पूजा गुप्ता, रंजना मिश्रा, सविता यादव, ममता मिश्रा, दुर्गा गुप्ता, शालिनी गुप्ता, एकता श्रीवास्तव, अरुणा सोनी, मीनाक्षी सराफ सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन उत्साह, सौहार्द एवं सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण में हुआ। उपस्थित सभी महिलाओं ने ऐसे प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# पेंड्रा बाईपास निर्माण जनआंदोलन एवं अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल 10 जुलाई से

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला.पेंड्रा नगर की वर्षों पुरानी एवं बहुप्रतीक्षित मांग 13 किलोमीटर स्वीकृत पेंड्रा बाईपास मार्ग का निर्माण आज भी अधूरा है।बाईपास के अभाव में नगर के बीचों-बीच भारी वाहनों का आवागमन लगातार जारी है, जिससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और आमजन की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

जनहित एवं जनसुरक्षा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर जिला प्रेस क्लब गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के बैनर तले दिनांक 10 जुलाई 2026 से दुर्गा चौक पेंड्रा स्थित बरगद वृक्ष के नीचे अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल एवं जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है।

# राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## - नोहटा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, मंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह/नोहटा प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शुक्रवार को नोहटा स्थित कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे नागरिकों एवं ग्रामीणों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर पहुंचे।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने उपस्थित लोगों का कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, बिजली, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। मंत्री ने प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की और समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े मामलों का समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जनसुनवाई के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और क्षेत्र के विकास संबंधी सुझावों पर भी चर्चा की। क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं को गंभीरता से सुनने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, बुलेरो से अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

## पटेरा क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पटेरा (दमोह)। परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा-निर्देशन में में चलाए जा रहे नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत सोमवार देर रात 1:30 बजे भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। कार्रवाई के दौरान एक बुलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



जानकारी के अनुसार भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकताओं को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की बुलेरो वाहन पटेरा से ग्राम बर्रट जा रही थी आरोपियों ने पूछताछ बताया चैन सिंह लोधी के घर अवैध शराब लेकर जा रहे थे। संगठन के कार्यकताओं ने तत्काल थाना पटेरा पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया। सूचना के आधार पर पुलिस टीम एवं संगठन के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की।

ग्राम विलगुवां नरवा के पास संदिग्ध बुलेरो वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन से 24 केन बीयर, 12 कांच की बीयर तथा 144 पाव लाल मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 22 हजार रुपये बताई गई है। साथ ही बुलेरो वाहन क्रमांक MP 17 CG 2402 को भी जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये आंकी गई है।

वाहन में सवार मिन्नू रैकवार निवासी हटा, आशिक खान निवासी पटेरा एवं विक्की अहिरवार निवासी सैलवाड़ा थाना तेंदूखेड़ा से शराब परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे नशा विरोधी जन आंदोलन के अंतर्गत भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और अवैध शराब, नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरण के साथ-साथ प्रशासन को सूचनाएं देकर कार्रवाई में सहयोग कर रहे हैं।

# दमोह: वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ का हमला, खेत में काम कर रहा युवक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह- वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर वन्यजीवों की दस्तक से दहशत का माहौल है। सोमवार सुबह मोहली परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पटना मोहली गांव में एक बाघ ने खेत पर काम कर रहे एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद से वन विभाग अलर्ट मोड पर है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है।

**सुबह-सुबह खेत पर हुआ हमला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना मोहली गांव निवासी 32 वर्षीय सुदामा यादव आज (22 जून) सुबह लगभग 6 बजे अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान जंगल की ओर से आए एक बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। अप्रत्याशित हमले से घबराए सुदामा ने शोर मचाना शुरू कर दिया।



सुदामा की चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों और गांव में मौजूद लोग लाठी-डंडे लेकर और शोर मचाते हुए मौके की तरफ दौड़े। ग्रामीणों की भारी भीड़ और शोर-शराबा सुनकर बाघ सुदामा को छोड़कर वापस घने जंगल की ओर भाग गया।

**अस्पताल में उपचार जारी, सागर रेफर किया गया**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय बीट गार्ड और वन कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से घायल सुदामा यादव को तत्काल रहली शासकीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, सुदामा के हाथ और कमर में बाघ के नाखूनों और दांतों के गहरे घाव आए हैं। रहली में प्राथमिक उपचार देने के बाद, बेहतर इलाज के लिए उन्हें सागर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है, जहाँ उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

**वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी, गांव में कराई मुनादी**

इस घटना के बाद से पटना मोहली और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में निगरानी और गश्त बढ़ा दी है।

वन विभाग द्वारा पटना मोहली गांव और उससे लगे इलाकों में मुनादी (ढोल बजाकर घोषणा) कराई जा रही है।

ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि वे अकेले जंगल की ओर न जाएं, शाम ढलने के बाद घरों से बाहर निकलने से बचें और खेतों पर भी समूह में ही जाएं।

वन अधिकारियों का कहना है कि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं ताकि भविष्य में ऐसी किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना की पहल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह - भारतीय जनता पार्टी दमोह के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर दमोह नगर में भारत के महान राष्ट्रनायक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने की पहल की है।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान वर्ष पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, ऐसे गौरवपूर्ण अवसर पर उनकी प्रतिमा की स्थापना न केवल उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि यह उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम भी बनेगी। पं. मुखर्जी भारतीय राजनीति के ऐसे आधार स्तंभ हैं, जिन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। जम्मू-कश्मीर में ह्लएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशानह्व के विरोध में उनका संघर्ष आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। दमोह नगर में उनकी प्रतिमा स्थापित होने से युवाओं को राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा मिलेगी तथा आने वाली पीढ़ियां उनके आदर्शों से जुड़ सकेंगी। शासन-प्रशासन से आग्रह किया कि नगर के प्रमुख स्थान पर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर उनके योगदान का सम्मान किया जाए।

उक्त पत्र की प्रतिलिपियां भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, दमोह जिला प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, दमोह सांसद राहुल सिंह एवं दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव को भी प्रेषित की गई हैं।

# ग्राम पंचायत धनगवा में तालाब सौंदर्यकरण के नाम पर लाखों का घोटाला, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

## सीईओ, उपयंत्री, सरपंच पर मिलीभगत का आरोप - शिकायतकर्ता को मिल रही जान से मारने की धमकी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह जिले के जनपद पंचायत पटेरा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनगवा में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जहां ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया है कि तालाब सौंदर्यकरण के नाम पर लाखों रुपये की राशि निकल गई है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नजर नहीं आ रहा हैं

ग्रामीणों के मुताबिक कागजों में तालाब को पूरी तरह से विकसित और सुंदर दिखाया गया है, लेकिन हकीकत में वहां न तो कोई निर्माण कार्य दिखाई देता है और न ही सौंदर्यकरण के कोई संकेत मिलते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकारी राशि का बंदरबांट कर लिया गया है।

**ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में जनपद पंचायत पटेरा के सीईओ हलदार मिश्रा, और उपयंत्री**

पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं है। यहां तक कि



विधायक निधि जैसी महत्वपूर्ण राशि को भी नहीं बख्शा गया और उसे निजी स्वार्थ में खर्च कर दिया गया। ग्राम पंचायत धनगवा निवासी जय सिंह लोधी ने सरपंच और पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि तालाब निर्माण और सौंदर्यकरण के नाम पर विधायक निधि से कराए जा रहे कार्यों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत पंचायत से जानकारी मांगी तो उन्होंने सही जानकारी नहीं दी इस गड़बड़ी का विरोध किया तो सरपंच पति पंचायत सचिव और,उनके परिजनों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। साथ ही उनके 10, 11साथियों के घर जाकर बीपीएल कार्ड निरस्त कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ बंद करने की धमकी भी दी जा रही है शिकायतकर्ता जय सिंह लोधी ने इस पूरे मामले की शिकायत जनपद पंचायत पटेरा के सीईओ से की है।

अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सरकारी राशि की वसूली की जाए। साथ ही शिकायतकर्ता और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

ग्राम पंचायत धनगवा का यह मामला एक बार फिर ग्रामीण विकास योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खोलता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है।

# बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए 28 से 30 जून तक चलेगा विशेष पल्स पोलियो अभियान

## कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तैयारियों की समीक्षा, सभी विभागों को दिए समन्वित कार्य के निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। जिले में 28, 29 एवं 30 जून को आयोजित होने वाले विशेष पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अभियान की रणनीति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति (डीटीएफ) की बैठक कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न सहयोगी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभियान के पहले दिन 28 जून को अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो बूथों तक लाने के लिए व्यापक जनजागरूकता एवं मोबिलाइजेशन गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी विभागों का मैदानी अमला आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाए।

**पहले दिन बूथों पर अधिकतम बच्चों को लाने पर जोर**

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अभियान के प्रथम दिवस सभी पोलियो बूथों पर अधिकतम संख्या में बच्चों को लाकर पोलियोरोधी दवा पिलाई जाए। इसके लिए आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य जिले के 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचना है।

**घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पिलाई जाएगी दवा**

बैठक में बताया गया कि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी, जो किसी कारणवश पहले दिन बूथों तक नहीं पहुंच पाएंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान में लगे कर्मचारियों का प्रशिक्षण समय पर पूरा किया जाए तथा उन्हें कार्यप्रणाली, सावधानियों और दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी जाए।

**बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष व्यवस्था**

अभियान के दौरान आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नियमित पोलियो बूथों के अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार, सार्वजनिक स्थलों, ईंट भट्टों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष बूथ और मोबाइल टीमों की तैनाती की जाएगी। इससे प्रवासी, घुमंतू एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को भी पोलियोरोधी दवा का लाभ मिल सकेगा।

**पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि बनाए रखना जरूरी**

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि भारत ने वर्षों के प्रयासों से पोलियो मुक्त देश का गौरव हासिल किया है और इस उपलब्धि को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दो बूंद दवा पिलाएं।

उन्होंने कहा, "यह केवल दो बूंद दवा नहीं, बल्कि बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है।" जिला प्रशासन ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों, सामाजिक संगठनों और आमजन से सक्रिय सहयोग की अपील की है।

# न्यूनतम मजदूरी को लेकर मजदूरों का फूटा गुस्सा, डीएम को सौंपा ज्ञापन, मांगें न मानी गई तो आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी (मिनिमम वेजेस), बोनस एवं श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली सुविधाओं को लेकर श्रमिक संगठन ने जोरदार आवाज उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए संबंधित कंपनियों की जांच की मांग की।



संगठन अध्यक्ष मणिशंकर पाठक ने आरोप लगाया कि वीनस कंपनी द्वारा मजदूरों का लगातार शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिनिमम वेजेस के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितताएं और आर्थिक शोषण हो रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सुनिधि मैनपावर सप्लायर, एसएमएस कंपनी तथा अन्य ठेका कंपनियों के माध्यम से मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। मजदूरों को श्रम नियमों के अनुसार उचित वेतन, बोनस और अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। संगठन के मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि वीनस कंपनी, एसएमएस कंपनी और ओम शिवम कंपनी जैसी संस्थाएं यदि जल्द से जल्द मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं करतीं, तथा मिनिमम वेजेस, बोनस और श्रम कानूनों के तहत मिलने वाले अधिकार सुनिश्चित नहीं किए जाते, तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मजदूरों की आवाज को अनसुना किया गया तो आने वाले दिनों में बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों और प्रशासन की होगी।

इस दौरान मौके पर रामेश्वर गिरी, रितेश वर्मा, छोटू कुमार, कन्हैया कुमार, राजेश कुमार, तेजेंद्र कुमार, अतुल सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

# पूंजी पलायन रोक लगा किया जाए रोजगार सृजन, रोजगार-सामाजिक अधिकार यात्रा जारी

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जनगणना में आदिवासी धर्म कोड शामिल करने समेत 8 सूत्रीय एजेण्डे पर जारी रोजगार सामाजिक अधिकार यात्रा नवाटोला, बलियरी, सुपांचुआ, लौबन, फाटपखना गांव में पहुंची। जहां ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया। संवाद में कहा गया कि यदि सोनभद्र जनपद से बैंकों में जमा पूंजी के 60 प्रतिशत पलायन को रोक दिया जाए और इसे महिलाओं और नौजवानों को सस्ते दर पर ऋण के रूप में दिया जाए तो बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की लूट पर बोलते हुए वक्ताओं ने




कहा कि इनके द्वारा 30 प्रतिशत से ज्यादा ब्याज वसूली के कारण महिलाओं का जीवन बेहाल हो गया है। तमाम नॉन बैंकिंग कंपनियां आम आदमी की गाढी कमाई का जमा पैसा लूट कर भाग जा रही है। इनकी लूट पर लगाम लगाने के लिए कानून बनाना आज बेहद जरूरी है।

वक्ताओं ने कहा कि आदिवासियों की पहचान खत्म करने की कोशिश हो रही है और उन्हें वनवासी कहकर संबोधित किया जा रहा है। ऐसे में पूरे देश में उठ रही आदिवासी धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने की मांग बेहद महत्वपूर्ण है जिसे सरकार को पूरा करना चाहिए।

यात्रा में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका, जिला प्रवक्ता मंगरु प्रसाद श्याम, रामविचार गोंड, समरजीत गोंड, महावीर गोंड, राम लखन गोंड, राजेंद्र प्रसाद गोंड, रामस्वरूप, राम अवतार पनिका, झांझरिया देवी, ललित कुमार गोंड, रामदास गोंड, काशी चेरो, ओम प्रकाश बैगा आदि लोग शामिल रहे।

# कुल डुमरी गांव में आयोजित जन चौपाल में मंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। सरकार आपके द्वार अभियान के अंतर्गत कुल डुमरी गांव में आयोजित जन चौपाल में प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री श्री संजीव कुमार गौड़ ने अधिकारियों के साथ बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें मंत्री जी के समक्ष रखीं।




इस अवसर पर मंत्री श्री गौड़ ने कहा कि जन चौपाल में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से गांव-गांव में जन चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और उन्हें अपने गांव में ही त्वरित समाधान उपलब्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित न रहना पड़े। जन चौपाल शासन एवं जनता के बीच संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो रहा है।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डीसी मनरेगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऋणी सदस्य समय से ऋण जमा करके प्राप्त करें नया ऋण : अजय कुमार
## अनपरा क्षेत्र मे सघन दौरा कर सहकारिता टीम ने वसूली ऋण

समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। सहकारी बकाये की वसूली हेतु सहकारिता विभाग की वसूली टीम ने सोमवार को अनपरा बीपैक्स क्षेत्र का सघन दौरा किया।एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार के नेतृत्व मे सहकारिता विभाग की टीम ने बकायेदारो और डिमांड कर्जदारो पर धावा बोला।तगादे और दबाव की रणनीति का परिणाम सार्थक रहा और शाम तक लगभग सवा दो



लाख रूपए की वसूली हुई। एडीसीओ अजय कुमार ने तगादा करते हुए ऋणी व बकायेदार सदस्यो से कहा कि सहकारी समितियाँ किसानो की सच्ची साथी है। समय से अपने ऋणों का भुगतान करके नये ऋण प्राप्त करें।

शाखा प्रबंधक मोहम्मद असलम ने कहा कि जिला सहकारीबैंक और बीपैक्स अन्नदाता की सेवा मे चौबीस घंटे खड़े है। आपको अपनी मदद करने के लिए हमारा थोड़ा सा सहयोग करना पड़ेगा।टीम मे शाखा प्रबंधक म्योरपुर मोहम्मद असलम, सचिव/ सुपरवाइजर नीलमणि कुशवाहा इत्यादि मौजूद रहे।

## थाना लिंक रोड पुलिस की बड़ी कार्रवाई:
**फिरौती के लिए अपहरण की कोशिश करने वाले 04 आरोपी गिरफ्तार, स्विफ्ट कार और अवैध हथियार बरामद**

गाजियाबाद (कमिश्नरेट)। थाना लिंक रोड पुलिस टीम ने फिरौती के लिए अपहरण की कोशिश करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, 01 रस्सी, 02 अवैध तमंचे और 03 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी अपहरण कर फिरौती वसूलने की योजना में शामिल थे। समय रहते पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई से घटना को अंजाम देने से पहले ही आरोपियों को दबोच लिया गया। घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

# खाना बनाते समय कच्चे मकान में अचानक लगी आग, भारी नुक्सान

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरि

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के बाड़ी वैष्णो मंदिर के पीछे सोमवार दोपहर लगभग 11 बजे पीड़ित लाल बहादुर गोंड के कच्चे के मकान मे पुत्री खाना बनाते हुए एक कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। और धिरे धिरे आग विकराल रूप धारण कर लिया, जहां घर का सारा



गृहस्थी का सामान जल गया वहीं इसकी सूचना डाला पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर अल्ट्राटेक फायर ब्रिगेड की टीम एवं डाला पुलिस मौके पर पहुंच गए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिल्ली-मारकुंडी क्षेत्रिय लेखपाल को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने घटनास्थल का मौका-मुआयना कर नुकसान का जायजा लिया।

## मुजफ्फरनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बची 18 वर्षीय युवक की जान, इंस्टाग्राम पोस्ट से मिला अलर्ट

मुजफ्फरनगर। जनपद मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान एक बड़ा मानवीय सरोकार का मामला सामने आया, जहां पुलिस की तत्परता से एक 18 वर्षीय युवक की जान बचा ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद निवासी युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से संबंधित एक चिंताजनक पोस्ट साझा किया गया था। यह अलर्ट दिनांक 21.06.2026 को सुबह 09:59 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टीइं के माध्यम से यूपी पुलिस सोशल मीडिया सेंटर को प्राप्त हुआ। इसके बाद मुख्यालय स्तर से तत्काल लोकेशन ट्रेस कर थाना मुजफ्फरनगर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मात्र 7 मिनट के भीतर थाना छपार पुलिस टीम युवक के घर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने परिजनों से जानकारी लेकर तत्काल युवक के कमरे में प्रवेश किया, जहां युवक के पास सल्फास का पैकेट और पानी का ग्लास रखा हुआ था।

### तस्करी में प्रयुक्त महिन्द्रा स्कार्पियो वाहन एवं मोबाइल फोन बरामद।
# पिपरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बिहार में तस्करी हेतु ले जाई जा रही 539.5 लीटर अवैध बीयर बरामद

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी श्री हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में थाना पिपरी पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 22.06.2026 को थाना पिपरी पुलिस टीम रनटोला क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुर्धवा तिराहे से रनटोला मार्ग पर एक सफेद रंग की महिन्द्रा स्कार्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसमें अवैध सामग्री लदी हुई है तथा वाहन चालक कहीं जाने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता




से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ एवं वाहन की तलाशी के दौरान स्कार्पियो वाहन संख्या खल06ऋ3317 से 45 पेटी किंगफिशर बीयर बरामद हुई। जांच में कुल 1079 केन बीयर (500 एमएल प्रति केन) अर्थात कुल 539.5 लीटर अवैध बीयर बरामद की गई।

कृत कार्यवाही- बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पिपरी पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। तस्करी में प्रयुक्त महिन्द्रा स्कार्पियो वाहन को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त धर्मपाल कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह मध्य प्रदेश के बैढ़न क्षेत्र से बीयर लेकर बिहार जा रहा था। बिहार राज्य में शराब बंदी लागू होने के कारण वह अवैध रूप से बीयर की बिक्री कर अधिक लाभ अर्जित करता था। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि बरामद बीयर के परिवहन एवं बिक्री से संबंधित कोई वैध प्रपत्र अथवा लाइसेंस उसके पास उपलब्ध नहीं था।

### जड़ी-बूटियों की आड़ में छिपाकर उड़ीसा से लाई जा रही थी 868 किलो गांजा
# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 1.16 करोड़ की खेप संग 06 हाईटेक तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ यूनिट की संयुक्त टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से लगभग 08 कुंतल 684 ग्राम (करीब 868 किलो) उच्च गुणवत्ता का अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 16 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में गिरोह के 06 शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में रॉबर्ट्सगंज पुलिस और अठळऋ टीम को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजे की बड़ी खेप उत्तर प्रदेश लाई जा रही है।

सूचना के आधार पर सुकृत चौकी पुलिस और ANTF लखनऊ यूनिट ने रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के चहेलवा बैजू बाबा मंदिर के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों को रोका। जांच के दौरान पुलिस ने डीसीएम (UP44CT7780) और उसके आगे चल रही सियाज कार को कब्जे में लिया।

### जड़ी-बूटियों की आड़ में छिपा था गांजा

तलाशी के दौरान पुलिस को चौंकाने वाला खुलासा हुआ। डीसीएम वाहन में ऊपर वैध जड़ी-बूटियों की बोरियां लादकर तस्करों ने जांच एजेंसियों को भ्रमित करने की कोशिश की थी, जबकि नीचे भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था। बरामद खेप का वजन 868 किलो पाया गया।

### उड़ीसा से सस्ते में खरीदकर यूपी में सप्लाई

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह खेप उड़ीसा के बलांगीर क्षेत्र से करीब 20 लाख रुपये में खरीदी गई थी, जिसे आगरा, लखनऊ, सीतापुर और आसपास के जिलों में सप्लाई किया जाना था। इस नेटवर्क की डिलीवरी सीतापुर निवासी एक व्यक्ति को की जानी थी। गिरोह का मुख्य सप्लायर उड़ीसा का एक माफिया बताया जा रहा है, जिसे ये लोग केवल ह्लदादाह्व के नाम से जानते हैं।

हाईटेक तरीके से चलता था नेटवर्क तस्कर पुलिस से बचने के लिए व्हाट्सएप कॉलिंग, बार-बार सिम बदलने और अलग-अलग वाहनों का इस्तेमाल करते थे। गिरोह के कई सदस्य हत्या, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों में भी वांछित हैं।

### गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने जिन 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें शामिल हैं–
अंकित सिंह (सुल्तानपुर)
रोहित कुमार सिंह (सुल्तानपुर)
सोहित सिंह (सुल्तानपुर)
देवेन्द्र सिंह (सुल्तानपुर)
सूरज कुमार (अमेठी)
सिद्धार्थ सिंह (सुल्तानपुर)

ठळ्रढर एक्ट में मुकदमा दर्ज सभी आरोपियों के खिलाफ थाना रॉबर्ट्सगंज में मु0अ0सं0 525/2026, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### आगे की जांच जारी

एसपी सोनभद्र ने बताया कि इस पूरे नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच की जा रही है और जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों व संभावित सफेदपोशों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई 13 खाद्य पदार्थों के जांच हेतु भेजे गए नमूने
### मिलावटखोरों पर प्रशासन की कड़ी नजर, जनपद में लगातार चल रही जांच कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मसाला, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, टमाटर कैचअप, मेयोनीज तथा अन्य खाद्य पदार्थों के कुल 13 नमूने जनपद के विभिन्न विनिर्माण प्रतिष्ठानों एवं थोक/फुटकर



विक्रेताओं से संग्रहित किए गए। इनमें सब्जी मसाला, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, टमाटर कैचअप, ताजा पनीर, फुल क्रीम दूध, घी, मेयोनीज एवं ग्रीन चिली सॉस सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ शामिल हैं। संग्रहित नमूनों को परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, लखनऊ भेज दिया गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद में मिलावटी एवं मानकविहीन खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, क्यों कि गलत खाद्य पदार्थ का उपयोग करने से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# आरसेटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए- जिलाधिकारी

समाज जागरण

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति (डीएलआरएस) की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम बैठक एवं आरसेटी प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आरसेटी एवं आरसेटी के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं एवं युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जुड़ सकें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आरसेटी में संचालित सभी प्रशिक्षण बैचों का प्रतिदिन फोटोग्राफ लिया जाए तथा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति का अद्यतन विवरण सुरक्षित रखा जाए। पोस्ट प्रोग्राम रिपोर्ट (पीपीआर) में प्रशिक्षणार्थियों के मोबाइल नंबर



अनिवार्य रूप से अंकित किए जाएं, जिससे प्रशिक्षण उपरांत उनकी प्रगति का प्रभावी अनुश्रवण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जाए। साथ ही उन्हें विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल हुए युवाओं की सफलता की कहानियों का फोटो एवं वीडियो तैयार किया जाए तथा प्रशिक्षण गतिविधियों का नियमित दस्तावेजीकरण किया जाए। इससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपलब्धियां व्यापक स्तर पर जनसामान्य तक पहुंच सकेंगी। बैठक में एनआरएलएम के सहयोग से जेल बंदियों के लिए कौशल विकास एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, वन जीपी-वन बीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आरसेटी में आयोजित होने वाले आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सूचना समय से संबंधित कार्यालयों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर डीसी एनआरएलएम सरिता सिंह, जीएम डीआईसी विनोद कुमार चौधरी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम में सुन्नी उलेमा ने दिया अमन, सुन्नत और शरीअत पर अमल का पैगाम
### दीन में नई रस्मों और ढोल-ताशों से बचने की अपील, करबला के संदेश को अपनाने पर जोर

समाज जागरण

सोनभद्र। मोहर्रमुल हराम के अवसर पर जनपद के सुन्नी उलेमा ने मुस्लिम समाज को शरीअत और सुन्नत के अनुसार मोहर्रम मनाने की नसीहत दी। इस्लामिक स्कॉलर मौलाना इबादत हुसैन नूरी सोनभद्री ने कहा कि मोहर्रम इस्लामी वर्ष का पहला महीना है, जो सब्र, तकवा, इबादत और हजरत इमाम हुसैन (रज़ि.) की अजीम कुर्बानी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि करबला का पैगाम हक, इंसाफ और दीन पर मजबूती से कायम रहने का है।

जामा मस्जिद राबर्ट्सगंज के इमाम मौलाना तौफीक आलम ने कहा कि मोहर्रम के संबंध में मुसलमानों को कुरआन, हदीस और अहले सुन्नत की प्रमाणिक किताबों की रोशनी में मार्गदर्शन लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुन्नी अकीदे और सुन्नी किताबों के हवाले से शिया राफज़ियों के कई गलत अकायद और रस्मों का रद्द




मौजूद है, इसलिए मुसलमानों को अहले सुन्नत व जमाअत के रास्ते पर कायम रहना चाहिए।

उलेमा ने कहा कि मोहर्रम में ढोल, ताशा, बाजा बजाना, शोर-शराबा करना तथा दीन के नाम पर गैर-शरई रस्मों को बढ़ावा देना इस्लामी शिक्षाओं के अनुरूप नहीं है। मोहर्रम इबादत, तिलावत, जिक्र, दुआ, सदका और करबला से मिलने वाले सबक को याद करने का महीना है। इसलिए मुसलमानों को दिखावे और गैर-जरूरी रस्मों से बचते हुए दीन की सही शिक्षा को अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर मौलाना सगीर अहमद, मौलाना अंसारुल हक नूरी, मौलाना बहजाद अनवर, हाफिज जाबिर, हाफिज मुख्तार रजा अहरौरा, मौलाना अली खान बरकाती, मौलाना कारी मुश्ताक अहमद, हाफिज जावेद तथा अन्य सुन्नी उलेमा ने भी मोहर्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यौमे आशूरा का दिन रोजा, इबादत और अल्लाह की रजा हासिल करने का दिन है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे मोहर्रम के दौरान अमन, भाईचारा और शरीअत के दायरे में रहकर कार्यक्रमों में भाग लें। उलेमा ने कहा कि करबला का संदेश पूरी इंसानियत के लिए है और हजरत इमाम हुसैन (रज़ि.) की कुर्बानी हमें जुल्म के खिलाफ खड़े होने तथा हक का साथ देने की प्रेरणा देती है।

अंत में सभी उलेमा ने देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, कौमी एकता और मानवता की भलाई के लिए विशेष दुआ की।

दैनिक समाज
जागरण नेशनल
अखबार मे विज्ञापन

# पेट्रोल में अधिक एथेनॉल मिश्रण की शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर हो कार्रवाई : जदयू

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम के जिला महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नू के नेतृत्व में सोमवार को पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में निर्धारित मानक से अधिक एथेनॉल मिश्रण किए जाने की मिल रही शिकायतों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले पेट्रोल पंपों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई।

उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में जदयू नेताओं ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वाहन चालकों एवं उपभोक्ताओं द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कुछ पेट्रोल पंपों पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित ई-20 मानक का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ स्थानों पर निर्धारित सीमा से अधिक एथेनॉल मिश्रित ईंधन की आपूर्ति की जा रही है, जिससे वाहनों के माइलेज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा इंजन के प्रदर्शन में भी कमी देखी जा रही है। इसके कारण वाहन मालिकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है और आम उपभोक्ताओं के बीच ईंधन की गुणवत्ता को लेकर असमंजस एवं चिंता का वातावरण बना हुआ है।

जदयू नेताओं ने कहा कि किसी भी पेट्रोल पंप को बिना जांच के दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन को इस पूरे मामले की वैज्ञानिक, तकनीकी एवं निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच के दौरान किसी पेट्रोल पंप द्वारा निर्धारित मानकों का उल्लंघन किए जाने की पुष्टि होती है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों से नियमित रूप से ईंधन के नमूने एकत्रित कर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में उनकी जांच कराई जाए। जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास बहाल हो सके और उन्हें ईंधन की गुणवत्ता के संबंध में सही जानकारी प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पेट्रोल पंप निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन कर रहे हैं।

जदयू ने यह भी मांग की कि प्रत्येक पेट्रोल पंप पर ईंधन की गुणवत्ता संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए तथा उपभोक्ताओं की शिकायत दर्ज कराने और उसके निवारण की व्यवस्था प्रमुखता से उपलब्ध कराई जाए। इससे आम लोगों को किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में अपनी शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आम जनता अपने परिश्रम की कमाई से ईंधन खरीदती है और ईंधन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की अनियमितता का सीधा असर लाखों वाहन चालकों, परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों, व्यापारियों तथा आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है। इसलिए उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जदयू ने स्पष्ट किया कि वह जनहित से जुड़े इस मुद्दे को लगातार उठाता रहेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यापक जनआंदोलन भी चलाया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नू के अलावा उषा यादव, प्रवीण सिंह, संजीव सिंह, बिनोद सिंह, दिनेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, चुन्नू भूमिज, अर्जुन यादव, मृत्युंजय शर्मा, अवतार सिंह, मनोज गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, दर्शन सिंह काले, दीप, चंद्रा सहित जनता दल (यूनाइटेड) के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मानगो शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 का कार्य शुरू, हजारों परिवारों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल: मेयर सुधा गुप्ता

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**







जमशेदपुर मानगो नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को बेहतर, नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मानगो शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2, पार्ट-बी के अंतर्गत एनएच-33 के राइट ऑफ वे (ROW) क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह पाइपलाइन जयपाल कॉलोनी से होकर मुख्य पाइपलाइन नेटवर्क से जुड़ेगी, जिससे भविष्य में मानगो क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

कार्य प्रारंभ होने के अवसर पर मानगो नगर निगम की मेयर सुधा गुप्ता ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अभियंताओं, तकनीकी अधिकारियों और कार्य एजेंसी के प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मेयर सुधा गुप्ता ने कहा कि मानगो शहरी जलापूर्ति योजना क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना के पूर्ण होने के बाद हजारों परिवारों को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मानगो क्षेत्र में बढ़ती आबादी और जलापूर्ति की बढ़ती मांग को देखते हुए इस परियोजना का महत्व और भी बढ़ जाता है।

मेयर ने बताया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में लंबे समय से कई तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियां सामने आ रही थीं। विशेष रूप से एनएच-33 के राइट ऑफ वे में पाइपलाइन एलाइनमेंट तय करने को लेकर विभिन्न विभागों से स्वीकृति प्राप्त करने और आपसी समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता थी। कई स्तरों पर हुई बैठकों, विभागीय समन्वय तथा जनप्रतिनिधियों के लगातार प्रयासों के बाद इन सभी बाधाओं का समाधान संभव हो सका और अब योजना का कार्य धरातल पर शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का यह कार्य मानगो शहरी जलापूर्ति योजना के विस्तार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से जलापूर्ति नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा, जिससे भविष्य में विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके अलावा नई पाइपलाइन से जल वितरण प्रणाली की क्षमता में भी वृद्धि होगी और लोगों को नियमित जलापूर्ति का लाभ मिलेगा।

मेयर सुधा गुप्ता ने कहा कि मानगो नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट को दूर करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। नगर निगम लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है और जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाओं पर एक साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस योजना के सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में आम नागरिकों को स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे।

निरीक्षण के दौरान मेयर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य के प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप हो।

उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों के दौरान कुछ स्थानों पर अस्थायी असुविधाएं उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन यह कार्य जनहित और क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए किया जा रहा है। इसलिए नागरिक धैर्य बनाए रखें और प्रशासन तथा नगर निगम का सहयोग करें, ताकि परियोजना समय पर पूरी हो सके और क्षेत्र को बेहतर पेयजल सुविधा का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी निशांत कुमार, जूनियर इंजीनियर अमित आनंद, जूनियर इंजीनियर रुपलाल, तकनीकी पदाधिकारी, कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के शीघ्र और सफल क्रियान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मानगो शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2, पार्ट-बी का कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि परियोजना के पूरा होने के बाद वर्षों से चली आ रही पेयजल संबंधी समस्याओं में काफी हद तक राहत मिलेगी और मानगो क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित हो सकेगी।

# मोहनलालगंज में विधान परिषद प्रत्याशी विजय कुमार 'बन्धु' का स्वागत, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने दिया समर्थन

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। विधान परिषद चुनाव स्नातक क्षेत्र के प्रत्याशी विजय कुमार बन्धु सोमवार को लखनऊ से रायबरेली जाते समय मोहनलालगंज तहसील पहुंचे, जहां अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा ब्लॉक मोहनलालगंज कार्यालय के सामने सफाई कर्मचारियों तथा इसके पहले पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ ने भी उनकी जन जागरण यात्रा का जोरदार स्वागत कर समर्थन का भरोसा दिलाया।

तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विजय कुमार बन्धु ने अधिवक्ताओं, शिक्षकों, कर्मचारियों, स्नातकों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती, शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विधान परिषद में पहुंचकर वह इन वर्गों से जुड़ी समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला, महामंत्री राम लखन यादव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। बार अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला और महामंत्री राम लखन यादव ने अधिवक्ता समाज की समस्याएं और अपेक्षाएं उनके सामने रखीं। कार्यक्रम में अटेवा के विधिक सलाहकार नरेंद्र यादव समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

इसके बाद ब्लॉक मोहनलालगंज कार्यालय के सामने सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव, प्रभाकर चौरसिया, पंकज समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों ने उनकी जन जागरण यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा अपने गंतव्य को रवाना हो गई।

# सपा जिला उपाध्यक्ष ने संभाला मोर्चा, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव कर रहीं जनसंपर्क

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों ने अभी से जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत ने मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में पूरी ताकत झोंक दी है। सपा की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह लगातार ग्रामीण इलाकों में पसीना बहा रही हैं।अर्चना रावत इन दिनों 'मिशन 2027' के तहत विधानसभा के गांव-गांव, गली-मोहल्लों और घर-घर जाकर सीधे जनता से संवाद स्थापित कर रही हैं। जनसंपर्क के दौरान वह न सिर्फ पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही हैं, बल्कि ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को भी सुन रही हैं।अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही मुख्य लक्ष्यः अर्चना रावत सपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और उसके सुख-दुख को साझा करना है। उन्होंने कहा, "जनता की जो भी समस्याएं सामने आ रही हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर निस्तारण कराने का प्रयास किया जा रहा है।बूथ स्तर पर संगठन को किया जा रहा मजबूत अर्चना रावत ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में सपा से जुड़ रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में मोहनलालगंज सीट पर सपा का परचम लहराना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए कार्यकताओं के साथ मिलकर बूथ स्तर पर संगठन को अभेद्य किला बनाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। लगातार चल रहे इस जनसंपर्क अभियान से पार्टी कार्यकताओं में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# वषार्काल में बढ़ा मगरमच्छों का खतरा, वन विभाग ने जारी की जन चेतावनी

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

दमोह। वषार्काल की शुरूआत के साथ ही जिले की व्यारमा नदी एवं उससे जुड़े जलस्त्रोतों में मगरमच्छों की सक्रियता बढ़ने की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने आमजन के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बारिश के मौसम में नदी, नालों, तालाबों और अन्य जलस्त्रोतों के आसपास अनावश्यक रूप से जाने से बचें तथा विशेष सावधानी बरतें।

वन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार वर्षा के दौरान व्यारमा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता है। इसी के साथ नदी में रहने वाले मगरमच्छ आसपास के जलस्त्रोतों, नालों और तालाबों की ओर भी पहुंच सकते हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक हो जाती है। विभाग का कहना है कि इस मौसम में मगरमच्छ भोजन और सुरक्षित स्थान की तलाश में सामान्य से अधिक सक्रिय रहते हैं, जिससे मानव और वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ने की संभावना रहती है।

वन अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण अक्सर नदी और तालाबों में स्नान करने, मछली पकड़ने, कपड़े धोने तथा पशुओं को पानी पिलाने के लिए जाते हैं। मगरमच्छों की संभावित मौजूदगी को देखते हुए ये गतिविधियां जोखिमपूर्ण साबित हो सकती हैं। इसलिए लोगों को सलाह दी गई है कि वे जलस्त्रोतों के किनारे जाने से बचें और आवश्यक होने पर भी पूरी सावधानी बरतें।

विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को लेकर विभाग ने चिंता व्यक्त की है। अधिकारियों का कहना है कि छोटे बच्चे अक्सर खेलते-खेलते नदी, नालों या तालाबों के समीप पहुंच जाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे बच्चों पर विशेष नजर रखें और उन्हें जलस्त्रोतों से दूर रहने की समझाइश दें।

वन विभाग ने ग्रामीणों से यह भी अपील की है कि यदि किसी गांव, खेत, तालाब या अन्य स्थान पर मगरमच्छ दिखाई दे तो स्वयं उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में तत्काल वन विभाग या संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दें ताकि प्रशिक्षित दल द्वारा सुरक्षित कार्रवाई की जा सके।

जानकारों के अनुसार वषार्काल में जलभराव के कारण मगरमच्छ अपने प्राकृतिक आवास से निकलकर अन्य स्थानों तक पहुंच जाते हैं। कई बार वे गांवों के समीप बने तालाबों और जलभराव वाले क्षेत्रों में भी दिखाई देते हैं। ऐसे में लोगों की थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

वन विभाग ने कहा है कि आमजन की सतर्कता और सहयोग से किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है। विभाग लगातार संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, लेकिन सुरक्षा संबंधी निदेर्शों का गंभीरता से पालन करें।

वन विभाग का संदेश स्पष्ट है कि आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। इसलिए वषार्काल के दौरान नदी, नालों और तालाबों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। इससे न केवल मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि वन्यजीवों का संरक्षण भी संभव हो सकेगा।

# विकास की प्रक्रिया रुकेगी नहीं, रक्षा उत्पादन का बड़ा केंद्र बनेगा अलीगढ़: सीएम योगी

**- अलीगढ़ में 462 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 85 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने**

**- राजा महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सीएम स्व. कल्याण सिंह और अलीगढ़ की आध्यात्मिक विरासत को किया नमन**

**- सीएम ने कहा, मोदी जी के विकास व विरासत को साथ लेकर चलने के विजन को प्रभावी रूप से बढ़ाना होगा**

**समाज जागरण**

अलीगढ़, 22 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास की प्रक्रिया न रुकेगी, न थमेगी, बल्कि निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार इसी संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मोदी जी ने अलीगढ़ के लिए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की स्वीकृति देकर जनपद को नई दिशा दी है। अब अलीगढ़ रक्षा उत्पादन व आपूर्ति का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सीएम योगी ने राष्ट्रनायक राजा महेंद्र प्रताप सिंह तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री सोमवार को अलीगढ़ एवं कोल तथा नगर निगम की 462 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 85 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। इस दौरान सीएम योगी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने इन विकास योजनाओं के लिए जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद और अलीगढ़ के लोगों को बधाई भी दी।

## बाबूजी ने दिलाई अलीगढ़ को नई पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अलीगढ़ में विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने, नए विकास कार्यों को स्वीकृत करने तथा वर्तमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। बाबा खेरेश्वर महादेव, बाबा अखिलेश्वर महादेव और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़े सभी पौराणिक स्थलों ने अलीगढ़ को एक अलग पहचान दी है। राष्ट्रनायक राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने वर्ष 1915 में अफगानिस्तान से भारत की निर्वाचित सरकार का गठन कर आजादी का शंखनाद किया था। सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कल्याण सिंह (बाबूजी) का स्मरण करते हुए कहा कि एक सामान्य किसान परिवार में जन्म लेकर उन्होंने स्वतंत्र भारत में अलीगढ़ को नई पहचान दिलाने का कार्य किया।

## अलीगढ़ अपनी क्षमता का परिचय देने के लिए तैयार

सीएम योगी ने कहा कि कोल और नगर विधानसभा क्षेत्र को विकास परियोजनाओं का बड़ा उपहार मिला है। कारीगरों व हस्तशिल्पियों के परिश्रम व दूरदर्शिता ने अलीगढ़ को पहले ताला नगरी और बाद में विश्वस्तरीय हार्डवेयर उद्योग केंद्र के रूप में स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ के लिए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की स्वीकृति देकर जनपद को नई दिशा दी है। अब अलीगढ़ रक्षा उत्पादन व आपूर्ति का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक हथियारों व उपकरणों के निर्माण में अलीगढ़ अपनी क्षमता का परिचय देने के लिए तैयार है। अलीगढ़ में विकास की प्रक्रिया रुकेगी नहीं, थमेगी नहीं, यह अनवरत आगे बढ़ेगी।

## राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का कार्य पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलीगढ़ की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य पूरा हो चुका है और वहां तेजी से नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अलीगढ़ को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए समग्र विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जा रहा है। अकेले अलीगढ़ क्षेत्र के लिए लोक निर्माण विभाग की लगभग 2800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से 6-लेन हाईवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। रिंग रोड, फ्लाईओवर, पॉलिटेक्निक, अस्पताल, कॉलेज और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों के निर्माण कार्य भी प्रगति पर हैं।

# टीएमयू में अक्षय कुमार और को-स्टार्स ने बढ़ाई हजारों छात्रों की धड़कनें, 'वेलकम टू द जंगल' का किया भव्य प्रमोशन

**समाज जागरण**





मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) का परिसर सोमवार को बॉलीवुड सितारों की चमक से जगमगा उठा। आगामी कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल के प्रमोशन के लिए अभिनेता अक्षय कुमार, अभिनेत्री दिशा पटानी, अक्षरा सिंह और हास्य कलाकार राजपाल यादव हेलीकॉप्टर से विश्वविद्यालय पहुंचे। करीब 50 मिनट तक चले इस कार्यक्रम में हजारों छात्रों ने अपने पसंदीदा सितारों का गर्मजोशी से स्वागत किया और पूरा परिसर उत्साह, तालियों और जयकारों से गूंज उठा।

सुबह करीब 11:10 बजे स्टार कास्ट का हेलीकॉप्टर टीएमयू के हेलिपैड पर उतरा। इसके बाद सभी कलाकार कुलाधिपति आवास संवृद्धि पहुंचे, जहां कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, नंदिनी जैन तथा विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान ग्रुप फोटोग्राफी भी हुई।

मंच पर पहुंचते ही अक्षय कुमार ने छात्रों का अभिवादन किया और अपनी फिल्म वेलकम टू द जंगल देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि लोग हंसना और मुस्कुराना चाहते हैं, तो यह फिल्म उनके लिए बेहतरीन मनोरंजन साबित होगी। 26 जून को रिलीज होने वाली इस मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म में करीब तीन दर्जन कलाकार नजर आएंगे।

## "मेरे शब्दकोष में रिटायरमेंट नाम का कोई शब्द नहीं"

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए अक्षय कुमार ने अपने जीवन का दर्शन साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके शब्दकोष में रिटायरमेंट जैसा कोई शब्द नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं लगातार काम करने में विश्वास रखता हूं। यही मेरी ऊर्जा और सफलता का रहस्य है। जीवन में सक्रिय रहना और अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करते रहना बेहद जरूरी है।

## माता-पिता की सेवा को बताया सफलता का मंत्र

अक्षय कुमार ने छात्रों को माता-पिता के सम्मान और सेवा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में सफलता और तरक्की चाहिए तो माता-पिता की सेवा अवश्य करें, क्योंकि उनके चरणों में ही जन्नत है। घर से बाहर निकलते समय भी उनका आशीर्वाद लेना चाहिए।

## बोले- मैं भी जैन जीवनशैली का पालन करता हूं

एक छात्रा के सवाल पर अक्षय कुमार ने अपनी दिनचर्या साझा करते हुए कहा कि वह सुबह सूर्योदय से पहले उठते हैं और जैन परंपरा के अनुसार सूर्यास्त से पहले भोजन करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने अनुशासित जीवनशैली को सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## राजपाल यादव की कॉमेडी पर गूंजे ठहाके

हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने अपने अंदाज से छात्रों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने मंच से कई मजेदार किस्से साझा किए। अक्षय कुमार ने उन्हें अपना लकी चार्म बताते हुए कहा कि उनके साथ की गई अधिकांश फिल्में सफल रही हैं। राजपाल यादव ने भी कहा कि उन्हें फिल्म हेरा फेरी बेहद पसंद है और अक्षय कुमार के साथ काम करना हमेशा यादगार अनुभव रहा है। उनके हास्य संवादों पर पूरा पंडाल ठहाकों से गूंज उठा।

## दिशा पटानी और अक्षरा सिंह के साथ जमकर थिरके अक्षय

कार्यक्रम में अक्षरा सिंह और दिशा पटानी ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अक्षरा सिंह और अक्षय कुमार ने फिल्म के भोजपुरी गीत पर लाइव प्रस्तुति दी, जबकि दिशा पटानी के साथ फिल्म के लोकप्रिय गाने पर डांस कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अक्षय कुमार ने मंच पर कुछ छात्रों को भी बुलाया और उनके साथ सामूहिक नृत्य किया। इस दौरान छात्रों का उत्साह चरम पर दिखाई दिया।

## छात्रों के लिए 250 रुपये देने की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान एक रोचक क्षण तब आया जब कुलाधिपति सुरेश जैन ने अक्षय कुमार से कहा कि टीएमयू परिसर उनके लिए हमेशा खुला है और भविष्य में भी फिल्मों के प्रमोशन के लिए उनका स्वागत रहेगा।

इस पर अक्षय कुमार ने मुस्कुराते हुए कहा कि छात्रों से जरूर कहिए कि वे ह्यवेलकम टू द जंगलह्व देखने जाएं। इसके जवाब में कुलाधिपति सुरेश जैन ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय प्रत्येक छात्र के खाते में फिल्म देखने के लिए 250 रुपये क्रेडिट करेगा।

घोषणा होते ही पूरा पंडाल तालियों और सीटियों की गूंज से भर उठा।

## भारतीय संस्कृति और आस्था का दिखा संगम

मंच पर पहुंचते ही अक्षय कुमार ने सबसे पहले मंच को प्रणाम किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कई बार ह्हर-हर महादेवह्व और ह्पार्वती पतये नमःह्व का उद्घोष भी किया, जिसे छात्रों ने उत्साह के साथ दोहराया।

## हजारों प्रशंसकों के साथ ली मेगा सेल्फी

कार्यक्रम के समापन पर अक्षय ङ४१ ने मंच से हजारों छात्रों के साथ सामूहिक सेल्फी ली। इस यादगार पल में कुलाधिपति सुरेश जैन, मनीष जैन, अक्षत जैन और विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

कार्यक्रम में अभिषेक कपूर, प्रो. एम.पी. सिंह, प्रो. विपिन जैन, प्रो. आर.के. द्विवेदी, सीए गौरव अग्रवाल, प्रो. मनु मिश्रा, प्रो. विनोद जैन सहित विश्वविद्यालय के अनेक पदाधिकारी, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

फिल्म वेलकम टू द जंगल की स्टार कास्ट की मौजूदगी ने टीएमयू परिसर को एक दिन के लिए बॉलीवुड के रंग में रंग दिया और छात्रों को यादगार अनुभव प्रदान किया।

# मोतीबाग में कचरे का पहाड़, दुर्गंध और धुएं के बीच जीने को मजबूर लोग

## नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप, प्रशासन और सरकार की चुप्पी से बढ़ रहा आक्रोश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-7 स्थित मोतीबाग में रहने वाले सैकड़ों परिवार वर्षों से कचरा डंपिंग की समस्या झेल रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरे शहर का कचरा मोतीबाग स्थित लगभग पांच एकड़ भूमि पर डंप किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों का जीवन नारकीय बन गया है। दुर्गंध, धुआं, मक्खी-मच्छर और प्रदूषण के बीच लोगों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि कचरे के ढेर से उठने वाली बदबू से पूरा इलाका प्रभावित रहता है। आरोप है कि कचरे के ढेर को कम दिखाने या उसके निस्तारण के नाम पर समय-समय पर उसमें आग लगा दी जाती है, जिससे स्थिति और भयावह हो जाती है। धुएं के कारण बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा सांस संबंधी रोगों से पीड़ित लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में समस्या और गंभीर हो जाती है। कचरे से निकलने वाला गंदा पानी आसपास फैलता है, जिससे दुर्गंध बढ़ जाती है और मक्खी-मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। कई परिवारों ने दावा किया कि क्षेत्र का पानी भी प्रभावित हो रहा है तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

**"दुर्गंध के बीच जीने को मजबूर हैं हम"**

स्थानीय निवासी बबलू महतो, छोटू कुमार एवं अन्य लोगों ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे कहीं और जाकर बसने में सक्षम नहीं हैं। उनका कहना है कि दुर्गंध के कारण भोजन करना तक मुश्किल हो जाता है। कई परिवार बच्चों को घर के अंदर खिड़की-दरवाजे बंद कर रखने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें सांस लेने में परेशानी होती है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में खांसी, सांस फूलना और अस्थमा जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**कचरा प्रसंस्करण की व्यवस्था भी ठप**

स्थानीय लोगों के अनुसार कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और प्रसंस्करण के लिए मशीनें लगाई गई थीं, लेकिन वे लंबे समय से बंद पड़ी हैं। इससे कचरे का ढेर लगातार बढ़ता जा रहा है और समस्या विकराल होती जा रही है।

**वर्षों से जारी संघर्ष**

ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे कई वर्षों से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। कई बार विरोध-प्रदर्शन और शिकायतें भी की गईं, लेकिन स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। लोगों का आरोप है कि विरोध करने पर कई बार स्थानीय निवासियों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई।

**लोगों ने उठाए गंभीर सवाल**

मोतीबाग के लोगों का कहना है कि यदि शहर का कचरा उनके क्षेत्र में डंप किया जा सकता है, तो वहां रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। उनका सवाल है कि आखिर वर्षों से चली आ रही इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, नगर परिषद और राज्य सरकार से मांग की है कि मोतीबाग में कचरा डंपिंग की समस्या का तत्काल स्थायी समाधान किया जाए, कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो तथा प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य की जांच और उपचार की समुचित व्यवस्था की जाए।

यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला बन सकता है।

# सात निश्चय-3 के तहत आमजनों की समस्याएं सुनने के निर्देश

## सोमवार और शुक्रवार को कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे अधिकारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

22 जून। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत सातवें निश्चय ह्यसबका सम्मानझ्जीवन आसान (ईज ऑफ लिविंग)ह्ण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



जिला पदाधिकारी ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए सभी पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन, सोमवार और शुक्रवार को अनिवार्य रूप से अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि इन दिनों आम नागरिकों से मिलकर उनकी शिकायतें सुनने और उनके निष्पादन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल तथा शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक कार्यालय में आगंतुक पंजी का नियमित संधारण करते हुए प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि और उनके समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करने को कहा।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड, पंचायत और जिला स्तर पर प्रतिदिन आगंतुकों की संख्या की रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल अपने वरीय अधिकारी को सूचित करना होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश संबंधित पदाधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं तो उनके स्थान पर अधिकृत पदाधिकारी आमजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। वहीं, एक से अधिक कार्यालयों का प्रभार संभाल रहे पदाधिकारियों को सोमवार एवं शुक्रवार को समय निर्धारित कर सभी कार्यालयों में उपस्थित रहकर लोगों से मिलने का निर्देश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि निर्देशों की अवहेलना अथवा अधिकृत पदाधिकारी की अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ मामले में NHRC से हस्तक्षेप की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

आरा, 22 जून। भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की 17 जून को पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) से हस्तक्षेप कर स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने की मांग की गई है।

मानवाधिकार एवं सूचना का अधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अनसार खाँ ने 20 जून को आयोग के समक्ष विस्तृत शिकायत दर्ज कराते हुए मामले का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। शिकायत में कहा गया है कि विभिन्न समाचार रिपोर्टों, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वीडियो और परिजनों के आरोपों के अनुसार भरत भूषण तिवारी द्वारा कथित रूप से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किए जाने का दावा किया गया है, जबकि पुलिस का पक्ष इससे भिन्न है। ऐसे परस्पर विरोधी दावों की स्थिति में सत्य का पता केवल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच से ही लगाया जा सकता है।

शिकायत में संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। किसी भी व्यक्ति को दोषी ठहराने और दंडित करने का अधिकार केवल सक्षम न्यायालय को है। पुलिस का दायित्व कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराध की जांच करना, आवश्यक होने पर गिरफ्तारी करना तथा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है।

आवेदन में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें हिंसक उग्रवादी संगठनों के सदस्यों तक को आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वास, सुरक्षा और मुख्यधारा में लौटने का अवसर प्रदान करती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति वास्तव में आत्मसमर्पण कर चुका था, तो उसके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी बन जाती है।



Mohammad Ansar Khan
(M.A. Criminal Justice and Human Rights)
The Human Rights Activist
9430598671, rtiactivistkhan@gmail.com
Add- Lohar Patti karbla, Kishanganj - 855107
NATIONAL HUMAN RIGHTS ACTIVIST
( An Independent Human Rights & Rti Activist )

पत्रांक:- 65/बि०/मा०.आ०./26 दिनांक:- 20.06.26

सेवा में,
माननीय अध्यक्ष महोदय,
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली।

विषय: बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की दिनांक 17 जून 2026 को कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मृत्यु के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने तथा मानवाधिकारों की रक्षा हेतु शिकायत।

महोदय,

मैं आपका ध्यान बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की दिनांक 17 जून 2026 को पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई मृत्यु की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। यह घटना केवल एक व्यक्ति की मृत्यु का मामला नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन के अधिकार, विधि के शासन (Rule of Law) तथा मानवाधिकारों की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर प्रश्न है।

विभिन्न राष्ट्रीय समाचार माध्यमों, प्रत्यक्षदर्शियों के कथनों तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वीडियो के आधार पर यह गंभीर आरोप सामने आया है कि संबंधित व्यक्ति ने कथित रूप से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण (Surrender) कर दिया था, इसके बावजूद उस पर अनेक गोलियां चलाई गईं। दूसरी ओर पुलिस का पक्ष इससे भिन्न है। इस परस्पर विरोधी दावों के कारण सत्य का निर्धारण केवल एक स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय जांच से ही संभव है।

यदि कोई व्यक्ति आत्मसमर्पण कर चुका हो, तो उसके जीवन की सुरक्षा राज्य की संवैधानिक एवं विधिक जिम्मेदारी बन जाती है। ऐसी स्थिति में उसके विरुद्ध घातक बल का प्रयोग, यदि सिद्ध होता है, तो यह केवल एक आपराधिक प्रश्न नहीं बल्कि मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का विषय होगा।

भारत का संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। हमारे लोकतंत्र में किसी व्यक्ति का अपराध सिद्ध करना और उसे दंडित करना केवल न्यायालय का अधिकार है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराध की जांच करना तथा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है; दंड देना पुलिस का नहीं, न्यायपालिका का कार्य है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि आत्मसमर्पण के बाद भी किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो यह केवल एक व्यक्ति की मौत का मामला नहीं, बल्कि विधि के शासन और मानवाधिकारों से जुड़ा गंभीर प्रश्न है।

शिकायत में आयोग से घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, बॉडी-वॉर्न कैमरा रिकॉर्डिंग, मोबाइल वीडियो, वायरलेस लॉग, मेडिकल अभिलेख, फॉरेंसिक साक्ष्य और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश देने का अनुरोध भी किया गया है, ताकि जांच के दौरान किसी प्रकार की साक्ष्य से छेड़छाड़ की आशंका न रहे।

शिकायतकर्ता ने कहा कि इस मामले में सत्य सामने आना न केवल मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक है, बल्कि न्याय व्यवस्था, संविधान और विधि के शासन में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मामले को लेकर विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग की गई है तथा राज्य सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश भी दिए हैं।

मोहम्मद अनसार खाँ ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को पूर्वाग्रहवश दोषी ठहराना नहीं, बल्कि संभावित मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराना है। उन्होंने आयोग से मामले में हस्तक्षेप कर जांच की निगरानी करने का आग्रह किया है, ताकि न्याय केवल किया ही न जाए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी दे।

# आरटीआई मामलों में बिहार सूचना आयोग की बड़ी कार्रवाई, पूर्व प्राचार्य पर 50 हजार का जुमार्ना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पटोरी/दरभंगा। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी के दो मामलों में बिहार सूचना आयोग ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंगीभूत ए.एन.डी. कॉलेज, शाहपुर पटोरी (समस्तीपुर) के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं तत्कालीन लोक सूचना पदाधिकारी डॉ. जय शंकर प्रसाद पर कुल 50 हजार का अर्थदंड लगाया है। आयोग ने दोनों मामलों में अलग-अलग 25-25 हजार का जुमार्ना अधिरोपित किया है।

जानकारी के अनुसार, ये दोनों मामले राष्ट्रीय आरटीआई एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अंसार खान द्वारा दायर किए गए थे। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत मांगी गई सूचनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध नहीं कराई गईं। साथ ही तत्कालीन लोक सूचना पदाधिकारी अपने वैधानिक दायित्वों के निर्वहन के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने में असफल रहे। इसके बाद आयोग ने आरटीआई अधिनियम की धारा 20(1) के तहत दंडात्मक कार्रवाई करते हुए दोनों मामलों में अर्थदंड लगाया।

बताया जाता है कि ए.एन.डी. कॉलेज, शाहपुर पटोरी से जुड़े वित्तीय मामलों, खरीद प्रक्रिया, प्रशासनिक पारदर्शिता तथा सार्वजनिक धन के उपयोग से संबंधित चार अन्य आरटीआई मामले भी वर्तमान में बिहार सूचना आयोग में विचाराधीन हैं। इन मामलों में मांगी गई सूचनाएं कॉलेज के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों से जुड़ी हैं और उनकी सुनवाई जारी है।

इस संबंध में मोहम्मद अंसार खान ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम केवल सूचना प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सार्वजनिक संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक प्रभावी कानूनी उपकरण है। उन्होंने कहा कि आयोग का यह निर्णय उन सभी लोक सूचना पदाधिकारियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, जो सूचना उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतते हैं अथवा अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करते।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को लक्ष्य बनाना नहीं, बल्कि सार्वजनिक संस्थानों में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। यदि कहीं वित्तीय अनियमितताएं या प्रक्रियागत कमियां हैं, तो उन्हें वैधानिक प्रक्रिया के तहत उजागर किया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि लंबित मामलों में भी आयोग तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय देगा।

# पटना के दानापुर में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

## नप और छावनी प्रशासन ने मुक्त कराईं सड़कें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को दानापुर नगर परिषद और छावनी परिषद ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस 'टाउन क्लीन ऑपरेशन' के तहत दोनों प्रशासनिक इकाइयों ने बुलडोजर का इस्तेमाल कर सड़कों के किनारे किए गए अवैध कब्जों को ध्वस्त किया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) रवि कुमार के नेतृत्व में नप की टीम ने गोला रोड पेट्रोल



पंप से टी-प्वाइंट (गोला रोड मोड़) तक सघन अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे बनी स्थायी और अस्थायी झोपड़ियों, गुमटियों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। सड़क पर अवैध रूप से रखी गई दुकानों का सामान जब्त कर ट्रैक्टर में लादकर हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों से कुल 18 हजार रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं, दूसरी ओर छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी वरुण कुमार की देखरेख में बलदेव स्कूल से लेकर सदर बाजार और थाना मोड़ तक सघन सफाई अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे सामान रखकर सड़क को काफी संकीर्ण बना दिया था, जिससे पैदल राहगीरों और वाहनों के लिए आवागमन दूभर हो गया था। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिलाधिकारी और आयुक्त के सख्त निर्देशों के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी ने बताया कि इससे पहले भी 20 दिसंबर को अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, लेकिन दोबारा कब्जा कर लिए जाने के कारण आज पुनः बुलडोजर चलाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर नगर प्रबंधक, सफाई निरीक्षक, अमीन सहित भारी संख्या में पुलिस बल और छावनी परिषद के कर्मचारी मौजूद थे। इस कार्रवाई से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

# पटना के दुल्हिन बाजार में चोरों का आतंक एक ही रात में दो सरकारी स्कूलों को बनाया निशाना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड में चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए एक ही रात में दो सरकारी विद्यालयों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने मध्य विद्यालय रकसिया और प्राथमिक विद्यालय भद्सारा-भलुआँ में धावा बोलकर लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। एक के बाद एक विद्यालयों में हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय ग्रामीणों और शिक्षकों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है।




प्राथमिक विद्यालय भद्सारा-भलुआँ में चोरों ने चारदीवारी फांदकर प्रवेश किया और स्कूल की दीवारों से बिजली की महंगी वायरिंग उखाड़ ले गए। वहीं, मध्य विद्यालय रकसिया में चोरों ने और भी बड़ा नुकसान पहुँचाया। वे परिसर में लगे सबमर्सिबल पंप की मोटर खोलकर ले गए और बिजली के तारों को काटकर पूरे सिस्टम को ध्वस्त कर दिया। घटना स्थल पर नशीले पदार्थों के अवशेष मिलने से यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया और काफी देर तक परिसर में मौजूद रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, दो दिन पूर्व ही दुल्हिन बाजार स्थित जीआईडी स्कूल में भी इसी तरह से सबमर्सिबल मोटर चोरी कर ली गई थी। जांच में यह सामने आया है कि गिरोह पहले बिजली के खंभों पर चढ़कर स्कूल की मुख्य आपूर्ति काट देता है, ताकि अंधेरे का लाभ उठाकर चोरी को अंजाम दिया जा सके। यह स्पष्ट है कि चोर शातिर और संगठित तरीके से काम कर रहे हैं। विद्यालय प्रशासन की शिकायत पर स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इन वारदातों में स्मैकियर गिरोह की संलिप्तता की आशंका है। उन्होंने कहा की घटनास्थल की जांच की जा रही है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं ने विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और स्कूलों की सुरक्षा पुख्ता करने की मांग की है।

# पटना में सोशल मीडिया और न्यूज पोर्टल की खबर का असर लापता भाई-बहन सकुशल बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सोशल मीडिया की ताकत और जन-सहयोग ने एक बार फिर एक परिवार की खुशियां लौटा दी हैं। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के ढेलवा गांव से शनिवार शाम से लापता हुए दो मासूम भाई-बहन आखिरकार सकुशल अपने घर पहुँच गए हैं। बच्चों की बरामदगी में न्यूज पोर्टल और सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों की अहम भूमिका रही। मिली जानकारी के अनुसार, 11 वर्षीय अनुष्का कुमारी और 10 वर्षीय आरुश कुमार शनिवार की शाम स्कूल बैग और किताबों के साथ घर से निकले थे, जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। अचानक बच्चों के गायब होने से उनकी मां खुशबू देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने रामकृष्ण नगर थाने में इसकी सूचना दी और बच्चों को खोजने की गुहार लगाई थी। खोजबीन के दौरान पता चला कि दोनों बच्चे रास्ता भटक कर घर से काफी दूर भूपतिपुर इलाके में पहुँच गए थे। वहां बच्चों को रोते हुए देख एक स्थानीय महिला ने उन्हें अपने पास सुरक्षित रखा और उनकी देखभाल की। सोमवार की सुबह जब सोशल मीडिया और विभिन्न न्यूज पोर्टल्स पर बच्चों के लापता होने की खबर वायरल हुई, तो



स्थानीय लोगों ने तुरंत पहचान कर परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य भूपतिपुर पहुँचे और बच्चों को सकुशल घर ले आए। बच्चों को सही-सलामत वापस पाकर मां खुशबू देवी की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित खोजने में मदद करने वाले स्थानीय लोगों, मीडिया और सोशल मीडिया का आभार व्यक्त किया। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समय पर प्रसारित की गई खबर और आम जनता की सतर्कता न केवल समाज में जागरूकता फैलाती है, बल्कि कई परिवारों को बड़ी अनहोनी से बचाने में भी निर्णायक भूमिका निभाती है। क्षेत्र में बच्चों के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है।

# पटना के बिहटा में तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहटा-खगौल मुख्यमार्ग स्थित कन्हौली बाजार में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक तेज रफ्तार हाईवा डंपर लेकर फरार होने में कामयाब रहा। मृतक की पहचान नेउरा थाना क्षेत्र के नेउरागंज निवासी 56 वर्षीय अरुण कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अरुण कुमार गुप्ता किसी व्यक्तिगत कार्य से कन्हौली बाजार आए थे। अपना काम निपटाकर वे स्कूटी से वापस अपने घर नेउरागंज लौट रहे थे। इसी दौरान, जैसे ही वे कन्हौली स्थित एसबीआई बैंक के समीप पहुंचे, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित हाईवा डंपर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अरुण कुमार गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा और निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार



को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त किया और सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य में लगे हाईवा डंपर के चालक की लापरवाही के कारण ही यह जानलेवा हादसा हुआ है। लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों की गति पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी चालक पर सख्त कार्रवाई हो। सूचना मिलते ही बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम खुलवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हाईवा और उसके चालक की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि परिजनों से आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नेउरागंज गांव में इस घटना से शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

# नबीनगर से दो कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना क्षेत्र के दमड़ी बिघा गांव से कुर्की वारंट में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार और एस आई राजू कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र बल




की टीम ने कार्रवाई करते हुए दमड़ी बीघा गांव निवासी भोला सिंह और भोला साव को दबोचा। दोनों पर कोर्ट से कुर्की वारंट जारी था और लंबे समय से फरारी काट रहे थे। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि दमड़ी बीघा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। दोनों आरोपियों को उनके घर से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार के बाद दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नवीनगर में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर( बिहार )भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले के विरोध में नवीनगर में सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। बसन बिगहा मोड़ से शुरू हुआ मार्च हाथों में मोमबत्तियां लिए बस स्टैंड चौक होते हुए बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरा। लोगों ने निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए नारेबाजी की।बस स्टैंड चौक पर सभा में वक्ताओं ने कहा




कि मुख्यमंत्री तक मामला पहुंच चुका है। बबली कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। विमल कुमार बबली, अरविंद पांडेय, अनुज सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पटना के मनेर में नशेड़ियों का आतंक, युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, पीएमसीएच रेफर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र के मुंजी टोला पुल के पास सोमवार की देर शाम नशे में धुत कुछ युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गंभीर स्थिति देखते हुए पीएमसीएच (PMCH) रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मुंजी टोला निवासी विजय राय का पुत्र महेश उर्फ धर्मेंद्र सोमवार देर शाम गांव के समीप पुल पर खड़ा था। इसी दौरान वहां तीन-चार की संख्या में युवक पहुंचे। अचानक उन युवकों ने महेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते उस पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों में से दो युवकों ने धारदार चाकू से महेश के चेहरे और शरीर पर कई वार किए। इस वीभत्स हमले में युवक के दो दांत भी टूट गए और वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। घायल महेश ने अस्पताल में होश में आने पर बताया कि हमलावर स्थानीय स्मैक के नशेड़ी हैं। उसने यह भी स्पष्ट किया कि उन लोगों से उसकी पूर्व में कोई दुश्मनी नहीं थी। बिना किसी कारण के अचानक हुए इस हमले ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है।घटना की सूचना मिलते ही मनेर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। घायल के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इलाके में बढ़ते नशे के कारोबार और इस तरह की हिंसक घटनाओं से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने जल्द ही सभी आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है।